संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें

13 मार्च 2026, शुक्रवार

पृष्ठ-10, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 162

Email-santalexpress20@gmail.com

## भारत की पाक को दो-टूक, परमाणु प्रसार के खराब रिकॉर्ड वाले न दें नसीहत

**नई दिल्ली।** भारत ने कनाडा के साथ हुए यूरेनियम समझौते पर पाकिस्तान के आपत्ति जताने को खारिज किया है और पड़ोसी को नसीहत दी है कि खराब रिकॉर्ड वाले को नसीहत देने का कोई हक नहीं हैं। वहीं भारत की साख हमेशा से बेदाग रही है और दुनिया भी यह मानती है। विदेश मंत्रालय की साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम इस मामले पर पाकिस्तान के बयान को खारिज करते हैं।



# विधायक ने सदन में उठाया 251 बर्खास्त अनुसेवकों का मामला



संताल एक्सप्रेस

**पलामू।** झारखंड विधानसभा सत्र के दौरान गुरूवार को विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने जिले के 251 चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों की सेवा समाप्ति के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। सदन में अपनी बात रखते हुए विधायक ने कहा कि इन कर्मचारियों की नियुक्ति विधिवत विज्ञापन और चयन प्रक्रिया के माध्यम से की गई थी और ये सभी कर्मचारी कई वर्षों से अपनी सेवा दे रहे थे। इसके बावजूद उनकी सेवा समाप्त कर दी गई, जिससे वे और उनके परिवार गंभीर आर्थिक और सामाजिक संकट का सामना कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि वर्षों तक सेवा देने के बाद अचानक नौकरी समाप्त कर देना इन कर्मचारियों के साथ अन्याय है। सरकार को इस मामले पर संवेदनशीलता के साथ विचार करना चाहिए और कर्मचारियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उचित निर्णय लेना चाहिए।विधायक ने सरकार से मांग किया कि 251 चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों को पुनः सेवा में बहाल किया जाए, ताकि उनके साथ न्याय हो सके और उनके परिवारों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि इन कर्मचारियों की नौकरी उनके परिवारों के जीवनयापन का एकमात्र साधन है, ऐसे में उनकी सेवा समाप्ति से पूरे परिवार का भविष्य संकट में पड़ गया है।विधायक ने सरकार से अपेक्षा जताई कि इस मामले पर गंभीरता से विचार करते हुए जल्द से जल्द सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।इधर, नौकरी से हटाए गए 251 चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों ने विधायक आलोक चौरसिया के प्रति आभार व्यक्त किया है। आभार प्रकट करने वालों में सुधाकर दुबे, संजीव पाण्डेय, हृदया नारायण पासवान, विवेका शुक्ला, अरुण कुमार, अरुण कुमार शुक्ला सहित अन्य के नाम शामिल हैं।

## धान छह लाख मीट्रिक टन लक्ष्य में अब तक केवल तीन लाख खरीद : अरूप चटर्जी



**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 12 वें दिन गुरुवार को विधायक अरूप चटर्जी ने विधानसभा में झारखंड में धान खरीद की धीमी रफ्तार का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि सरकार ने छह लाख मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य तय किया है, लेकिन अब तक केवल लगभग 3 लाख मीट्रिक टन ही खरीद हो सकी है।इस पर जवाब देते हुए मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर धान खरीद की अंतिम तिथि 31 मार्च से आगे बढ़ाई जाएगी। पहली बार राज्य सरकार किसानों को धान खरीद का वन टाइम भुगतान कर रही है। इस मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मार्च तक धान खरीद का लक्ष्य रखना बिचौलियों को फायदा पहुंचाने जैसा है। उन्होंने कहा कि बिहार सीमा से लगे इलाकों में धान की खरीद ज्यादा हो रहा है। वहीं कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य में 4408 पैक्स और लैंप्स हैं, लेकिन धान खरीद के लिए फिलहाल करीब 700 से 800 पैक्स का ही उपयोग किया जा रहा है। विधायक हेमलाल मुर्मू ने भी धान खरीद में प्रति क्विंटल 10 किलो कटौती करने का मुद्दा सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि यह किसानों के साथ अन्याय है और सरकार को इस पर स्पष्ट नीति बनानी चाहिए।

## विधायक जयराम ने सदन में उठाया बिजली आपूर्ति का मुद्दा



**रांची।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र के 12 वें दिन गुरुवार को डुमरी विधायक जयराम महतो ने सदन में बिजली आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कई जगह ट्रांसफार्मर जलने या तार खराब होने के बाद लंबे समय तक बिजली बहाल नहीं हो पाती। इससे आम लोगों को काफी परेशानी होती है।विधायक ने सरकार से शिकायत व्यवस्था और समय सीमा स्पष्ट करने की मांग की। जयराम महतो ने यह भी कहा कि उपभोक्ताओं को यह स्पष्ट नहीं होता कि ट्रांसफार्मर जलने, तार टूटने या अन्य तकनीकी खराबी की स्थिति में वे शिकायत कहां करें(साथ ही सरकार से जानना चाहा कि तय समय में काम नहीं होने पर अधिकारियों पर क्या कार्रवाई होती है। इस मुद्दे पर विपक्ष के सदस्यों ने भी जयराम महतो का समर्थन किया।विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि बिजली मुफ्त की व्यवस्था नहीं है, उपभोक्ता इसके लिए भुगतान करते हैं, इसलिए उनका अधिकार है कि उन्हें अच्छी बिजली सेवा मिले। उन्होंने कहा कि अगर ट्रांसफार्मर जल जाए तो उसे 24 घंटे के भीतर बदलने की व्यवस्था होनी चाहिए।मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने सदन में स्वीकार किया कि कई बार ट्रांसफार्मर जलने के बाद उसे बदलने में दिक्कत आती है। उन्होंने कहा कि विभाग में ट्रांसफार्मर की कमी होने के कारण समय पर उपलब्धता नहीं हो पाती, जिसके चलते देरी हो जाती है।जयराम महतो ने यह भी पूछा कि उपभोक्ता अपनी शिकायत आखिर कहां दर्ज कराएं। इसके जवाब में मंत्री ने कहा कि उपभोक्ता एग्जीक्यूटिव इंजीनियर और डिवीजन कार्यालय में शिकायत कर सकते हैं।साथ ही उन्होंने बताया कि गर्मी को देखते हुए विभाग जल्द ही एक टोल-फ्री नंबर भी जारी करेगा, ताकि लोग आसानी से बिजली संबंधी शिकायत दर्ज करा सकें।

## विधायक नवीन जायसवाल ने रजिस्ट्री पोर्टल नहीं खुलने का मुद्दा उठाया



**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 12 वें दिन गुरुवार को एक बार फिर विधायकों को कोऑपरेटिव सोसाइटी के माध्यम से जमीन उपलब्ध कराने से जुड़े रजिस्ट्री पोर्टल का मामला उठाया गया। विधायक नवीन जायसवाल ने वित्त मंत्री के आश्वासन के बावजूद रजिस्ट्री पोर्टल नहीं खुलने पर सदन में सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि मंत्री की ओर से दिए गए आश्वासन के तीन दिन पूरे हो चुके हैं। लेकिन अभी तक रजिस्ट्री पोर्टल शुरू नहीं किया गया है। इस पर संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि इस मामले में रांची के उपायुक्त से बातचीत की गई है। जांच में पता चला है कि कोऑपरेटिव सोसाइटी की कुछ जमीन पर अतिक्रमण हो गया है और कुछ जगहों पर जमीन की बंदोबस्ती भी कर दी गई है। मंत्री ने सदन को बताया कि पिछले 22-23 वर्षों से विधायकों को कोऑपरेटिव सोसाइटी के माध्यम से जमीन नहीं मिल पाई है।

# 15 हजार रुपए रिश्वत लेते एसआई को एसीबी ने दबोचा

संताल एक्सप्रेस

**हजारीबाग।** हजारीबाग से आई भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी की टीम ने गुरुवार को 15 हजार रुपये रिश्वत लेते चंदवारा थाना में पदस्थापित दारोगा पवन कुमार राम को गिरफ्तार किया। दारोगा पीड़ित प्रेम नायक से रिश्वल ले रहा था।इस दौरान पहले से मौजूद एसीबी की टीम ने उसे धर दबोचा। बताया जाता है कि चंदवारा थाना क्षेत्र में गत दिन अवैध शराब को लेकर हुई छापामारी व बरामदगी के मामले को मैनेज करने के नाम पर आरोपी पक्ष से पुलिस के द्वारा एक लाख रुपये की मांग की गई थी।इस मामले की जानकारी पीड़ित पक्ष ने जेकेएलएम के नेता प्रेम नायक को दी।इसके बाद इसकी शिकायत एसीबी हजारीबाग से की गई।एसीबी के कहे अनुसार गुरुवार को जैसे ही दारोगा को रिश्वत दी गई टीम ने उसे धर दबोचा।

# आठ हजार रुपये रिश्वत लेती महिला पंचायत सचिव गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस

**गुमला(ईएमएस)।**गुमला में एसीबी द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध मुहिम जारी है।इसी मुहिम के तहत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रांची ने गुरुवार को गुमला जिले के बिशुनपुर प्रखंड में बड़ी कार्रवाई की है। बिशुनपुर प्रखंड स्थित सेरका पंचायत की महिला पंचायत सचिव किरण कुसुम खलखो को एसीबी ने घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा है। एसीबी के अनुसार आठ हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पंचायत सचिव को पकड़ा गया है। जानकारी के अनुसार यह मामला बिशुनपुर प्रखंड के चट्टी सेरका पंचायत की है।गांव के 52 वर्षीय परमेश्वर सिंह को ग्राम सभा द्वारा कुआं मरम्मत कार्य की जिम्मेदारी दी गयी थी। कार्य पूरा होने के बाद बकाया राशि के भुगतान और फाइनल बिल पास करने के एवज में पंचायत सचिव किरण कुसुम खलखो द्वारा आठ हजार रुपये की मांग की जा रही थी। भ्रष्टाचार के आगे झुकने के बजाये परमेश्वर सिंह ने एसीबी की शरण ली। लिखित शिकायत दर्ज करायी।शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने गुप्त तरीके से मामले का सत्यापन कराया। आरोप सही पाये जाने पर गुरुवार को भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 की धारा 7(ए) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी।गुरुवार को एसीबी की एक विशेष टीम ने बिशुनपुर ब्लॉक में घूसखोर को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। जैसे ही पंचायत सचिव ने परमेश्वर सिंह से रिश्वत की राशि स्वीकार की।पहले से मुस्तैद टीम ने उन्हें रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।आरोपी को गिरफ्तार कर रांची ले जाने की प्रक्रिया चल रही है।इस गिरफ्तारी की खबर फैलते ही गुमला जिले के प्रशासनिक महकमे में अफरा-तफरी का माहौल है।अभी आरोपी महिला पंचायत सचिव से पूछताछ की जा रही है।

# पलामू में विषाक्त बुंदिया खाने से 150 लोग पड़े बीमार

संताल एक्सप्रेस

**पलामू।** पलामू के सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के बोहिता गांव में विषाक्त बुंदिया खाने से 150 लोग बीमार पड़ गए हैं। कुछ लोगों को इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर में भर्ती कराया गया है जबकि अधिकतर लोगों का इलाज गांव स्तर पर सरकारी स्कूल में अस्थायी कैंप में किया जा रहा है। पांकी, मनातू, तरहसी, लेस्लीगंज एवं सतबरवा स्वास्थ्य विभाग की टीम इलाज में जुटी हुई है। जिले के सिविल सर्जन डॉ अनिल श्रीवास्तव पूरे मामले पर नजर रख रहे हैं।बताया जाता है कि बुधवार को बोहिता गांव के एक घर से बारात निकलनी थी। इसके लिए प्रीति भोज का आयोजन किया गया था। पूड़ी बुंदिया खिलाया गया। प्रीति भोज



खाने के बाद कुछ लोग बारात चले गए, जबकि अधिकतर लोग घर रह गए। जो घर पर थे अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। सभी को दस्त होने लगा। रात्रि में उनका इलाज किया गया। गुरुवार को बारात से लौटे बाराती भी बीमार हो गए। उन्हें भी कै दस्त होने लगा। चक्कर आने लगा।घटना की जानकारी मिलने पर राज्य दिशा समिति के सदस्य अवधेश सिंह चेरो ने मामले की जानकारी जिले के सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल श्रीवास्तव को दी। सिविल सर्जन गुरूवार दोपहर गांव में पहुंचे और अस्थाई चिकित्सा कैंप लगाया। सभी का इलाज शुरू हुआ। जिनकी स्थिति गंभीर बनी हुई थी उन्हें इलाज के लिए एमएमसीएच में भेजा। एक अनुमान के अनुसार 150 के करीब लोग आक्रांत हैं, जिसमें छोटे बच्चे से लेकर बूढे तक शामिल हैं।जिले के सिविल सर्जन ने बताया कि बारात जाने से पूर्व ग्रामीणों ने पूड़ी और बुंदिया खाया था। बुंदिया ज्यादा खाने से उन्हें फूड प्वाइजनिंग हुआ है। फूड इंस्पेक्टर को सैंपल लेने और उसकी जांच रिपोर्ट जल्द देने का निर्देश दिया गया है, ताकि विषाक्त होने की जानकारी स्पष्ट हो सके। दवा-स्टाफ की कोई कमी नहीं है।तीन प्रखंड की मेडिकल टीम यहां लगाई गई है। सुविधानुसार लेस्लीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और एमएमसीएच भेजा जाएगा। एमएमसीएच में स्टाफ का डेपुटेशन किया गया है।

# झामुमो परिवार लगातार बढ़ रहा : विनोद पांडेय

संताल एक्सप्रेस

**रांची(ईएमएस)।** झामुमो महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने गुरुवार को कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय कार्यालय में कोडरमा की पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सह झामुमो नेत्री शालिनी गुप्ता एवं उनके समर्थकों के साथ औपचारिक मुलाकात हुई। पिछले दिनों पार्टी की सदस्यता लेने के उपरांत उनके साथ इस मुलाकात में संगठन को मजबूत करने की दिशा में सार्थक चर्चा हुई। इस अवसर पर कई लोगों ने झामुमो की सदस्यता ली। सभी का झामुमो परिवार में हार्दिक स्वागत और जोहार।

कोडरमा जिला के कार्यकताओं द्वारा मिले सम्मान के लिए हार्दिक



धन्यवाद और आभार। झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार लगातार बढ़ रहा है।मुख्यमंत्री के नेतृत्व में झारखंड को विकसित बनाने के लिए झामुमो का हरेक कर्मठ कार्यकर्ता संकल्पित है।

# गिरिडीह, धनबाद और जामताड़ा जिलों के लगभग 37 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराएंगे : हफीजुल हसन

संताल एक्सप्रेस

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान जल संसाधन विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा करते हुए मंत्री हफीजुल हसन ने सरकार का पक्ष रखते हुए विभाग की उपलब्धियों और आगामी योजनाओं की विस्तृत जानकारी सदन में दी। उन्होंने वित्त वर्ष 2025-26 में किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित नई योजनाओं का भी विवरण रखा।।कटौती प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान मंत्री ने विपक्ष के आरोपों का भी जवाब दिया। भाजपा विधायक द्वारा उठाए गए गुमशुदा बांध÷ के मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए



उन्होंने कहा कि जो काम पिछले 50 वर्षों में नहीं हुआ, उसे सरकार पांच वर्षों में पूरा करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि केवल भाषण देने से विकास कार्य नहीं होते, बल्कि योजनाओं के लिए औपचारिक अनुशंसा और पत्राचार भी आवश्यक होता है।मंत्री ने आगामी वर्ष के लिए कई महत्वपूर्ण सिंचाई योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि बाल पहाड़ी गांडे मेगा सिंचाई योजना से गिरिडीह, धनबाद और जामताड़ा जिलों के लगभग 37 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा खूंटी जिले के अड़की और मुरहू प्रखंडों के लिए चारा उल्हा पाइपलाइन सिंचाई योजना पर भी काम किया जाएगा। सिमडेगा में हैपाला मेगा योजना तथा पूर्वी सिंहभूम में पटमदा-बोड़ाम मेगा सिंचाई योजना को भी आगे बढ़ाने की योजना है। उन्होंने बताया कि सिकिया और मसलिया योजनाओं के पहले चरण का लगभग 95 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है।वित्त पोषण के मुद्दे पर मंत्री ने केंद्र सरकार पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पहले बड़ी सिंचाई योजनाओं में केंद्र की हिस्सेदारी अधिक होती थी, लेकिन अब राज्य सरकार को अपेक्षाकृत अधिक आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है।अपने संबोधन के अंत में मंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य किसानों की समृद्धि और राज्य का समग्र विकास है। उन्होंने कहा कि जल बचेगा तो कल सजेगा और हर खेत में हरियाली लाने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

# शादी समारोह से लौट रहे बारह वर्षीय बच्चे की सड़क हादसे में मौत

**बोकारो।** चास के सोलागिडीह स्थित संत निरंकारी भवन के पास बुधवार देर रात सड़क हादसे में 12 वर्षीय बच्चे रघुवर की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि रघुवर अपने माता-पिता के साथ शादी समारोह से लौट रहा था। इसी दौरान सड़क दुर्घटना में उसकी मौत हो गई।घटना की सूचना मिलने के बाद गुरुवार सुबह करीब 5 बजे परिजन और ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। इसके बाद मुआवजे की मांग को लेकर आक्रोशित लोगों ने चास-धनबाद मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। जाम के कारण सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात प्रभावित हो गया।सड़क जाम की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों की ओर से परिजनों और ग्रामीणों के साथ वार्ता की जा रही है। फिलहाल वार्ता जारी है और प्रशासन के अधिकारी लोगों को समझाने का प्रयास कर रहे है।

# प्रख्यात साहित्यकार डॉ. शकुंतला मिश्रा को मिलेगा गिरधारी राम गौंझू स्मृति सम्मान

**रांची(ईएमएस)।** हिंदी, क्षेत्रीय एवं जनजातीय भाषा-संस्कृति के संवर्धन और संरक्षण हेतु समर्पित संस्था झारखंड साहित्य अकादमी स्थापना संघर्ष समिति ने वर्ष 2026 के अपने प्रतिष्ठित स्मृति सम्मानों की घोषणा कर दी है। समिति ने इस वर्ष का प्रतिष्ठित पद्मश्री डॉक्टर गिरधारी रामगंज जो स्मृति सम्मान-2026 प्रख्यात नागपुरी लेखिका, समीक्षक, उपन्यासकार डॉ. शकुंतला मिश्र को देने का निर्णय लिया है।चयन एवं निर्णय समिति की त्रिसदस्यीय निर्णायक मंडली–शिरोमणि महतो (अध्यक्ष), नीरज नीर (सचिव) और विनोद राज ने सर्वसम्मति से डॉ. मिश्र के नाम पर मुहर लगाई। समिति के अनुसार, डॉ. मिश्र ने साहित्य सृजन और अकादमिक गतिविधियों के माध्यम से नागपुरी भाषा को समृद्ध करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। उनके दीर्घकालिक और महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए आगामी मार्च माह में आयोजित होने वाले एक भव्य समारोह में उन्हें इस सम्मान से नवाजा जाएगा।झारखंड के गुमला जिला अंतर्गत कदमटोली में जन्मी डॉ. शकुंतला मिश्र के पिता स्व. जोगेश्वर मिश्र एवं माता श्रीमती जगतारिणी मिश्र हैं। बचपन से ही साहित्यिक वातावरण में पली-बढ़ीं डॉ. मिश्र की मातृभाषा नागपुरी रही है, जिसके प्रति उनके मन में विशेष अनुराग रहा। उन्होंने ऐसे समय में नागपुरी भाषा को अपनी उच्च शिक्षा का माध्यम बनाया, जब इस भाषा में अध्ययन के अवसर सीमित थे।

# हाईवा की चपेट में आया बाइक ससुर और दामाद की मौत

**कोडरमा।** कोडरमा थाना अंतर्गत कोडरमा गिरिडीह मुख्य मार्ग पर नगरखारा के समीप गुरुवार को एक सड़क हादसे में ससुर और दमाद की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान नवलशाही निवासी 62 वर्षीय दिनेश्वर ठाकुर और उनके दामाद गिरिडीह के चिलगा गांव निवासी 35 वर्षीय सचिन ठाकुर के रूप में की गई है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गिट्टी लदा एक हाईवा डोमचांच से कोडरमा की ओर आ रहा था। वहीं उस हाईवा के ठीक पीछे से एक बाइक पर सवार होकर दिनेश्वर ठाकुर तथा उनके दामाद सचिन ठाकुर कोडरमा की ओर आ रहे थे। इसी दौरान नगरखारा के समीप बाइक सवार ने हाईवा से ओवरटेक करने का प्रयास किया। इसी बीच बाइक सवार हाईवा की चपेट में आ गया और बाइक हाईवा में ही फंसा रह गया। इस दौरान बाइक के हाईवा में फंस जाने के कारण करीब 100 मीटर तक हाईवा उक्त बाइक व उस पर सवार दोनों लोगों को घसीटते हुए जलवाबाद तक पहुंच गया। इस दौरान बाइक सवार दोनों लोगों के शरीर के चिथड़े उड़ गए और उनके शरीर के कई टुकड़े सड़क पर बिखर गए।घटना के बाद आसपास के लोग काफी संख्या में जुटे। इसकी सूचना मिलते ही थाना प्रभारी दलबल के साथ पहुंचे। पुलिस ने हाईवा चालक और उपचालक को हिरासत में ले लिया है, वहीं उक्त हाईवा को जब्त कर लिया है। इधर घटना की सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से नवलशाही तक पहुंची। जिसके पश्चात दिनेश्वर ठाकुर के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और मृतक के कपड़ो तथा बाइक से उनकी शिनाख्त की। पुलिस ने दोनों शवों को अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेजा है।

# झारखंड में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की तैयारी तेज, राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील

संताल एक्सप्रेस

**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार झारखंड में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इस संबंध में झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विस्तृत जानकारी साझा की।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि राज्य में मतदाता सूची के पिछले गहन पुनरीक्षण के आधार पर वर्तमान मतदाताओं की मैपिंग का कार्य किया जा रहा है। पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं को इन्यूमेरेशन फॉर्म उपलब्ध कराएंगे और भरे हुए



फॉर्म को संग्रहित भी करेंगे। इसके साथ ही प्रत्येक घर पर बीएलओ द्वारा एक स्टीकर लगाया जाएगा, जिसमें घर की संख्या, बीएलओ का नाम और संपर्क नंबर अंकित रहेगा, ताकि नागरिक आसानी से उनसे संपर्क कर सकें।उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रह जाए।बैठक में राजनीतिक दलों से अपील की गई कि वे सभी मतदान केंद्रों पर अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की नियुक्ति में तेजी लाएं और उन्हें पुनरीक्षण प्रक्रिया से संबंधित प्रशिक्षण भी दिलाएं, ताकि जमीनी स्तर पर बीएलओ के साथ समन्वय बनाकर कार्य किया जा सके।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने यह भी बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर एब्सेंट, शिफ्टेड, डेथ और डुप्लीकेट मतदाताओं से संबंधित सूची बीएलओ द्वारा बीएलए से प्रमाणित कर प्रकाशित की जाएगी। इसके अलावा इन्यूमेरेशन फॉर्म, ड्राफ्ट प्रकाशन, एएसडीडी सूची, अधिसूचना और सुनवाई की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई तथा राजनीतिक दलों के सुझावों पर चर्चा की गई।बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, प्रशिक्षण के नोडल पदाधिकारी देव दास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# स्कूटी दुर्घटनाग्रस्त, दो युवकों की मौत

**चाईबासा।** जिले के चक्रधरपुर बाईपास स्थित भोया गांव के पास गुरुवार को हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और मातम का माहौल है।जानकारी के अनुसार मृतकों की पहचान सिदीयू हाईबुरु (35) और मनोज लुगुन उर्फ मिलन (30) के रूप में हुई है।बताया जा रहा है कि दोनों युवक बुधवार को मागे पर्व मनाने के लिए अपने एक रिश्तेदार के घर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जानमबेड़ा गांव गए थे। पर्व में शामिल होने के बाद गुरुवार को वे स्कूटी से अपने घर गुटाई लौट रहे थे।इसी दौरान सुबह में चक्रधरपुर बाईपास के भोया गांव के पास कलभट्ट पुलिया के समीप उनकी स्कूटी अचानक अनियंत्रित हो गई और पुलिया से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक स्कूटी सहित नीचे खेत में जा गिरे।घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के मुताबिक मनोज लुगुन उर्फ मिलन की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि गंभीर रूप से घायल सिदीयू हाईबुरु को ग्रामीणों की मदद से अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसने भी दम तोड़ दिया।सूचना मिलने पर ओपी थाना प्रभारी मेघनाथ मंडल घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।थाना प्रभारी मेघनाथ मंडल ने बताया कि पूरे मामले की जांच में की जांच की जा रही है।

# बेकारबांध में युवकों के दो गुटों में जमकर चली लाठियां, दो घायल

**धनबाद(ईएमएस)।**धनबाद में कानून-व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए युवकों के दो गुटों के बीच सरेराह खूनी संघर्ष का मामला सामने आया है। धनबाद सदर थाना क्षेत्र के बेकारबांध इलाके में गुरुवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब दर्जनों युवकों ने लाठी-डंडों से एक-दूसरे पर हमला बोल दिया। इस हिंसक झड़प में दो युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।पूरा मामला आपसी रंजिश और कल हुई एक मारपीट का बदला लेने से जुड़ा है। जानकारी के अनुसार, बेकारबांध निवासी धर्मेंद्र कुमार बीते कल जियोमार्ट में काम के सिलसिले में गया था। वहां मौजूद वेंडरों ने उसका विरोध किया और बात बढ़ने पर करण नाम के एक वेंडर ने धर्मेंद्र की बेरहमी से पिटाई कर दी थी।कल की इसी टीस को लेकर गुरुवार को जब धर्मेंद्र ने बेकारबांध के समीप करण को रोककर पुरानी मारपीट के बारे में पूछताछ की, तो दोनों के बीच तीखी कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि करण ने फोन कर अपने 20 से 25 साथियों को मौके पर बुला लिया।जियोमार्ट में काम करने वाले ये युवक लाठी-डंडों से लैस होकर पहुंचे और धर्मेंद्र पर टूट पड़े।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सरेआम सड़क पर लाठियां बरसती रहीं और लोग दहशत में इधर-उधर भागने लगे।

# मरीज की मौत के बाद हंगामा बकाया बिल के लिए रोका गया शव

**धनबाद(ईएमएस)।**धनबाद के असर्फी अस्पताल में गुरुवार को एक मरीज की मौत के बाद जमकर हंगामा हुआ।मृतक की पहचान डिगावाडीह निवासी संजीत सिंह उर्फ गुड्डू सिंह के रूप में हुई है। घटना के बाद अस्पताल परिसर में काफी देर तक अफरा-तफरी और तनाव का माहौल बना रहा।जानकारी के अनुसार संजीत सिंह करीब आठ दिन पहले अपने घर में सीढ़ी से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए असर्फी अस्पताल में भर्ती कराया था।जहां पिछले आठ दिनों से उनका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान गुरुवार को उनकी हालत अचानक बिगड़ गई और डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।मरीज की मौत के बाद अस्पताल प्रबंधन और परिजनों के बीच बकाया बिल को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया।आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने बकाया राशि जमा नहीं होने तक शव देने से इनकार कर दिया। इस बात से नाराज परिजनों ने अस्पताल परिसर में हंगामा शुरू कर दिया।मामले की सूचना मिलने के बाद धनबाद के मेयर संजीव सिंह अस्पताल पहुंचे और स्थिति को शांत कराने का प्रयास किया। मेयर ने अस्पताल प्रबंधन और परिजनों के साथ बैठक कर पूरे मामले पर बातचीत की।

# झारखंड स्टेट बार काउंसिल चुनाव में अधिवक्ताओं ने किया मतदान

**देवघर।** झारखंड स्टेट बार काउंसिल चुनाव को लेकर गुरुवार को देवघर अधिवक्ता संघ सभागार में मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। सुबह 10 बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई। सुबह से ही अधिवक्ता अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए कतार में खड़े नजर आए। मतदान से पहले अधिवक्ताओं का सत्यापन किया गया, जिसके बाद उन्हें मतदान करने की अनुमति दी गई।देवघर में मतदान के लिए दो बूथ बनाए गए थे। पूरे दिन अधिवक्ता क्रमवार मतदान करते रहे। सुरक्षा और पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्था की गई थी, जिसके कारण मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हुई।झारखंड स्टेट बार काउंसिल के चुनाव के लिए राज्य के सभी जिलों में मतदान की व्यवस्था की गई थी। गिरिडीह स्थित जिला अधिवक्ता संघ भवन में भी जिले के अधिवक्ताओं ने उत्साह के साथ मतदान किया। वहां करीब 610 मतदाता हैं, जिन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।इस चुनाव में स्टेट बार काउंसिल के 25 पदों के लिए कुल 100 प्रत्याशी मैदान में हैं। देवघर से अमर सिंह, ललित यादव और दिलीप सिंह सहित कई प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मतपेटियों में बंद हो गया है।

# धारदार हथियार से हमला कर युवक की हत्या

**रांची।** रांची के तमाड़ थाना क्षेत्र के कोकोडीह गांव निवासी कमलेश महतो (युवक) की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई। प्रारंभिक जांच में प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया है।सूत्रों के अनुसार, कमलेश महतो एक शादी समारोह से लौट रहा था। तभी पहले से घात लगाए अपराधियों ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में तमाड़ थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें

13 मार्च 2026, शुक्रवार

मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 162

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

## किसानों के खाते में आज आएंगे 2000 रुपये

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार 13 मार्च को देशभर के करोड़ों किसानों को सौगात देने जा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी असम की राजधानी गुवाहाटी से किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त जारी करेगी। देशभर के 9 करोड़ 23 लाख से अधिक किसानों के खाते में डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर के जरिए 2-2 हजार रुपये भेजे जाएंगे।

# लोकसभा में एलपीजी गैस मामले को लेकर जोरदार हंगामा

## राहुल गांधी और पेट्रोलियम मंत्री आमने-सामने



**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** लोकसभा में गुरुवार को एलपीजी संकट को लेकर जोरदार हंगामा देखने को मिला। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने देश में गैस सिलेंडर की कथित कमी और ऊर्जा सुरक्षा का मुद्दा उठाया, जिस पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हस्तक्षेप करना पड़ा और उन्होंने राहुल गांधी को नोटिस में दिए गए विषय तक सीमित रहने को कहा।

सदन में बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा, कि देश में एलपीजी संकट की स्थिति बनती दिख रही है। उन्होंने कहा, अभी तो दर्द की शुरुआत हुई है। कई रेस्टोरेंट बंद हो रहे हैं, सड़क किनारे के विक्रेता प्रभावित हो रहे हैं और एलपीजी को लेकर लोगों में घबराहट है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी देश की मजबूत नींव उसकी ऊर्जा सुरक्षा होती है और इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि यदि अमेरिका यह तय करे कि भारत रूस से तेल या गैस खरीद सकता है या नहीं, तो यह स्थिति समझ से परे है। इसी दौरान उन्होंने एक अन्य विवादित मुद्दे का जिक्र करते हुए कहा कि तेल मंत्री खुद किसी समय एपस्टीन को अपना दोस्त बता चुके हैं। इस टिप्पणी के बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया।

हंगामा देख स्पीकर ओम बिरला ने तुरंत हस्तक्षेप करते हुए राहुल गांधी से कहा कि वे केवल उसी विषय पर बोलें, जिसके लिए उन्होंने नोटिस दिया है। उन्होंने कहा कि यदि किसी अन्य मुद्दे पर चर्चा करनी है तो उसके लिए अलग से नोटिस देना होगा। इसके बाद विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी शुरू कर दी।


हंगामे के बीच स्पीकर ने पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी को जवाब देने के लिए आमंत्रित किया। पुरी ने कहा कि देश में एलपीजी, पेट्रोल या डीजल की कोई कमी नहीं है और विपक्ष अनावश्यक रूप से माहौल बना रहा है। उन्होंने बताया कि भारत के पास पर्याप्त कच्चे तेल का भंडार है और कई स्रोतों से ईंधन की आपूर्ति जारी है। पुरी ने कहा कि भारत को कनाडा, नॉर्वे और रूस से ईंधन मिल रहा है। इसके अलावा एलपीजी उत्पादन में करीब 28 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। उन्होंने बताया कि वैकल्पिक ईंधन चैनलों को सक्रिय कर दिया गया है और देशभर में सीएनजी की आपूर्ति भी सामान्य रूप से जारी है।

मंत्री ने कहा कि घबराहट के कारण लोगों ने ज्यादा बुकिंग कर दी है, जिससे मांग अचानक बढ़ गई है। सरकार ने स्थिति पर नजर रखने के लिए तीन मंत्रियों की एक समिति भी बनाई है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि देश ऐसे हालात से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

वहीं स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि संसद नियमों के अनुसार ही चलेगी और बिना नोटिस के किसी अन्य मुद्दे पर चर्चा करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि ÷संसद में किसी को भी विशेष अधिकार नहीं है, सभी को नियमों का पालन करना होगा।÷

# साहिबगंज में अधिकारी ने गबन किया एक करोड़ का अनाज विधानसभा के चलते सत्र में सरकार ने किया निलंबित

## नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सरकार से की थी कार्रवाई की मांग





**संवाददाता**

**रांची ।** साहिबगंज के गरीबो के अनाज को अपना अनाज समझने वाले सहकारिता पदाधिकारी पर बड़ी कार्रवाई की गई है। विधानसभा के बीच में निलंबित कर दिया गया साथ ही केस दर्ज कर आगे कि कार्रवाई शुरू कि गई है। दरअसल यह मामला साहिबगंज के पथना प्रखंड से जुडा मामला है। ध्यान रहे कि सदन में दो दिन पूर्व इस घोटाले कि जानकारी नेता प्रतिक्ष बाबूलाल मरांडी ने उठाया था। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सरकार से कार्रवाई कि मांग कि थी। जिसके बाद सदन में आश्वासन दिया गया था कि चलते सदन में जाँच कर अधिकारी पर कार्रवाई कि जाएगी। जिसके बाद गुरूवार को सदन में संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सुचना दी कि अधिकारी को निलंबित कर दिया गया। मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन को जानकारी देते हुए बताया कि आदिम जनजाति के बीच वितरण होने वाले खाद्यान का वितरण नहीं किया गया। जिसके बाद सहकारिता विभाग के सचिव को जाँच कर रिपोर्ट कि मांग कि गई, जिसमें मामला सही पाया गया।

## ....जब सत्ता पक्ष की विधायक कल्पना मुर्मू ने सरकार को घेरा



**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में आज सदन का माहौल बदल गया, जब सत्ता पक्ष की सबसे प्रभावशाली महिला विधायक कल्पना सोरेन ने ही सरकार को घेरा। समय सदन के प्रश्नकाल का था। झामुमो विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन का एक अल्प सूचित प्रश्न कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के लिए था। सवाल गंभीर था । मंत्री के पास उसका जवाब रटा रटाया था। झारखंड के किसानों के कृषि उत्पादों की गुणवत्ता जांच के लिए राज्य के दो दो हवाई अड्डों में गुणवत्ता जांच की प्रयोगशाला क्यों नहीं है ? सरकार ने इस दिशा में अब तक क्या किया है ? झारखंड के किसानों के कृषि उत्पादों की गुणवत्ता जांच के बगैर कैसे निर्यात किया जा सकता है ? राज्य सरकार इस दिशा में केंद्र सरकार से बात कर क्यों नहीं गुणवत्ता प्रयोगशाला की स्थापना करने की दिशा में आगे बढ़ी ? इन सवालों को जूझते हुए कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बहुत साधारण सा जवाब दिया कि सरकार ने केंद्र को प्रस्ताव भेजा है। किसानों की जरूरत के लिए राज्य सरकार यह प्रयोगशाला उपलब्ध कराएगी। सदन में सत्तारूढ़ दल की सबसे प्रभावशाली विधायक के अंदाज को देखकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्य भौंचक थे

## आवश्यकता पड़ने पर धान खरीद की अंतिम तिथि 31 मार्च से आगे बढ़ाएंगे : डॉ इरफान

**रांची।** विधानसभा में धान खरीद की धीमी रफ्तार को लेकर सदन में चर्चा हुई। इस दौरान मंत्री इरफान अंसारी ने सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि आवश्यकता पड़ने पर धान खरीद की अंतिम तिथि 31 मार्च से आगे बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पहली बार किसानों को धान खरीद का वन टाइम भुगतान कर रही है, जिससे किसानों को भुगतान की प्रक्रिया पहले से अधिक सरल हुई है। मंत्री ने बताया कि सरकार ने 6 लाख मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया है, लेकिन अब तक लगभग 3 लाख मीट्रिक टन ही खरीद हो सकी है। उन्होंने कहा कि मेनपावर की कमी और गोदामों के अलग-अलग स्थानों पर होने के कारण धान खरीद की गति कुछ धीमी हुई है, लेकिन इसे तेज करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### लातेहार कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**लातेहार ।** लातेहार व्यवहार न्यायालय परिसर को बम से उड़ाने की ईमेल के माध्यम से धमकी मिली है। सूचना मिलने पर गुरुवार को लातेहार एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। पुलिस डॉग स्क्वाड टीम के साथ कोर्ट परिसर में सघन सर्च अभियान चलाया गया। इस संबंध में लातेहार एसपी कुमार गौरव ने बताया कि सर्च ऑपरेशन के दौरान किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु या संदिग्ध सामग्री बरामद नहीं हुई। पुलिस ने पूरे परिसर की गहन तलाशी ली और स्थिति सामान्य बताई है।

### फारूक अब्दुल्ला पर फायरिंग सुरक्षाकर्मियों ने बचाया

**जम्मू ।** नेशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला पर बुधवार रात एक व्यक्ति ने फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि गोली उन्हें नहीं लगी। अधिकारियों के मुताबिक फारूक जम्मू में एक शादी समारोह में पहुंचे थे। उनके साथ राज्य के डिप्टी सीएम सुरिंदर चौधरी भी थे। घटना का सीसीटीवी भी सामने आया है। इसमें देखा जा सकता है कि 70 साल के हमलावर कमल सिंह जामवाल ने पीछे से आकर फारूक के सिर पर रिवॉल्वर तान दी। सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत हमलावर का हाथ हटाया जिससे फायर हवा में हो गया। आरोपी को पकड़ लिया गया है और हमले के कारणों का पता लगाया जा रहा है। हमलावर कमल ने पुलिस को बताया- 'मैं पिछले 20 सालों से फारूक अब्दुल्ला को मारना चाहता था। यही मेरा मकसद था।' पुलिस के मुताबिक, हमलावर पिछले कई सालों से लाइसेंसी हथियार इस्तेमाल कर रहा है।

# इनकम के आधार पर ओबीसी क्रीमी लेयर का स्टेटस तय नहीं कर सकते : सुप्रीम कोर्ट



**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि कोई उम्मीदवार अन्य पिछड़ा वर्ग के क्रीमी लेयर में आता है या नॉन-क्रीमी लेयर में यह सिर्फ आमदनी के आधार पर तय नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि सिर्फ इनकम ब्रैकेट के आधार पर क्रीमी लेयर का स्टेटस तय करना, पोस्ट की कैटेगरी और स्टेटस पैरामीटर का जिक्र किए बिना, कानून में साफ तौर पर टिकने लायक नहीं है।

बता दें ÷क्रीमी लेयर÷ में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के ज्यादा अमीर और सामाजिक रूप से आगे रहने वाले सदस्य आते हैं जिन्हें सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण के दायर से बाहर रखा गया है। यह नियम इंद्रा साहनी बनाम यूनियन ऑफ इंडिया केस के बाद आया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी आरक्षण को सही ठहराया था, लेकिन अमीर तबकों को बाहर रखने का आदेश दिया था। बाद में सरकार ने ऐसे समूहों की पहचान करने के लिए 1993 में नियम बनाए। अभी, सालाना 8 लाख रुपए से ज्यादा कमाने वाला ओबीसी परिवार आम तौर पर क्रीमी लेयर का हिस्सा माना जाता है और आरक्षण पाने के अयोग्य हो जाता है। इस नियम का मकसद यह तय करना है कि कोटा मुख्य रूप से गरीब और ज्यादा पिछड़े ओबीसी समुदायों की मदद करे। इस कैटेगरी में ऊंचे संवैधानिक पदों, सीनियर सरकारी पदों, ऊंचे पदों पर काम करने वाले लोगों, या अच्छी-खासी प्रॉपर्टी और बिजनेस इनकम वाले लोगों के बच्चे भी शामिल हो सकते हैं। इनकम लिमिट को आखिरी बार 2017 में 6 लाख से 8 लाख रुपए किया गया था।

## नेताजी की अस्थियों को लाने की मांग वाली याचिका खारिज, सुप्रीम कोर्ट ने कहा, वारिस खुद आए

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने जापान की राजधानी टोक्यो के रेनको-जी मंदिर से नेताजी सुभाष चंद्र बोस की अस्थियों को भारत लाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इंकार किया है। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इस मामले पर सुनवाई होगी, लेकिन नेताजी के वारिस खुद सुप्रीम कोर्ट में आकर याचिका दायर करें। सीजेआई ने कहा कि नेताजी देश के सबसे महान नेताओं में से एक थे, लेकिन कोर्ट इन याचिकाओं के पीछे के मकसद और उसके समय को अच्छी तरह समझता है।

# राज्य सरकार और आइसीएआर हैदराबाद के बीच हुआ समझौता, रांची की बेकन फैक्ट्री का होगा पुनरूद्धार

## किसानों को मिलेगा सीधा फायदा, आय में होगी बढ़ोतरी : सीएम



**संवाददाता**

**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की उपस्थिति में गुरुवार को झारखंड विधान सभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में उद्यान निदेशालय, झारखण्ड एवं भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान, बेंगलुरू के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा की इस एमओयू से राज्य में उद्यानिकी क्षेत्र के विकास एवं विस्तार होगा। इसका सीधा फायदा किसानों को मिलेगा और उनकी आय में बढ़ोतरी होगी। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान बेंगलुरू के साथ एमओयू होने से राज्य में फल, सब्जी, सजावटी, औषधीय, मशरूम फसलों में उत्पादकता, गुणवत्ता और मूल्य को बढ़ावा।मिलेगा। वहीं, बागवानी क्षेत्र में आधुनिक तकनीक का उपयोग, अनुसंधान और प्रशिक्षण एवं सेवाएं उपलब्ध होंगी। इस समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर के अवसर पर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# बरहरवा : सड़क हादसे में टोटो चालक और बुजुर्ग की मौत

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**बरहरवा/कोटालपोखर ।** कोटालपोखर थाना क्षेत्र के जीवनपुर चेकनाका के समीप गुरुवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में 15 वर्षीय टोटो चालक सहित लगभग 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद पूरे इलाके में शोक के साथ-साथ आक्रोश का माहौल भी देखने को मिला.

प्राप्त जानकारी के अनुसार इजाजुल नामक किशोर अपने टोटो से चंदौर की ओर से कोटालपोखर की तरफ लौट रहा था. इसी दौरान दिनदहाड़े अवैध रूप से लकड़ी लदा एक तेज रफ्तार तीन पहिया मालवाहक वाहन कोटालपोखर मुख्य सड़क से होते हुए पश्चिम बंगाल सीमा की ओर जा रहा था.बताया जाता है कि जीवनपुर चेकनाका के समीप तेज गति के कारण उक्त वाहन ने सामने से आ रहे टोटो को जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि टोटो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया.हादसे में टोटो चालक इजाजुल और उसमें सवार लगभग 60 वर्षीय एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए. दोनों की हालत अत्यंत नाजुक थी और मौके पर ही तड़प-तड़प कर उनकी मौत हो गई.घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए. स्थानीय लोगों ने घटना को लेकर नाराजगी जताते हुए अवैध रूप से लकड़ी ढोने वाले तेज रफ्तार वाहनों पर कार्रवाई की मांग की है.सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी.

## संताल परगना को कैबिनेट की बड़ी सौगात

# सारठ कॉलेज में सह-शिक्षा, गोड्डा में नया कॉलेज भवन और दुमका में पायलट प्रशिक्षण योजना को मंजूरी

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में हुई झारखंड कैबिनेट की बैठक में संताल परगना क्षेत्र के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। उच्च शिक्षा, प्रशिक्षण और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से देवघर, गोड्डा और दुमका से जुड़ी कई योजनाओं को स्वीकृति मिली है। कैबिनेट ने सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका के अंतर्गत आने वाले महिला महाविद्यालय सारठ (देवघर) को सह-शिक्षा महाविद्यालय में बदलने का निर्णय लिया है। अब इसका नाम डिग्री महाविद्यालय, सारठ, देवघर होगा। इससे क्षेत्र के लड़कों को भी उच्च शिक्षा का अवसर मिलेगा।

इसके साथ ही गोड्डा जिले में उच्च शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए दो बड़े निर्माण कार्यों को मंजूरी दी गई है। कैबिनेट ने महिला महाविद्यालय गोड्डा के नए भवन के निर्माण के लिए करीब 69.57 करोड़ रुपये और डिग्री महाविद्यालय बोआरीजोर (गोड्डा) के नए भवन के लिए करीब 40.19 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी है। इन परियोजनाओं से संथाल परगना में उच्च शिक्षा के विस्तार को गति मिलने की उम्मीद है।

इसके अलावा दुमका हवाई अड्डा पर संचालित कॉमर्शियल पायलट लाइसेंस प्रशिक्षण अकादमी में नामांकन प्रक्रिया और छात्रवृत्ति से जुड़े नियमों को भी मंजूरी दी गई है।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्य सरकार के झारखंड फ्लाइंग इंस्टीट्यूट के माध्यम से संचालित किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र के युवाओं को विमानन क्षेत्र में करियर बनाने का अवसर मिलेगा।

# सीईसी ज्ञानेश को पद से हटाने के लिए विपक्ष लामबंद

## 200 से अधिक सांसदों ने नोटिस पर किए हस्ताक्षर



**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के लिए 200 से अधिक सांसदों ने एक नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसे शुक्रवार को संसद के किसी एक सदन को सौंपा जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक, विपक्षी नेताओं ने कुमार पर सात आरोप लगाए गए हैं। नियम के मुताबिक, सीईसी को पद से हटाने के लिए लोकसभा के कम से कम 100 सांसदों के हस्ताक्षर होने जरूरी हैं। वहीं, राज्यसभा के 50 सांसदों के हस्ताक्षर जरूरी हैं। सूत्रों के मुताबिक, लोकसभा के 130 और राज्यसभा के 63 सांसदों ने एक नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग की गई है। इस नोटिस को शुक्रवार को किसी एक सदन में जमा किया जा सकता है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि किस सदन में सौंपा जाएगा। इस बीच, विपक्ष के एक नेता ने कहा कि सांसदों ने नोटिस पर हस्ताक्षर करने में काफी उत्साह दिखाया है।

# विधानसभा में संताल परगना के जनप्रतिनिधियों की गुहार

## सुरेश पासवान ने की देवघर में जर्जर बिजली तार बदलने की मांग



**रांची।** झारखंड विधानसभा की कार्यवाही के दौरान देवघर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेश पासवान ने बिजली व्यवस्था से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि देवघर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत देवघर, मोहनपुर प्रखंड और देवीपुर प्रखंड में लगभग 40 वर्षों से बिजली के तार और केबल जर्जर स्थिति में हैं।

विधायक ने कहा कि पुराने और खराब तारों के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होने का खतरा बना रहता है। कई जगहों पर तार टूटने और शॉर्ट सर्किट की घटनाएं भी सामने आती रहती हैं, जिससे आम लोगों की जान को खतरा बना रहता है।

सुरेश पासवान ने विशेष रूप से पुनासी पंचायत, मोहनपुर समेत अन्य क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां बिजली के तार और केबल की स्थिति बेहद खराब है। उन्होंने सरकार से मांग की कि इन क्षेत्रों सहित तीनों प्रखंडों में जर्जर बिजली तार और केबल को जल्द बदला जाए।

उन्होंने कहा कि यदि समय रहते पुराने तारों को नहीं बदला गया तो भविष्य में बड़ी दुर्घटनाएं हो सकती हैं। इसलिए सरकार को इस मामले में विशेष ध्यान देकर पूरे क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को सुरक्षित और मजबूत बनाना चाहिए, ताकि लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## राजमहल और साहिबगंज में सीवरेज सिस्टम की स्थिति बदहाल : एमटी राजा



**रांची।** झारखंड विधानसभा की कार्यवाही के दौरान राजमहल विधानसभा क्षेत्र के विधायक मोहम्मद ताजमुद्दीन ने राजमहल और साहिबगंज के शहरी क्षेत्रों में बने सीवरेज सिस्टम की खराब स्थिति का मुद्दा उठाया।

उन्होंने कहा कि राजमहल और साहिबगंज के शहरी क्षेत्रों में करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित सीवरेज सिस्टम सुचारू रूप से काम नहीं कर रहा है। सीवर लाइन के जाम रहने और नियमित रखरखाव की कमी के कारण गंदा पानी सड़कों और बस्तियों में फैल रहा है।

विधायक ने कहा कि इस स्थिति से आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही दुर्गंध और गंदगी के कारण बीमारी फैलने का खतरा भी बढ़ गया है।

मोहम्मद ताजमुद्दीन ने सदन के माध्यम से सरकार से मांग की कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और सीवरेज सिस्टम को ठीक करने के लिए स्थायी समाधान निकाला जाए, ताकि क्षेत्र की जनता को राहत मिल सके।

## कोयला माइंस के विस्थापितों को नहीं मिला उचित मुआवजा : हेमलाल मुर्मू



**रांची।** झारखंड विधानसभा में लिट्टीपाड़ा के विधायक हेमलाल मुर्मू ने दुमका जिले में प्रस्तावित नेवेली कोयला माइंस को लेकर विस्थापितों की समस्या का मुद्दा उठाया। उन्होंने सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट करते हुए कहा कि दुमका जिले के गोपी क्षेत्र में प्रस्तावित कोयला माइंस के लिए कंपनी द्वारा ओवरबर्डन हटाने का काम शुरू कर दिया गया है।

विधायक ने कहा कि प्रभावित लोगों को अब तक उचित मुआवजा नहीं मिला है और आदिवासियों के सामाजिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं के अनुरूप विस्थापन की व्यवस्था भी नहीं की गई है। इसके कारण स्थानीय विस्थापितों में भारी आक्रोश और विरोध देखा जा रहा है।

हेमलाल मुर्मू ने सदन के माध्यम से सरकार से मांग की कि जब तक पुनर्वास और विस्थापन से जुड़ी नीति के तहत बैठक कर प्रभावित लोगों की मांगों पर सहमति नहीं बन जाती, तब तक उक्त कोयला माइंस को शुरू करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।


उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के साथ-साथ स्थानीय लोगों के अधिकारों और सम्मान का ध्यान रखना भी सरकार की जिम्मेदारी है।

## लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव के मायने

हाल ही में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के विरुद्ध विपक्षी दलों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव पर सदन मे सभी राजनीतिक दलों के संसद सदस्यों ने चर्चा कर अविश्वास प्रस्ताव को लेकर अपना-अपना मत रखा है। भारतीय संसद की कार्य प्रणाली और संसदीय परंपराओं को लेकर गंभीर बहस हुई है। पिछले 7 वर्षों से लोकसभा उपाध्यक्ष का पद भी खाली पड़ा हुआ है। इस पर भी विपक्षी दल के सदस्यों ने तीव्र प्रतिक्रिया व्यक्त की है। प्रधानमंत्री और नेता प्रतिपक्ष को सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष का नेता माना जाता है। नेता प्रतिपक्ष को जिस तरह से बोलने नहीं दिया गया था। सदस्यों को बोलने के दौरान बार-बार टोंका जाता है। तरह-तरह के नियम बताकर सांसदों को अपनी बात नहीं कहने दी जाती है। बिना चर्चा और बिना प्रक्रिया के सदन से जो बिल पास किये जा रहे हैं। सत्र की अवधि लगातार कम किए जाने के कारण सदस्य अपनी बात संसद में नहीं रख पाते हैं इसको लेकर संसद सदस्यों में पिछली कई वर्षों से नाराजी देखने को मिल रही थी। सत्ता पक्ष जिस तरह से विपक्षी सदस्यों को बोलने से रोकता था आसंदी का सत्ता पक्ष के लिए अलग व्यवहार और विपक्ष के लिए अलग व्यवहार अविश्वास प्रस्ताव का कारण बना। लोकसभा अध्यक्ष का पद संविधान और संसदीय लोकतंत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। लोकसभा का अध्यक्ष सभी सदस्यों का संरक्षक होता है। वह सरकार या किसी पार्टी का नहीं होता है। यह पद सदन की कार्यवाही निष्पक्ष और संतुलित ढंग से संचालित हो। सभी सदस्यों को अपनी बात कहने का अधिकार मिले। जो भी कानून और नियम बनाए जा रहे हैं उनमें सभी पक्षों की राय ली जाए। यह दायित्व लोकसभा के अध्यक्ष का होता है। सदन में किसी भी विषय पर स्वतंत्रता से संसद सदस्य अपनी बात रख सकते हैं। यदि कुछ नियमों के विपरीत होता है तो उसे हटाने का अधिकार भी अध्यक्ष के पास होता है लेकिन बोलने के पहले ही उसे रोक दिया जाए। पिछले 12 वर्षों में यह बहुत बार देखने को मिला है। यही अति अविश्वास का सबसे बड़ा कारण बनी। सत्ता पक्ष बहुमत में होता है। विपक्ष अल्पमत में होता है। ऐसी स्थिति में यह परंपरा रही है कि अध्यक्ष सरकार और विपक्ष के बीच जब टकराव होता है तो ऐसी स्थिति में वह मध्यस्थता करके तथा अपने अधिकारों का उपयोग करके सही निर्णय लेकर सदन की कार्वाई को संचालित करने में बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका होती थी। पिछले कुछ वर्षों से सत्ता पक्ष का दबाव आसंदी पर देखा जा रहा था। ऐसे में अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव केवल एक व्यक्ति पर सवाल नहीं बल्कि संसद की कार्यशैली और लोकतांत्रिक संवाद और जवाबदेही का भी मामला है। संसद सदस्यों को सदन में स्वतंत्र रूप से अपनी बात रखने का अवसर नहीं मिलता है। बोलते समय उन्हें बीच में रोक दिया जाता है। सेंसेक्स सदस्यों को थोक के भाव में निलंबित कर दिया जाता है। सदस्यों का कहना था, अध्यक्ष को सभी दलों के सांसदों के साथ तथा नेता प्रतिपक्ष के साथ समान दृष्टिकोण रखना चाहिए। वर्तमान परिस्थितियों में सत्ता पक्ष को अधिक अवसर और संरक्षण देने का आरोप अध्यक्ष पर लगाया गया है। सत्ता पक्ष के सदस्यों ने विपक्ष के इन आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज किया है। सत्ता पक्ष के सदस्यों ने कहा अध्यक्ष ने सदन की मर्यादा, सदन की कार्रवाई सुचारू रूप से चले, सदन में व्यवधान ना हो। इसके लिए अध्यक्ष महोदय द्वारा आवश्यक कदम उठाए गये हैं। सत्ता पक्ष का आरोप था विपक्ष की लगातार नारेबाजी और हंगामे के कारण अध्यक्ष को कठोर निर्णय लेने पड़े हैं।

भारतीय संसदीय परंपरा में लोकसभा अध्यक्ष को निष्पक्षता का प्रतीक माना जाता है। संसद से जो भी कानून पास होते हैं उनमें अध्यक्ष की भूमिका अति महत्वपूर्ण होती है। भारतीय संविधान में अध्यक्ष के पद को दलगत राजनीति से अलग रखा गया है। यदि अध्यक्ष की निष्पक्षता पर प्रश्न उठते हैं, तो यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंताजनक संकेत है। इस विवाद का समाधान केवल आरोप-प्रत्यारोप से नहीं हो सकता है। आवश्यकता इस बात की है, संसद की गरिमा, सदस्यों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, विधायी कार्य की गुणवत्ता के बीच संतुलन बनाया जाए। संसद लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है। यहां संवाद,बहस और असहमति को स्थान मिलना ही चाहिए। सभी सदस्यों को संसद में वह सभी बात कहने की स्वतंत्रता होनी चाहिए जो वह संसद के बाहर किसी कारण से नहीं बोल पाते हैं। यदि यह परंपरा कमजोर होती है, तो उसका प्रभाव पूरे लोकतांत्रिक ढांचे पर पड़ना तय है। पिछले 75 वर्षों में भारत की संसद ने बार-बार यह साबित किया है। सत्ता को नियंत्रित करने एवं नियम और कानून का बेहतर निर्माण हो इस दिशा में जो कार्य पहले हुए हैं वह बहुत संतोष जनक रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से सत्ता पक्ष आसंदी पर हावी हो रही है, उसके कारण अब यह टकराव चरम पर पहुंच गया है। सत्ता पक्ष और विपक्ष एक दूसरे के प्रति दुश्मनों के समान व्यवहार कर रहे हैं।

# चार करोड़ का बंगला दिया, दस लाख के फर्नीचर दो



- श्याम किशोर चौबे

फर्ज करिए कि पांच बेडरूम, विस्तृत डायनिंग हॉल, बड़े से मुलाकाती कक्ष और ऐसी ही अन्यान्य इन्फ्रास्ट्रक्चर वाला साढ़े चार करोड़ का दो मंजिला बंगला हो तो उसके इंटिरियर, फर्नीचर आदि पर कितना खर्च संभावित होगा। कम से कम 10-15 लाख। झारखंड सरकार अपने विधायकों के लिए ऐसे ही बंगले बनवा रही है, जिनमें अधिकतर तैयार हो गये हैं। कई विधायक उनमें शिफ्ट कर चुके हैं। बाकी परिसर का भी निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। यह परिसर विधानसभा के ठीक बगल में है। इस परिसर में बंगलों के अलावा क्लब हाउस, यत्र-तत्र पार्क आदि-आदि अन्य सुविधाएं भी बहाल की जा रही हैं। रांची शहर से यह एक अलग ही टाउनशिप जैसा है। जितनी विस्तृत जगह में यह निर्माण हो रहा है, और इसकी जो सजावट की जा रही है, वह इसे रांची की तंग गलियों से अलग पहचान दे रही है। होना भी चाहिए। आखिर देश के 40 प्रतिशत खनिज क्षेत्र वाले राज्य के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की रिहाइश का सवाल है।इन बंगलों के इंटिरियर/फर्नीचर मद में फी विधायक महज तीन लाख रुपये खर्च करने का प्रावधान है। इससे परेशान देवघर के राजद विधायक सुरेश पासवान ने हाल ही बजट सत्र के दौरान आसन से गुहार लगाई कि विधायक आवासों में फर्नीचर मद में कम से कम दस लाख रुपये खर्च किये जाने की व्यवस्था की जानी चाहिए। सुन लीजिए, उनकी ही जुबान में, जैसा उन्होंने सदन में कहा ् सभी माननीय सदस्य का मामला है महोदय ... पूरे सदन का ....जो है मांग है महोदय... महोदय मेरा यही सूचना है कि महोदय हमलोगों को... महोदय आवास मिल गया है... और ठीक विधानसभा के सामने आवास है महोदय... सभी माननीय सदस्य कोई चौकी पर सो रहे हैं, कोई बेंच पर सो रहे हैं...हमलोगों को जो फर्नीचर के लिए तीन लाख रूपया मिला है महोदय, उससे कुछ नहीं होगा महोदय... उसे दस लाख रुपया तक किया जाय महोदय... पूछ लिया जाय... सभी से पूछ लिया जाय, महोदय बात भी सही है...।

आसन ् हो गया सूचना आ गया... वित्त मंत्री के संज्ञान में आ गया बात ...अब हो गया।

सूचना पर खड़े विधायक सुरेश पासवान का दर्द वाजिब ही था। उनकी मांग पर किसी को क्या आपत्ति हो सकती है? आसन से जो बात कही गई, उसका निहितार्थ है कि वित्त मंत्री चाहें तो व्यवस्था करवा दें।

वित्त मंत्री को भी क्या आपत्ति हो सकती है? मंत्रियों के लिए तो और शानदार 12-12 करोड़ के बंगले बने हैं। अपना घर-बार छोड़कर जनता की सेवा के लिए जनप्रतिनिधि राजधानी में पधारते-विराजते हैं, तो उनकी सुख-सुविधाओं का ध्यान रखना ही चाहिए। डेढ़ लाख करोड़ से ऊपर के बजट वाला राज्य है। ऐसे राज्य के संचालकों को शाहाना सुविधाएं भी न दी जाएं तो प्रतिष्ठा पर आंच आएगी। हम 21वीं सदी के मध्य काल से गुजर रहे हैं। यह चंद्रगुप्त का जमाना तो है नहीं। उनके महामंत्री, राजनीति विशारद, जाने-माने कूटनीतिज्ञ और आज भी बार-बार उद्धृत किये जानेवाले आचार्य चाणक्य की एक कथा है कि एक बार वे अपने कक्ष में राजकीय कार्य कर रहे थे। उनके सामने एक दीपक जल रहा था, जिसकी तेल-व्यवस्था राजकोष से होती थी, क्योंकि वे राज्य का काम कर रहे थे।

उसी समय एक यूनानी दूत उनसे मिलने आया।

वह चाणक्य से निजी विषय पर चर्चा करना चाहता था। जैसे ही चाणक्य को पता चला कि अब बातचीत निजी विषय पर होगी, उन्होंने तुरंत वह दीपक बुझा दिया और अपनी ओर से तेल डालकर दूसरा दीपक जला लिया।

विदेशी दूत ने आश्चर्य से पूछा, 'आपने पहले से जलता हुआ दीपक बुझा क्यों दिया?'

चाणक्य ने उत्तर दिया, 'पहला दीपक राज्य के धन से जल रहा था, और मैं तब राजकार्य कर रहा था। अब जब मैं निजी विषय पर बात कर रहा हूं, तो राज्य के धन का उपयोग उचित नहीं है। इसलिए मैंने अपना निजी दीपक जलाया है।'


सभी जानते हैं कि चाणक्य कुटिया में रहते थे। आज के राजनेता बंगलों में रहते हैं। सो, फर्क तो पड़ ही जाता है। फर्क इसलिए पड़ जाता है कि एक दूसरा पक्ष भी मुंह बाये खड़ा है।

प्राकृतिक रूप से इस अत्यंत अमीर राज्य में गरीबों की भरमार है। प्रधानमंत्री आवास योजना और अबुआ आवास जैसी योजनाओं के लिए लंबी लाइन लगती है। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना में ढाई लाख मिलत हैं तो अबुआ आवास योजन में पौने तीन लाख। वोटर के आवास ढाई-पौने तीन लाख के और उनके द्वारा चुने गये प्रतिनिधियों के साढ़े चार/बारह करोड़ के। इसी सदन में, इसी सत्र में सवाल उठा तो पता चला कि केंद्रीय सहायता के बगैर हजारों-हजार गरीब छात्रों की छात्रवृत्ति रूकी हुई है। ऐसे ही अनेकानेक योजनाएं केंद्र से पैसे न मिलने के कारण रूकी पड़ी हैं। बहुत संभव है, वेतनादि के जुगाड़ के सवाल पर सरकारी विभागों में 38 प्रतिशत पद खाली पड़े हुए हैं। पारा टीचर के भरोसे स्कूल चल रहे हैं, जबकि घंटी आधारित 'प्रोफेसर' के भरोसे कॉलेज चल रहे हैं। हजारों-हजार आंगनबाड़ी सेविकाएं-सहायिकाएं, सहियाएं आदि-आदि 5-10 हजार रुपये पर काम कर रही हैं। माननीयों को वेतन-भत्तों पर दो-ढाई लाख मासिक खर्च हो रहा है। जो पूर्व हो चुके, उनको मोटी पेंशन और भत्ते मिलते हैं, यहां तक कि 3,600/में साल भर अनंत बातें कराने तथा डेटा पैक की सुविधा के बावजूद फोन खर्च दो लाख मिलते हैं।

क्या ही अच्छा होता, माननीय मिलजुलकर ऐसी नीतियां बनाते, जिससे राज्य में हर कोई सुखी-संपन्न हो जाता।

फिर वे चाहे जितनी सुविधाएं ले लेते। आपत्ति किसे होती! आपत्ति अभी भी नहीं होगी। आपत्ति करके भी क्या होगा! खुद ही नियम-कायदे बनाना है, खुद ही उसका सुखोपभोग करना है। रामजी की चिरई, रामजी के खेत...।

# देश में मंडरा रहा भीषण गर्मी का खतरा



ज्ञानेन्द्र रावत

समूची दुनिया में बढ़ती गर्मी का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है।साल 2050 तक खतरनाक स्तर पर भीषण गर्मी का सामना करने को दुनिया के लगभग 41 फीसदी यानी 3.5 अरब लोग विवश होंगे। जबकि साल 2010 तक यह आंकड़ा महज 23 फीसदी ही था।यह स्थिति तब होगी जबकि दुनिया का औसत तापमान औद्योगिक युग से दो डिग्री सेल्सियस बढ़ जायेगा। आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के हालिया अध्ययन में इस बात का खुलासा हुआ है। अध्ययन के मुताबिक भारत, नाइजीरिया, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश और फिलीपींस इससे सर्वाधिक प्रभावित होंगे। वहीं ब्राजील और दक्षिणी सूडान जैसे देशों में तापमान में सबसे तेज उछाल आने की आशंका है। एशिया प्रशांत डिजास्टर रिपोर्ट 2025 के अनुसार फिजी, पापुआ न्यू गिनी और मार्शल जैसे कई द्वीपीय देशों में भी भविष्य में गर्मी का खतरा मध्यम से उच्च स्तर तक बढ़ सकता है। सच तो यह है कि भीषण गर्मी से स्वास्थ्य खतरा जैसे अंग विफलता कहें या विकलांगता, चक्कर , सिरदर्द आदि अन्य बीमारियों के साथ मौत भी हो सकती है। साथ ही शिक्षा, खेती, उत्पादकता,जीवन और विस्थापन पर भी अभूतपूर्व खतरा मंडरा रहा है। वैज्ञानिकों ने इसे %साइलेंट किलर% की संज्ञा दी है जो स्वास्थ्य को चुपचाप नुकसान पहुंचाती है।2026 की शुरुआत में ही भीषण गर्मी, सूखे और आग की घटनाओं ने चेतावनी दे दी है। जानकारों का मानना है कि यह अध्ययन भारत जैसे विकासशील देशों के लिए एक गंभीर चेतावनी है जहां गर्मी केवल मौसम नहीं, बल्कि एक सार्वजनिक गंभीर स्वास्थ्य संकट बनती जा रही है। उस स्थिति में तो यह और खतरे की घंटी है जबकि भारत की विशाल आबादी और पहले से ही गर्म जलवायु इसे और बेहद संवेदनशील बनाती है। इसका मुख्य कारण 1950 के बाद से लू या हीटवेव की आवृत्ति और तीव्रता में बढ़ोतरी, कमजोर बुनियादी ढांचे के कारण इन देशों में आर्थिक रूप से कमजोर लोगों का भीषण गर्मी और स्वास्थ्य जोखिमों के प्रति अधिक संवेदनशील होना रहा है। इंटरनेशनल लेबर आर्गनाइजेशन के अनुसार भारत में गर्मी के कारण उत्पादकता में भारी कमी आयेगी और 4.5 फीसदी तक जी डी पी प्रभावित होने की आशंका है। वैज्ञानिकों ने तो अमेरिका, चीन और भारत में 23 से 30 अतिरिक्त दिन गर्म होने की संभावना व्यक्त की है।

भारत ही नहीं दुनिया के कई विकासशील देश भीषण गर्मी की मार से त्रस्त हैं। जलवायु परिवर्तन और बढ़ते तापमान के चलते देश अत्याधिक गर्मी का सामना करने को विवश है। हालात गवाह हैं और दुनिया के शोध - अध्ययनों ने यह साबित कर दिया है कि भीषण गर्मी की मार से तपने वाले देशों की सूची में भारत सबसे ऊपर है और देश के अधिकांश यानी आधे से अधिक जिलों पर भीषण गर्मी का साया मंडरा रहा है। कहने का तात्पर्य यह है कि देश की तकरीब 76 फीसदी आबादी इसकी चपेट में है। यह निष्कर्ष नेचर सस्टेनेबिलिटी जर्नल में प्रकाशित रिपोर्ट और हाऊ एक्सट्रीम हीट इज इंपैक्टिंग इंडिया ् असेसमेंट डिस्ट्रिक्ट लेवल हीट रिस्क - 2025 के नाम से काउंसिल आन एनर्जी एनवायरनमेंट एण्ड वाटर ( सी ई ई डब्ल्यू ) के अध्ययन में सामने आया है। अध्ययन रिपोर्ट का सबसे चिंताजनक और डरावना पहलू यह है कि सबसे गर्म रातों यानी हाट नाइट्स की तादाद में होने वाली बढ़ोतरी है। इससे हृदय रोग और उससे जुड़ी बीमारियों का खतरा काफी बढ़ जाता है। इसका अहम कारण रात के तापमान का सामान्य से अधिक यानी काफी ऊपर रहने की वजह से इंसानी शरीर को पूरे दिन की थकान से उबर पाने का समय नहीं मिल पाना है। इससे हीट स्ट्रोक और हृदयाघात की संभावना ज्यादा रहती है। वैज्ञानिकों के अनुसार गर्मी का यह असर 1.5 डिग्री की सीमा पार करने से पहले ही दिखने लगेगा। और तो और अगले 5 सालों में ही लाखों घरों और दफ्तरों को कूलिंग सिस्टम की जरूरत में भी बेतहाशा बढ़ोतरी होगी। इसके परिणामस्वरूप जहां ऊर्जा की मांग में बेतहाशा बढ़ोतरी होगी, वहीं कार्बन उत्सर्जन में भी काफी इजाफा होगा। गौरतलब है और विचारणीय भी कि आज हम गर्मी के भयावह रूप की चर्चा करते समय पर्यावरण में वृक्षों की महत्ता को क्यों नकार रहे हैं। यह समझ से परे है। जबकि गर्मी से बचाने में वृक्षों का महत्वपूर्ण योगदान जगजाहिर है। लेकिन दुख इस बात का है कि आज हम विकास के मोहपाश में पूरे देश में कहीं सड़क के नामपर, कहीं पर्यटन, कहीं रेल लाइन विस्तार,कहीं पन बिजली आदि-आदि विभिन्न योजनाओं के नामपर हर साल लाखों हरे-भरे पेड़ों की बलि दे रहे हैं। यह सिलसिला पूरे देश में जनविरोध के बावजूद बेरोकटोक जारी है और सरकार मौन है। राजस्थान में ग्रीन एनर्जी के नामपर हजारों- लाखों की तादाद में खेजड़ी के पेड़ों को काटा जा रहा है। वहां बीकानेर के नोखा दइया में 18 जुलाई 2024 और बीकानेर कलक्ट्रेट पर 18 जुलाई 2025 से किसान धरने पर हैं। बीती दो फरवरी से महापड़ाव में लाखों की मौजूदगी और तकरीब दस हजार महिलाओं का खेजड़ी को लेकर कलश प्रदर्शन इस मामले में भारी जन विरोध का प्रतीक है। इस बारे में महाराजा गंगा सिंह विश्व विद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डा0 अनिल कुमार छंगाणी की मानें तो खेजड़ी की कटाई का दुष्परिणाम स्वरूप इस अंचल में तापमान 7 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया है। हमने नवम्बर महीने तक एसी और पंखे चलाये हैं।

## पाकुड़ की खबरें

## अनुकंपा समिति की अनुशंसा तीन आवेदकों को मिली नियुक्ति

**पाकुड़।** समाहरणालय मे गुरूवार को जिला अनुकंपा समिति की बैठक उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक के दौरान अनुकंपा के आधार पर प्राप्त आवेदनों की विस्तृत एवं तथ्यात्मक समीक्षा की गई। समिति द्वारा विचार-विमर्श के उपरांत समाहरणालय संवर्ग अंतर्गत अनुसेवक के पद पर तीन आवेदकों को नियुक्ति प्रदान करने का निर्णय लिया गया। इनमें दिनेश किस्कू, सनत कुमार माल एवं देवीधन मोहली को अनुसेवक पद पर नियुक्ति देने का निर्णय शामिल है। बैठक के दौरान उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि अनुकंपा के आधार पर दी जाने वाली नियुक्ति केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह दिवंगत कर्मियों के आश्रित परिवारों के प्रति शासन-प्रशासन की मानवीय संवेदनशीलता एवं सामाजिक दायित्व का परिचायक है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में पात्र आश्रितों को समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। उपायुक्त ने संबंधित शाखा को निर्देश दिया कि स्वीकृत प्रकरणों पर शीघ्र, पारदर्शी एवं नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि लाभार्थियों को समय पर नियुक्ति का लाभ प्राप्त हो सके और उनके परिवारों को आर्थिक संबल मिल सके।

## सड़क निर्माण के लिए ली गई जमीन का मुआवजा नहीं, किसान बेहाल

संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़। विकास कार्यों के लिए अपनी जमीन देने वाले किसान आज प्रशासनिक लापरवाही के कारण आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। ताजा मामला पाकुड़ जिले के महेशपुर थाना क्षेत्र के चंडालमारा गाँव का है, जहाँ किसान गणेश मंडल ने अपनी जमीन का मुआवजा अब तक नहीं मिलने की शिकायत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गणेश मंडल की जमीन को पथ निर्माण विभाग द्वारा सड़क चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य के लिए अधिग्रहित किया गया था। नियमों के अनुसार, जमीन अधिग्रहण के बदले मालिक को बाजार दर के अनुसार मुआवजा दिया जाना चाहिए, लेकिन जमीन लिए जाने के काफी समय बाद भी उन्हें अब तक कोई भुगतान नहीं मिला है। पीड़ित किसान का कहना है कि उनकी जीविका का मुख्य साधन वही जमीन थी। मुआवजा नहीं मिलने के कारण परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई है और उन्हें रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में भी कठिनाई हो रही है। इस संबंध में किसान द्वारा पाकुड़ के उपायुक्त को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई गई है। पत्र में अनुरोध किया गया है कि उनके आवेदन पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए रुकी हुई मुआवजा राशि का जल्द भुगतान कराया जाए, ताकि पीड़ित परिवार को आर्थिक संकट से राहत मिल सके।

## उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन केंद्र का शुभारंभ

पाकुड़। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2026 की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य हेतु जिदातो उच्च विद्यालय, पाकुड़ को मूल्यांकन केंद्र निर्धारित किया गया है। गुरुवार को उपायुक्त मनीष कुमार ने विधिवत मूल्यांकन केंद्र काउद्घाटन किया ।इस अवसर पर उपायुक्त ने उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ किया जाए, ताकि विद्यार्थियों को उनके परिश्रम के अनुरूप उचित मूल्यांकन मिल सके। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि मूल्यांकन केंद्र परिसर में मोबाइल फोन, ब्लूटूथ अथवा किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के साथ प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा। सभी शिक्षक निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए अनुशासन के साथ मूल्यांकन कार्य संपन्न करें।जिला शिक्षा पदाधिकारी सुश्री अनीता पुरती ने कहा कि मूल्यांकन कार्य शिक्षा व्यवस्था की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। सभी शिक्षक निर्धारित मानकों एवं दिशा- निर्देशों का पालन करते हुए उत्तर पुस्तिकाओं का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करें, ताकि विद्यार्थियों को उनके प्रदर्शन के अनुरूप सही अंक मिल सकें। मालूम हो कि मूल्यांकन हेतु 310 शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

# दो वर्ष से अधूरा पड़ा है सड़क निर्माण कार्य ग्रामीणों ने ठेकदार खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता महेशपुर ( पाकुड़ )प्रखंड के पलसा से बोढा तक जाने वाली जर्जर सड़क से नाराज ग्रामीणों ने गुरुवार को साक्षी कंट्रेक्शन के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया । ग्रामीण मो अशद सेख,समु सेख, मो मिनाहजुद्दीन ,सफिरूद्दीन सेख, सईदुल सेख ,तनवीर आलम लालचंद सबिरुद्दीन सेख, लालू पहाड़िया ,मजरेतुन विवि ,नाजिमा खातून ,सबिरुल रहमान आशोक माल ,समीर सेख ,रासिरुन विवि समेत दर्जनों ने बताया कि पिछले दो वर्ष पूर्व यह सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया था। जिसके बाद से आधा अधुरा कार्य कर सड़क को जस के तस छोड़ दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य को पूर्ण करने को कई बार कॉन्ट्रेक्शन को बोला गया परंतु आज तक सड़क निर्माण पूरा नही हो पाया है ।ग्रामीणों ने साक्षी इंटर प्राइजेज कंट्रेक्शन के खिलाफ मनमानी एवं लापरवाही बरतने की आवाज को बुलंद किया है ।



ग्रामीणों ने कहा कि इस कंट्रेक्शन कि बहुत मनमानी है सड़क निर्माण कार्य का टेंडर को लेकर सड़क निर्माण कार्य को अधूरा छोड़ दिया है । ग्रामीणों ने कहा कि जब सड़क निर्माण के लिये सम्बंधित लोगों को बोला जाता है तो उल्टा गाली गलौज देकर धमका दिया जाता है । ग्रामीणों प्रशासन से उक्त सड़क निर्माण कार्य को पूर्ण कराने की मांग की है और साक्षी कंट्रेक्शन के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है । ग्रामीणों ने कहा अधूरा सड़क को जल्द पूरा करें अन्यथा इसकी शिकायत वरीय अधिकारियों से की जायेगी ।ग्रामीणों ने कहा जर्जर सड़क की हालात से स्कूल जाने आने वाले छात्रों को बड़ी परेशानी होती है इतना ही नही सड़क हम ग्रामीणों भी काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है ।

## नाबालिग की शादी रोकने में प्रशासन फेल, भीड़ छुड़ा ले गई दूल्हे को

**पलामू (हि.स.)।** जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के तलैया बभंडी गांव में गुरूवार को प्रशासन दो नाबालिग जोड़ों की शादी रोकने में विफल साबित हुआ। उग्र भीड़ के आगे प्रशासनिक कार्रवाई संभव नहीं हो पाई और एक दूल्हे को छुड़ा ले जाया गया। दोनों जोड़ों की शादी भी करा दी गयी। मामले में प्रशासन की ओर से जांच तेज की गयी है और एफआईआर दर्ज करने की तैयारी है।जानकारी के अनुसार तलैया बभंडी के सिद्धिविनायक मंदिर में एक समाज विशेष के दो नाबालिग जोड़ों की शादी होने की सूचना मिली थी। शुरुआत में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप दास, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अर्चना सिन्हा, सीआई चंद्रशेखर तिवारी, थाना से वीरेंद्र राम दलबल के साथ मौके पर पहुंचे थे। दोनों अलग अलग जोड़ों (लड़का-लड़की) को बुलाकर उनके आधार कार्ड की जांच की गई। इस क्रम में एक लड़का और एक लड़की नाबालिग पाए गए।प्रशासन ने उनकी शादी रोक दी और कार्रवाई करते हुए शादी करा रहे पंडित और नाबालिक लड़की से शादी कर रहे दूल्हे को हिरासत में ले लिया। प्रशासन गाड़ी में बैठाकर ले जाने लगा। इसकी जानकारी होते ही विवाह स्थल पर मौजूद गांव के लोग उग्र हो गए और गाड़ी को घेर लिया। करीब 01 घंटे तक हाई वोल्टेज ड्रामा चला। इस क्रम में गाड़ी से दूल्हे को छुड़ा ले जाया गया और हंगामे के बीच दोनों जोड़ों की शादी भी करा दी गई। शादी जैसे तैसे हुई। प्रशासन केवल पंडित को ले जा सका।भीड़ को नियंत्रित करने में परेशानी होने पर प्रशासन ने जिला और थाना से अतिरिक्त बल की मांग की।

## सिमलोंग ओपी प्रभारी बने बलवंत दुबे

लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)

सिमलोंग ओपी में बलवंत दुबे ने गुरुवार को 15 वें ओपी प्रभारी के रूप में अपना योगदान किया। बलवंत दुबे 2018 बैच के दरोगा है,इससे पूर्व वह नगर थाना में बतौर जेएसआई के पद पर पदस्थापित थे।उन्होंने कहा पुलिस

अधीक्षक ने जिस उम्मीद से मुझे थानाध्यक्ष बना कर भेजा है उसमें मैं शत प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा थाना क्षेत्र में हर हाल में अवैध कार्य चलने नहीं दिया जाएगा। क्राइम पर पैनी नजर रहेगी।उन्होंने कहा लोग निसंकोच थाना में आकर हम से मिले हर संभव मदद किया जाएगा। पुलिस आम जनता के साथ हैं।

पूर्व रेलवे

**ई-ठिका़ खोबो़र सं. ओ-एसी-टी-150 खो़न 151-25-26 (ओपन), मा़हित 11.03.2026;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, पिन-713301 होतेते लातार रे ओ़लाकान का़मी फान्डाव ला़गित् ई-ठिका़को खुला़ नेवतायेत् काना़: **क्रमांक 1, केस सं.: ओ-एसी-टी-150-25-26; का़मी रेयाक् ञुतुम:** एमडीपी रे जिम, मनोरंजन कक्ष, दाकाजो़म ओड़ाक्, दाकाय ओड़ाक्, टान्डीते ओड़ाक् एमान बेनाव सांवते 25 गो़टेच् बिस्तर वाला नावां आरपीएफ बैरक बेनाव बाखरा खुला़ ठिका़। **ठिका़ रेयाक् पूंजी: रु.** 1,11,58,089। **बायना पायसा: रु.** 2,05,800; **का़मी पुरा़उ रेयाक् सो़मो़य:** 8 चान्दो। क्रमांक 2, केस सं.: ओ-एसी-टी-151-25-26; का़मी रेयाक् ञुतुम: एसएसई/पी (वे)/एमडीपी सेक्शन रे ट्रैक मो़रामुतीय आर ञेलजो़तो़न बाखरा खुला़ ठिका़। ठिका़ रेयाक् पूंजी: रु. 84,37,079,05। बायना पायसा:: रु. 1,68,800; का़मी पुरा़उ रेयाक् सो़मो़य: 6 चान्दो। बो़ंदो़क् रेयाक् ता़रीक आर सो़मो़य: 10.04.2026 हिलो़क् 12.00 बजे। पुरा़उ बानाडाय दो़ रेलवे रेयाक् वेबसाइट www.ireps.gov.in रे ञेल दाड़ेयाक् आ।

(ASN-389/2025-56)


ठिका़ खो़बो़रको दो़ वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in रे हो़ं बेबो़सता आकान मेनाक् आ।

नो़ंडे पांजालेपे: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## अमड़ापाड़ा में विभाग की सख्त कार्रवाई 10 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे

संताल एक्सप्रेस संवाददाताअमड़ापाड़ा(पाकुड़)।प्रखंड मुख्यालय स्थित अमड़ापाड़ा बाजार में बिजली विभाग ने बकाया बिल नहीं चुकाने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए कई लोगों के कनेक्शन काट दिए विभाग की इस कार्रवाई से बाजार क्षेत्र के बकायेदारों में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार सहायक विद्युत अभियंता प्रभातेश्वर तिवारी के निर्देश पर बिजली विभाग की टीम ने बाजार क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया।इस दौरान उन उपभोक्ताओं को चिन्हित किया गया जिनका बिजली बिल 10 हजार रुपये से अधिक बकाया था अभियान के तहत कुल 10 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काट दिए गए।छापेमारी दल में जूनियर लाइन मैन श्याम कुमार, लाइन मैन अरुण कुमार एवं राजन मुर्मू शामिल थे। टीम ने कौशल किशोर, जितेंद्र साह, रामजन्म भगत, जगदीश भगत तथा दीनानाथ साह समेत अन्य बकायेदार उपभोक्ताओं के बिजली संबंध विच्छेद कर दिए। सहायक विद्युत अभियंता प्रभातेश्वर तिवारी ने बताया कि बिजली बिल का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ विभाग की यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से समय पर बिजली बिल जमा करने की अपील करते हुए कहा कि बकाया भुगतान नहीं करने पर कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी।

## संगठन को मजबूत बनाने पर बल,चलाया गया सदस्यता अभियान



संताल एक्सप्रेस पाकुड़। जिले के ईशाकपुर में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के तत्वावधान में सदस्यता अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आसपास के कई पंचायतों से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। बैठक के दौरान कई लोगों ने रसीद कटवाकर पार्टी की औपचारिक सदस्यता ग्रहण की और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि हम हमेशा संविधान, सामाजिक न्याय और वंचित समाज की आवाज़ को बुलंद करने के लिए प्रतिबद्ध रही है। पार्टी की विचारधारा को क्षेत्र के हर कोने तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय होकर काम करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने तथा अधिक से अधिक लोगों को सदस्यता अभियान से जोड़ने का संकल्प लिया।

## अमड़ापाड़ा में संस्कार हिल्स स्कूल का उद्घाटन

अमड़ापाड़ा(पाकुड़)प्रखंड मुख्यालय के अमड़ापाड़ा बाजार के पोखरिया रोड में गुरुवार को संस्कार हिल्स स्कूल का उद्घाटन किया गया।उद्घाटन पारंपरिक पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ।धनबाद के गायत्री परिवार से आए पुरोहित गजेंद्र भाई जी एवं रश्मि जी ने विधिवत पूजा-अनुष्ठान संपन्न कराया।इसके बाद विद्यालय के संस्थापक रामनाथ भगत एवं उनकी धर्मपत्नी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर स्कूल का विधिवत शुभारंभ किया,कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गणमान्य लोग, शिक्षक एवं अभिभावक मौजूद रहे। उद्घाटन के मौके पर विद्यालय के संस्थापक रामनाथ भगत ने कहा कि विद्यालय की स्थापना का उद्देश्य क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराना है. उन्होंने कहा कि स्कूल में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अच्छे संस्कार और अनुशासन की शिक्षा भी दी जाएगी, ताकि वे भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बन सकें. उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए विद्यालय से जोड़ने की अपील की

# बाबा बैद्यनाथ महोत्सव 16 से 18 मार्च तक, प्रशासन ने कसी कमर

**संताल एक्सप्रेस संवादादता**

**देवघर।** समाहरणालय सभागार में बाबा बैद्यनाथ महोत्सव 2026 की तैयारियों को लेकर डीसी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में महोत्सव के सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों की समीक्षा की गई और अधिकारियों को समय पर सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि तीन दिवसीय बाबा बैद्यनाथ महोत्सव का आयोजन 16, 17 और 18 मार्च 2026 को स्थानीय केकेएन स्टेडियम में किया जाएगा। प्रशासन का उद्देश्य महोत्सव को भव्य और यादगार बनाना है, ताकि बड़ी संख्या में लोग इसमें शामिल हो सकें। इसके लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ काम करने और महोत्सव से जुड़े कार्यों को निर्धारित समय में पूरा करने का निर्देश दिया गया।




बैठक के दौरान विधि व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, ट्रैफिक प्लान, आम लोगों के बैठने की व्यवस्था, भव्य पंडाल, अतिथि आवासन, साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय और विद्युत व्यवस्था सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। संबंधित अधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों और कार्यपालक अभियंताओं को इन सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।

## एम्स देवघर के आसपास तंबाकू विरोधी अभियान चला, 28 दुकानदारों से वसूला गया जुर्माना



**देवघर संताल एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में कोटपा (सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम) 2003 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर गुरुवार को विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। सिविल सर्जन डॉ. बच्चा प्रसाद सिंह तथा जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी-सह-नोडल पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार गुप्ता के निर्देश पर देवीपुर थाना क्षेत्र स्थित एम्स देवघर एवं आसपास के क्षेत्रों में यह अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व अवर निरीक्षक सुधांशु यादव एवं राज्य कार्यक्रम सहायक धीरज कुमार राम ने किया। इस दौरान सार्वजनिक स्थलों पर तंबाकू उत्पादों की बिक्री और कोटपा कानून का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। जांच के दौरान 28 दुकानदारों को नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जिनसे कुल 1900 रुपये का जुर्माना वसूला गया।अधिकारियों ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना, दुकानों के सामने सिगरेट या तंबाकू के प्रचार-प्रसार के लिए पोस्टर लगाना तथा माचिस, लाइटर और ऐश ट्रे उपलब्ध कराना कोटपा अधिनियम की धारा 4 और 5 का उल्लंघन है।

## संताल परगना आयुक्त पहुंचे देवघर



**देवघर।** देवघर आगमन पर संथाल परगना आयुक्त संजय कुमार का गुरुवार को देवघर परिसदन में स्वागत किया गया। इस अवसर पर डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिवादन किया। परिसदन में आयोजित इस औपचारिक स्वागत कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति रही।

## मानसिक रोग जागरूकता पर कार्यक्रम




**देवघर संताल एक्सप्रेस।** सारठ प्रखंड अंतर्गत राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय पथरड्डा में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के बीच एक दिवसीय मानसिक रोग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, सदर अस्पताल देवघर की टीम ने भाग लिया। इस दौरान मनोचिकित्सा विभाग की क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. अपर्णा रानी एवं साइकाइट्रिक सोशल वर्कर मोहम्मद शरीफ अंसारी ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। मोहम्मद शरीफ अंसारी ने बताया कि मानसिक रूप से स्वस्थ रहना व्यक्ति के परिवार और समाज के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने छात्रों को कम तनाव लेने, पढ़ाई में संतुलन बनाए रखने तथा नशे से दूर रहने की सलाह दी। साथ ही युवाओं को मानसिक रूप से सशक्त बनकर समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित किया। वहीं डॉ. अपर्णा रानी ने बच्चों को नियमित दिनचर्या अपनाने, ब्रीदिंग एक्सरसाइज और शारीरिक व्यायाम करने के महत्व के बारे में बताया।

## देवघर में महिला जनसुनवाई को लेकर तैयारी पूरी

**देवघर।** समाहरणालय सभागार में गुरुवार को डीसी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में नेशनल कमीशन फॉर विमेन के तहत 13 मार्च को होने वाले राष्ट्रव्यापी महिला जनसुनवाई कार्यक्रम राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान डीसी ने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले की महिलाओं को ऐसा सुरक्षित मंच देना है, जहां वे अपनी शिकायतों और समस्याओं को सीधे राष्ट्रीय महिला आयोग के समक्ष रख सकें। जनसुनवाई के दौरान घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना और महिलाओं के कानूनी अधिकारों के उल्लंघन से जुड़े मामलों की सुनवाई की जाएगी। इससे महिलाओं को न्याय और सहायता पाने में सहूलियत होगी। कार्यक्रम के तहत 13 मार्च को मानव तस्करी विरोधी विषय पर कार्यशाला भी आयोजित की जाएगी। इसके अलावा 14 मार्च को सुबह 10 बजे से 11.30 बजे तक शिल्पग्राम नंदन पहाड़ में शी सर्व्स कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित है।

## नगर निगम में महिला शक्ति के साथ स्वच्छता का संकल्प




**देवघर।** नगर विकास विभाग के निर्देश पर देवघर नगर निगम द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के अवसर पर गुरुवार को विशेष कार्यशाला और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सफाई व्यवस्था से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं और महिला सफाई मित्रों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना, उनके योगदान को सम्मान देना और शहर को स्वच्छ व स्वस्थ बनाने के लिए सामूहिक संकल्प को मजबूत करना था। कार्यशाला के दौरान अधिकारियों ने उपस्थित महिलाओं को स्वच्छता अभियान के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया गया कि शहर को साफ और व्यवस्थित रखने में महिलाओं की भूमिका बेहद अहम है।

---

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, देवघर

### शुद्धि–पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भवन प्रमंडल देवघर द्वारा प्रकाशित अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–20/2025.–26 जिसका पी0 आर0 संख्या–374032 Building (25-26):D को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल देवघर

PR 374901 (Building)25-26*D

---

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गोड्डा

### अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

**अल्पकालीन ई निविदा सूचना संख्या – RWD/SD/GODDA/15/2025-26**

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र०सं/ ग्रुप संख्या | प्रखड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गोड्डा | अल्पसंख्यक कल्याण छात्रावास, मदरसा जामिया इस्लामिया इबने तामिया एजुकेशन वेलफेयर ट्रस्ट, आजाद नगर, फसियाडंगाल, गोड्डा के मरम्मति एवं जीर्णोद्धार कार्य। | 23,89,300.00 | 48,000.00 | 5,000.00 | 03 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 16.03.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 16.03.2026 से दिनांक 23.03.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गोड्डा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 25.03.2026 अपराह्न 02:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गोड्डा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9771979309
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र की वैद्यता निर्गत की तिथि से 6 माह होगी एवं उपायुक्त द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र की वैद्यता 1 वर्श की होगी।
11. अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये निविदा को रद्द करने का अधिकार होगा।
12. इस प्रमंडल के अन्तर्गत पूर्व से लंबित कार्य रहने एवं आवंटित कार्य का एकरारनामा नहीं करने की स्थिति में निविदा पर विचार नहीं किया जा सकता है।
13. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,गोड्डा

PR 374842 Rural Development(25-26).D

---

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गोड्डा

### निविदा आमंत्रण सूचना

**एतद द्वारा इस कार्यालय के अन्तर्गत विभिन्न कार्यों को कराने हेतु RCD एवं RWD में निबंधित संवेदकों को निम्नलिखित ग्रुपों के अंतर्गत निम्नांकित अवधि तक अलग अलग ग्रपों हेतु अलग अलग मुहरबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है :–**

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – RWD/SD/GODDA/17/2025-26

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र०सं/ ग्रुप संख्या | प्रखड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महागामा | Drinking Water Facility in CHC Mahagama | 3,10,400.00 | 6,500.00 | 750.00 | 03 माह |
| 2 | | Drinking Water Facility in PHC Parsa | 4,38,300.00 | 9,000.00 | 750.00 | 03 माह |

2. निविदा की तिथि – 16.03.2026
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 16.03.2026 से दिनांक 23.03.2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक
4. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गोड्डा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –24.03.2026 अपराह्न 05:00 बजे
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गोड्डा।
7. निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9771979309
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क की राशि केवल Draft द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र की वैद्यता निर्गत की तिथि से 6 माह होगी एवं उपायुक्त द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र की वैद्यता 1 वर्श की होगी।
11. अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये निविदा को रद्द करने का अधिकार होगा।
12. इस प्रमंडल के अन्तर्गत पूर्व से लंबित कार्य रहने एवं आवंटित कार्य का एकरारनामा नहीं करने की स्थिति में निविदा पर विचार नहीं किया जा सकता है।

विस्तृत जानकारी के लिये कार्यालय से सूचना प्राप्त की जा सकती एवं सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गोड्डा

PR 374844 (Rural Development)25-26*D

---

## साहेबगंज समाहरणालय (सामाजिक सुरक्षा कोषांग) जिला बाल संरक्षण ईकाई, साहेबगंज।

### सूचना

**जिला बाल संरक्षण ईकाई, साहेबगंज के संविदा आधारित विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु प्राप्त आवेदनों की तैयार प्रारंभिक सूची के प्रकाशन एवं स्कील टेस्ट संबंधी सूचना :–**

सचिव महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखंड राँची का संकल्प संख्या ज्ञापांक–1835, दिनांक–20.07.2016, अधिसूचना सं0–3761, दिनांक–14.09.2017, संकल्प सं0–860, दिनांक–31.03.2023 इस कार्यालय के ज्ञापांक–112/जि0बा0सं0, दिनांक–20.02.2025 के द्वारा जिला बाल संरक्षण ईकाई, साहेबगंज के अधीन संविदा आधारित विभिन्न पदों पर बाल संरक्षण योजना के सफल कार्यान्वयन हेतु "संरक्षण पदाधिकारी संस्थागत देख–रेख", "परामर्शदाता", "आउटरीच कार्यकर्त्ता", "सहायक–सह डाटा इंट्री ऑपरेटर (DCPU)", "सहायक–सह–डाटा इंट्री ऑपरेटर (CWC)", "सहायक–सह–डाटा इंट्री ऑपरेटर (JJB)", के पदों पर विज्ञापन सं0–01/2025 के आलोक में दिनांक–08.03.2025 तक ऑफलाईन मोड में स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक से जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, साहेबगंज के कार्यालय में आमंत्रित की गई थी।

केन्द्र प्रायोजित बाल संरक्षण सेवाएं अन्तर्गत उपरोक्त पदों हेतु प्राप्त आवेदनों के स्क्रुटनी उपरांत दावा–आपत्ति हेतु प्रारंभिक सूची का प्रकाशन कर दो बार दावा–आपत्ति हेतू आवेदन लिया गया। सभी दावा–आपति आवेदनों की स्क्रुटनी करने के उपरांत पद वार कुल–213 आवेदनों को स्वीकृत किया गया तथा कुल–103 आवेदनों को अस्वीकृत किया गया है, जिसकी सूची जिला के वेभसाईट Sahibganj.nic.in पर प्रकाशित की जा रही है।

उपरोक्त पद में "संरक्षण पदाधिकारी संस्थागत देख–रेख" एवं "परामर्शदाता" हेतु Computer Proficiency Test तथा सहायक–सह–डाटा इंट्री ऑपरेटर (DCPU, CWC,एवं JJB) हेतु Computer Typing Test/Skill Test हेतु दिनांक–20.03.2026 की तिथि निर्धारित किया गया है। स्वीकृत योग्य सभी आवेदक अपना वैध पहचान पत्र की मूल प्रति तथा आधार कार्ड/वोटर कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/पैन कार्ड/पासपोर्ट आदि के साथ **दिनांक–20.03.2026 को पूर्वाहन 09:00 बजे से, फुलो–झानो डिजिटल लाईब्रेरी, समीप गंगा बिहार पार्क, साहेबगंज** में स्वंय उपस्थित होकर निर्धारित Test में भाग लेना सुनिश्चित करेंगें। वैसे स्वीकृत आवेदक जिन्होंने एक से अधिक पद हेतु आवेदन दिया है, उनका Test केवल एक बार हीं लिया जाऐगा। उपरोक्त निर्धारित तिथि के उपरांत किसी भी प्रकार का Computer Proficiency Test/ Computer Typing Test/Skill Test लेने का विचार नही किया जाऐगा।

प्रभारी पदाधिकारी,
सामाजिक सुरक्षा कोषांग,

PR 374885 (Giridih) 25-26 (D)

---

## कार्यपालक अभियता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0–2, दुमका।

### अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना 29 वर्ष 2025–26

1. विभाग का नामः– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समयः– दिनांक– 22.03.2026 अपराह्न 3:30बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथिः– दिनांक– 23.03.2026 अपराह्न 4:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :– दिनांक– 23.03.2026 अपराह्न 5:00 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0–2,दुमका। (2) सहायक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अवर, बासुकीनाथ। (3) सहायक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अवर, सं0 2,दुमका।
6. निविदा प्राप्ति का स्थानः– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0–2,दुमका।
7. निविदा खोलने का स्थानः– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0–2,दुमका।
8. कार्य की विस्तृत विवरणीः–

| क्र0 | योजना का नाम | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of 200mm x165mm x295.00 M deep high yield Drilled Tube well & Installation of Electric motor pump of (2.00 H.P.) Complete set and 4 nos. Stand post in Blind Residential School Village- Sriamra, Panchayat-Golpur, Block- Dumka"on turn key Basic" | Blind School/ DMK-1 | 619299.00 | 12500.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 2 | Construction of 200mm x 165mm x 250 M Deep high yield drilled Tube well Installation of Electric Motor Pump of 3.00 HP for ITI Jarmundi, Block-Jarmundi"on turn key Basic" | ITI/JAR-2 | 492960.00 | 10000.00 | 750.00 | 15 Days |
| 3 | Construction of 200mm x165mm x 300.00 M deep high yield Drilled Tube well & Installation of Solar motor pump of 2.00 H.P. for Old Age Home, Village- Hijla, Panchayat-PuranaDumka, Block- Dumka"on turn key Basic" | OLD/AGE/ DMK-3 | 731396.00 | 14700.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 4 | Construction of 200mm x 165mm x 210.00 M deep high yield Drilled Tube well & Installation of Electric Motor Pump of 3.00 H.P. for Dumka Engineering College, Block- Dumka"on turn key Basic" | Engg./ College/ DMK-4 | 428162.00 | 8600.00 | 750.00 | 15 Days |

नोटः– (1) निविदाकी शर्त्ते एवं परिमाण विपत्र विभाबीय वेबसाईट http://dwsd.jharkand.gov.in एवं http://112.133.209.136:8000/dwsd पर अपलोड रहेगा। इच्छुक एजेंसी/संवेदक परिमाण विपत्र वेबसाइट से Download कर निविदा में भाग ले सकते है, परन्तु निविदा जमा करते समय परिमाण विपत्र का निर्धारित मूल्य का बैंक ड्रफ्ट तकनीकी बीड के साथ अनुलग्नित करेंगे, जो कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–2, दुमका के पदनाम से भुगतेय होगा।
(2) निविदा की अन्य नियम एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पट् पर भी देखी जा सकती है।

(ई0 रमेश कुमार लोहरा)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–2, दुमका

PR 374838 (Drinking Water and Sanitation) 25-26 (D)

---

## जिला कृषि कार्यालय, गोड्डा

### गोड्डा जिला के बीज, उर्वरक एवं कीटनाशी विक्रेताओं के लिए आवश्यक सूचना

उप निदेशक (रसायन), कृशि निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 695 दिनांक 17.02.2026 एवं कार्यालय पत्रांक 127 दिनांक 10.03.2026 के क्रम में सभी थोक उर्वरक विक्रेता / सभी खुदरा उर्वरक विक्रेता जिला गोड्डा को आवश्यक रूप से सूचित किया जाता हैं कि आपके प्रतिष्ठान में उपलब्ध पुराने उर्वरक Portal/PoS Machine पर Stock प्रदर्शित हो रहा है एवं विक्री हो चुके उर्वरक को यथाशीघ्र Portal/PoS Machine पर Stock को Nil कर दिया जाय।

ज्ञात हो कि जॉच के क्रम में यदि आपके प्रतिष्ठान में पूराने उर्वरक का भण्डारण , Portal/PoS Machine पर Stock प्रदर्शित होगा तथा भौतिक सत्यापन और Portal/PoS Machine पर भिन्नता पायी जायेगी तो आपके विरूद्व के FCO 1985 अन्तर्गत सुसंगत कार्रवाई की जायेगी एवं आपका लाईसेंस रद्द कर दिया जायेगा । जिसकी सारी उत्तरदायी संबंधित प्रतिष्ठान की होगी। साथ ही यह भी निदेश दिया जा रहा है कि गोड्डा जिला अन्तर्गत सभी बीज, उर्वरक एवं कीटनाशी खुदरा एवं थोक अनुज्ञप्तिधारी विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि अपने प्रतिश्ठान का नाम, मूल्य तालिका, भंडार की स्थिति, भंडार पंजी का संधारण, PoS मशीन के द्वारा उर्वरक का विक्रय करना, सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर ही उर्वरक का विक्रय करना, Form O/Agency Letter के अनुसार बीज, उर्वरक एवं कीटनाशी का विक्रय करना, बीज का Blockchain Portal पर Registration एवं Stock Entry प्रत्येक माह के अन्त में करना अनिवार्य है।

बिना अनुज्ञप्ति के बीज, उर्वरक एवं कीटनाशी का विक्रय ना किया जा जाय। औचक निरीक्षण के क्रम में यदि यह पाया जाता है कि बिना अनुज्ञप्ति के व्यवसाय किया जा रहा है तो उस पर FCO 1985, वस्तु अधिनियम 1955 एवं बीज अधिनियम के सुसंगत नियमों के तहत आवश्यक कार्रवाई की जायेगी साथ ही किसी भी परिस्थिति में नाबालिक बच्चे एवं महिलाओं को कीटनाशी कि बिक्री ना करें एवं जिले के किसी भी कीटनाशी विक्रेता द्वारा नाबालिक बच्चे एवं महिलाओं को कीटनाशी नहीं देना सुनिश्चित करेंगे। यदि किसी भी विक्रेता द्वारा यह मामला प्रकाश में आता है कि संबंधित प्रतिष्ठान के द्वारा नाबालिक बच्चे एवं महिलाओं को कीटनाशी बेचा जा रहा है तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जायगी।

**इसे सख्त निदेश समझा जाय।**

जिला कृषि पदाधिकारी,
गोड्डा

PR 374825 Agriculture (25--26)_D

---

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,गोड्डा

### अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

**अल्पकालीन ई निविदा सूचना संख्या – RWD/SD/GODDA/14/2025-26**

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र०सं/ ग्रुप संख्या | प्रखड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Godda | Construction of Toiltet, Drinking Water Facilities, Rain Water Harvesting In 07 Number of Anganwadi Center & 24 Number of Rain Water Harvesting In Different Anganwadi Center Under Godda Block of Godda District. | 8,89,050.00 | 18,000.00 | 1,250.00 | 03 माह |
| 2 | Pathargama | Construction of Toiltet, Drinking Water Facilities, Rain Water Harvesting In 17 Number of Anganwadi Center & 17 Number of Rain Water Harvesting In Different Anganwadi Center Under Pathargama Block of Godda District. | 14,98,550.00 | 30,000.00 | 2,500.00 | 03 माह |
| 3 | Sunderpahari | Construction of Toiltet, Drinking Water Facilities, Rain Water Harvesting In 18 Number of Anganwadi Center & 14 Number of Rain Water Harvesting In Different Anganwadi Center Under Sunderpahari Block of Godda District. | 15,22,700.00 | 30,500.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 4 | Basantrai | Construction of Toiltet, Drinking Water Facilities, Rain Water Harvesting In 06 Number of Anganwadi Center & 15 Number of Rain Water Harvesting In Different Anganwadi Center Under Basantrai Block of Godda District. | 6,72,900.00 | 13,500.00 | 1,250.00 | 03 माह |
| 5 | Poriyahat | Construction of Rain Water Harvesting In 23 Number of Anganwadi Center Under Poriyahat Block of Godda District. | 3,68,000.00 | 7,500.00 | 750.00 | 03 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 16.03.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 16.03.2026 से दिनांक 23.03.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गोड्डा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 25.03.2026 अपराह्न 02:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गोड्डा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9771979309
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र की वैद्यता निर्गत की तिथि से 6 माह होगी एवं उपायुक्त द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र की वैद्यता 1 वर्श की होगी।
11. अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये निविदा को रद्द करने का अधिकार होगा।
12. इस प्रमंडल के अन्तर्गत पूर्व से लंबित कार्य रहने एवं आवंटित कार्य का एकरारनामा नहीं करने की स्थिति में निविदा पर विचार नहीं किया जा सकता है।
13. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,गोड्डा

PR 374839 Rural Development(25-26).D

---

## न्यायालय प्राधिकृत पदाधिकारी –सह– वन प्रमंडल पदाधिकारी, दुमका वन प्रमंडल, दुमका।

LiFE Lifestyle for Environment

### आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि दुमका वन प्रमंडल, दुमका अन्तर्गत वन अपराध में संलिप्त वाहन तथा वन पदार्थ को जप्त किया गया है जिसपर अधिहरण की कार्यवाही प्रारंभ की गई है। जप्त वाहन तथा वन पदार्थ की विवरणी निम्नवत् हैः–

| क्र0 | अधिहरण वाद संख्या | | जप्ती तिथि | जप्त वाहन का प्रकार एवं निबंधन संख्या | जप्त सामग्री का विवरण | घटना स्थल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | सरकार बनाम नईम अंसारी एवं अन्य | 37/2025 | 18.12.2025 | टाटा मैजिक सं0–JH-04M/4467 | डुमर प्रजाति–16 बोटा लकड़ी | दुमका–जामताड़ा मुख्य मार्ग रानीघाघर चौक के समीप |
| 2 | सरकार बनाम टुनटुन बयरा | 33/2025 | 18.11.2025 | सफेद रंग का पीकअप वाहन सं0–WB-51/5993 | विभिन्न प्रजाति–24 बोटा लकड़ी | दुमका–देवघर मुख्य मार्ग पर आसनथर ग्राम के पास |
| 3 | सरकार बनाम सनाउल अंसारी | 32/2025 | 14.10.2025 | हरा रंग का मैजिक वाहन संख्या–JH0-04D/2668 | साल प्रजाति कच्चा जलावन लकड़ी कुल– 70 बोझा (लगभग 08 क्विंटल) | दुधानी टावर चौक के पास |
| 4 | सरकार बनाम अमिन मियाँ एवं अन्य | 26/2025 | 09.08.2025 | मोटरसाईकिल (1) HF DLX No.- JH-04U/9878 (2) Passion Pro (बिना नम्बर का) (3) Passion Pro (बिना नम्बर का) | साल प्रजाति–10 बोटा लकड़ी | जोलो–बाबुपुर मार्ग पर खजूरडंगाल के पास |
| 5 | सरकार बनाम युम्फू अंसारी एवं अन्य | 21/2025 | 14.06.2025 | चाईनाठेला | विभिन्न प्रजाति–14 बोटा लकड़ी | दुर्गापुर–खरौनी मार्ग पर कारीपहाडी के पास |
| 6 | सरकार बनाम मुंशी शर्मा | 22/2025 | 13.06.2025 | चाईनाठेला | विभिन्न प्रजाति–56 चिरान लकड़ी | नोनीहाट–हँसडीहा मुख्य सड़क पर |
| 7 | सरकार बनाम घनश्याम मंडल | 11/2025 | 12.04.2025 | सुपर स्पलेंडर मोटरसाईकिल संख्या–JH-040/3412 | सखुआ चिरान लकड़ी–25 पीस | सिलगी–बोड़ापहाड़ी मार्ग पर कोलियो ग्राम के पास |
| 8 | सरकार बनाम अमिन मियाँ | 05/2025 | 26.03.2025 | (1) मोटरसाईकिल होंडा साईन CB (बिना नम्बर का), (2) मोटरसाईकिल होंडा साईन SP (बिना नम्बर का) | साल प्रजाति का 05 बोटा लकड़ी | दुर्गापुर–खरौनी मुख्य मार्ग पर मौजा– पिंडरगड़िया के पास |
| 9 | सरकार बनाम सईम अंसारी | 29/2024 | 03.12.2024 | पीकअप वाहन संख्या– JH-04J/9475 | बरगद–100 पीस, पीपल–310 पीस कुल–420 पीस चिरान लकड़ी | दुमका–मसलिया मुख्य मार्ग में कमार दुधानी के पास दुर्घटनाग्रस्त |
| 10 | सरकार बनाम कासीम अंसारी एवं अन्य | 28/2024 | 30.11.2024 | सफेद रंग का पीकअप वाहन संख्या–JH-04G/4669, इंजन नं0–GHD1J75962 | गम्हार प्रजाति–20 बोटा, नीम–04 बोटा कुल–24 बोटा लकड़ी | बसुटिया–पालोजोरी मुख्य मार्ग ग्राम–बड़ा चन्दना के समीप |
| 11 | सरकार बनाम लालु शेख | 26/2024 | 07.10.2024 | महिन्द्रा 475DI ट्रैक्टर एवं ट्रेलर संख्या–WB-54B/0227 | विभिन्न प्रजाति 25 बोटा लकड़ी | दुमका–रामपुरहाट मुख्य मार्ग पर लोरीपहाडी मौजा के समीप |
| 12 | सरकार बनाम मकशुद अंसारी | 24/2024 | 21.09.2024 | हिरोहोण्डा स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल चेचिस नं0–MBLHA10EKA9A10505 | सेमल प्रजाति–02 बोटा लकड़ी | राजबांध–मुरालपुर मुख्य पथ पर बांकीजोर मौजा के समीप |
| 13 | सरकार बनाम भीम मंडल | 09/2024 | 04.04.2024 | सफेद रंग का महिन्द्रा मेक्स पीकअप वाहन इंजन नं0–GA61G27558 | करम प्रजाति–16 पीस लकड़ी | नोनीहाट–गरडी मुख्य मार्ग पर रामपुर गाँव के पास |
| 14 | सरकार बनाम मतलेब मियाँ एवं अन्य | 63/2023 | 23.11.2023 | टाटा 407 वाहन संख्या–WB-51/2225 | साल प्रजाति–10 बोटा लकड़ी | कुसबोना–शिकारीपाड़ा मार्ग पर कुसबोना गाँव के समीप |
| 15 | सरकार बनाम कारू मियाँ | 59/2023 | 11.11.2023 | हिरो सुपर स्पेंडर मोटरसाईकिल बिना नम्बर का | साल–02 बोटा लकड़ी | कारूडीह मोड़ से पाकुड़िया जानेवाली मुख्य मार्ग पर मुहालो मौजा के पास |
| 16 | सरकार बनाम बिजुआ राय | 54/2023 | 08.10.2023 | चाईनाठेला (क्षतिग्रस्त) | करंज प्रजाति–07 बोटा लकड़ी | महेशबथान–कर्णमुड़ा मुख्य मार्ग में कलाईबाड़ी गाँव के समीप |
| 17 | सरकार बनाम सुभान मियाँ एवं अन्य | 52/2023 | 03.10.2023 | टाटा 407 ट्रक निबंधन सं0–WB-67/9096 | साल प्रजाति–42 बोटा लकड़ी | शिकारीपाड़ा– रामपुरहाट मुख्य मार्ग पर नौपहाड़ मौजा के समीप |
| 18 | सरकार बनाम काजल मंडल | 49/2023 | 27.09.2023 | बिना नम्बर का टाटा मैजिक वाहन | विभिन्न प्रजाति 13 बोटा लकड़ी | बागनल–जीवनपुर मार्ग पर जीवनपुर मोड़ के निकट |
| 19 | सरकार बनाम रतुल मंडल | 27/2023 | 04.06.2023 | बिना नम्बर (सफेद रंग) का टाटा मैजिक वाहन (वाहन में दर्ज TAN NO-VADN0272, VIN NO.-MAT445222BZB10691 एवं इंजन नं0–BYYS21070) | कटहल–08 बोटा लकड़ी | बासुकीनाथ–लगला मार्ग पर पचरोडी मोड़ के समीप |
| 20 | सरकार बनाम वकिल अंसारी उर्फ सदाकत अंसारी | 22/2023 | 06.05.2023 | सफेद रंग का टाटा योद्धा पीकअप वाहन इंजन नं0–252701150236 | विभिन्न प्रजाति 18 बोटा लकड़ी | दुमका–दलाही मुख्य मार्ग सितपहाड़ी मौजा के पास |
| 21 | सरकार बनाम सहदेव मंडल एवं अन्य | 20/2023 | 05.04.2023 | TATA XENON No. - WB-39E/5332 | बरगद प्रजाति 19 बोटा लकड़ी | जामा थाना परिसर |
| 22 | सरकार बनाम श्यामलाल मंडल एवं अन्य | 45/2022 | 19.09.2022 | सफेद रंग का (बिना नम्बर का) महिन्द्रा पिकअप वाहन | नीम प्रजाति–06 बोटा एवं कटहल प्रजाति–05 बोटा कुल–11 बोटा लकड़ी | बासुकीनाथ लगला मार्ग पर पचोडी मोड़ के पास |
| 23 | सरकार बनाम अहमद अंसारी उर्फ मुंडरा | 25/2022 | 25.04.2022 | बिना नम्बर का पिकअप वाहन चेचिस सं0– MAT524001DPF04242 | विभिन्न प्रजाति का 30 बोटा लकड़ी | टोंगरा–महेशबथान मुख्य मार्ग ग्राम– तातलोई के पास |

इस सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर संबंधित वाहन स्वामी ऑनर बुक के साथ अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में दावा प्रस्तुत करें अन्यथा बाध्य होकर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी
–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी,
दुमका वन प्रमंडल, दुमका।

PR 374845 (Forest, Environment and Climate Changes) 25-26 (D)

## जमीन विवाद में महिला कि हत्या मामले में तीन आरोपीयों को भेजा जेल

संताल एक्सप्रेस संवाददाता बोरियो-बोरियो थाना क्षेत्र के बांझी फुटानी हाट परिसर में जमीनी विवाद मे महिला की हत्या मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया. मामले को लेकर थाना प्रभारी रोहित कुमार ने बताया कि मृतिका के भाई मनिंदर हांसदा के आवेदन के आलोक बोरियो थाना कांड संख्या 22/26 मामला दर्ज करते हुए तीन नामजद आरोपी भोला हांसदा, मंझली मुर्मू एवं तारा हांसदा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है. वही शव का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए परिजन को सौप दिया गया है. पुलिस घटना को लेकर हर बिंदु पर गंभीरता से छानबीन कर रही है.

## नपं प्रशासक ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का किया स्वागत

राजमहल- राजमहल नगर पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद गुरुवार को नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष केताबुद्दीन शेख, उपाध्यक्ष मोहम्मद मारूफ उर्फ गुड्डू सहित सभी वार्ड पार्षदों ने नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे. इस अवसर पर नगर पंचायत के प्रशासक दानिश हुसैन ने सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का पौधे एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया और उन्हें बधाई दी. कार्यालय में आयोजित इस औपचारिक मुलाकात के दौरान प्रशासक ने कहा कि नगर के समुचित विकास और जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाने में जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है. उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी पार्षद आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए नगर की समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाएंगे. इस दौरान नगर क्षेत्र की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, सड़क, नाली, प्रकाश व्यवस्था समेत अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने को लेकर भी चर्चा की गई. नवनिर्वाचित वार्ड पार्षदों ने भी अपने-अपने वार्ड की समस्याओं से अवगत कराया और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर दूर करने की बात कही. वहीं सभी जनप्रतिनिधियों ने नगर के विकास के लिए मिलजुल कर कार्य करने का संकल्प लिया. ताकि नगरवासियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित हो. मौके पर नवनिर्वाचित वार्ड पार्षद राजकुमार मंडल, अनीता बसाक, सन्नी कुमार साहा, गीता बर्मन, उज्जवल हलदार, जोली राय, आमिर कुमार मंडल, रिंकी कुमारी, राजू सरकार, मो बरकत अली, संजीदा बीवी, कफीरन बीवी सहित कार्यालय के अन्य कर्मी उपस्थित थे.

## शबरी पाल ने ली पद व गोपनीयता की शपथ, पदभार ग्रहण किया



संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़। नगर निकाय चुनाव में नगर परिषद के अध्यक्ष पद के लिए पाकुड़ की जनता ने शबरी पाल पर अपना विश्वास जताया है। इन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी झामुमो समर्थित शेख़ सेलिना सुल्ताना को 2353 मतों से पराजित कर पाकुड़ नगर परिषद केअध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया था। सबरी पाल को 7816 मत प्राप्त हुए थे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार 12 मार्च को साबरी पाल ने नगर परिषद के सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, उपनिर्वाचित पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू ,नगर प्रशासक की उपस्थिति में नगर परिषद के अध्यक्ष के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। शपथ ग्रहण के बाद उन्होंने प्रेस को बताया कि जनता से किया हुआ वादा हमारी सर्वोपरि प्राथमिकता है। हर घर जल और सुव्यवस्थित नाली और जल निकासी हमारी प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर है। इसके साथ-साथ साफ सफाई, कीट नाशक दवा का छिड़काव ,शिक्षा ,स्वास्थ्य, बिजली, सड़क, वृद्धा पेंशन, आवास योजना का लाभ की दिशा में मैं काम करूंगा। उन्होंने जनता को धन्यवाद देते हुए कहा की जनता जनार्दन ने जिस विश्वास और आस्था के साथ मुझे अपना मतदान देकर अध्यक्ष पद का सरताज पहनाया है मैं सत प्रतिशत उन पर खरा उतरूंगा। प्राथमिकताओं के आधार पर कार्य को पूरा करूंगा। अध्यक्ष के साथ-साथ उपाध्यक्ष सह वार्ड नंबर 5 के पार्षद के रूप में राणा ओझा, वार्ड संख्या 1 से मिथुन मरांडी,वार्ड संख्या 2 से उज्जवल हाड़ी, वार्ड संख्या 3 से किरण लाल कापरी,वार्ड संख्या 4 से रूपाली सरकार,वार्ड संख्या 5 से राणा ओझा, वार्ड संख्या 6 से राखी सरदारनी, वार्ड संख्या 7 से पूनम देवी, वार्ड संख्या 8 से अनिकेत गोस्वामी, वार्ड संख्या 9 से विमल चंद्र राऊत, वार्ड संख्या 10 से गुड्डू भगत, वार्ड संख्या 11 से निभा देवी,वार्ड संख्या 12 से भीम सिंह,वार्ड संख्या 13 से असलम अंसारी,वार्ड संख्या 14 से मोहम्मद मुस्ताक अंसारी,वार्ड संख्या 15 से चंचल सिंह,वार्ड संख्या 16 से रियाज अंसारी,वार्ड संख्या 17 से आलमगीर अंसारी,वार्ड संख्या 18 से कृष्ण शर्मा,वार्ड संख्या 19 से तनु दास, वार्ड संख्या 21 से रजिया बेवा ने भी वार्ड पार्षद के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इसी के साथ सभी ने अपने-आप ने कार्यभार को संभाल लिया है। शपथ ग्रहण के साथ ही अबीर गुलाल एवं मालाओं से सभी ने अपने अपने प्रत्याशियों का स्वागत किया। । मोहल्ले में होली जैसा माहौल उत्पन्न हो गया। सभी वार्ड पार्षदों ने एक स्वर से कहा कि मैं अपने वार्ड का पूरा ख्याल रखूंगा। जिस विश्वास और आस्था के साथ जनता जनार्दन ने मुझे अपना मतदान किया है मैं उनके विश्वास को कभी टूटने नहीं दूंगा।

## सीओ और रैयतो की बैठक में नही निकला जलजमाव का सामाधान

मंडरो- मिर्जाचौकी धर्मशाला परिसर में अंचलाधिकारी संजय कुमार शुक्ला , बड़तल्ला पंचायत के मुखिया संजय टुडू,ग्राम प्रधान लच्छू मुर्मू एवं रैयतों की उपस्थिति में मिर्जाचौकी रक्सी स्थान जाने वाली सड़क पर जल जमाव एवं गड्ढा को लेकर एक बैठक 16 आना रैयत के साथ की गई. इसमें सीओ ने रैयतों को विचार दिया कि इस जल जमाव से निजात तब हो सकता है.जब इसकी निकासी सड़क पर जमे पानी हो इसके लिए रैयत को जमीन देने की बात कही गई. इस पर कुछ रैयतों ने पोखर बनाने के लिए अपनी जमीन देने के लिए तैयार थे. कुछ रैयतों का कहना है कि पोखर के लिए जमीन नहीं देंगे नाली नहीं बनने देंगे पाईप बिछा कर नाली का निर्माण कराया जाय. इसको लेकर रैयतों को बहुत समझाया गया पर बात नहीं बनी. इस पर अंचलाधिकारी ने रैयतों को आपस में सलाह मशविरा कर तैयार हो ने की बात कही. इस तरह बैठक में इस समस्या की स्पष्ट निदान नहीं निकल सका. मौके पर मुखिया संजय टुडू,ग्राम प्रधान लच्छू मुर्मू,राजीव जयसवाल,सीआई जगदेव राय, कर्मचारी बबलू यादव,जावेद अंसारी,बबलू चौधरी,अजीत साह सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे.


पूर्व रेलवे

**ठिका सं.: एमसी-40-सी कट्रैक चुअल-5500 आर, माहित 11.03.2026;** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल, आसनसोल स्टेशन रोड, पिन-713301 होतेते लातार रे ओलाकान कामी फन्डाव बाखरा ई-ठिकाको नेवतायेत् कानाः **कामी रेयाक् जुतुमः** अंडाल रे 5500 वैगनको रेयाक् आरओएच, पीबी रेयाक् मद सं. 519 (25-26)। ठिका रेयाक् पूंजीः रु. 10,23,44,834.20। **बायना पायसाः** रु. 6,61,700। **ठिका कागोच रेयाक् गोनोमः** शून्य। **कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः** 12 चान्दो। **बोंदोक् आर झिजुक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः** 06.04.2026 हिलोक् 15.00 बजे। पुराउ बानाडाय दो रेलवे रेयाक् वेबसाइट **ireps.gov.in** रेको ञेल दाड़ेयाक्आ।

**(ASN-388/2025-26)**

ठिका खोबोरको दो वेबसाइट **www.er.indian-railways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## ग्रामीण उत्पाद प्रदर्शनी में हिस्सा लेने रांची रवाना हुईं 25 महिला किसान

धनबाद,। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 13 मार्च से 15 मार्च तक रांची के खेल गांव में ग्रामीण उत्पाद प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इसमें हिस्सा लेने के लिए गोविंदपुर खरनी के कृषक उत्पादक संगठन गोविन्दपुर किसान साथी प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (एफपीओ) से 25 महिलाएं गुरुवार को रांची रवाना हुईं। प्रदर्शनी में महिलाएं अन्नपूर्णीका - कोयलांचल की पौष्टिक मिठास, ब्रांड के तहत गाय के शुद्ध घी से बने रागी लड्डू का स्टाल लगाएंगी।

## साहिबगंज नगर परिषद से विनीता देवी एवं राजमहल नगर पंचायत से मोहम्मद मारूफ उपाध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

साहिबगंज - नगर पालिका आम निर्वाचन -2026 के तहत् 23 फरवरी को सम्पन्न मतदान तथा 27 फरवरी को सम्पन्न मतगणना के उपरांत नव निर्वाचित जन प्रतिनिधियों को गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी हेमंत सती ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई.सिद्धो-कान्हो सभागार साहिबगंज में आयोजित कार्यक्रम में साहिबगंज नगर परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामनाथ पासवान एवं वार्ड पार्षदों को शपथ दिलाई गई. वहीं राजमहल नगर पंचायत के अध्यक्ष केताबुद्दीन शेख एवं वार्ड पार्षदों को समाहरणालय सभागार में तथा बड़हरवा नगर पंचायत के अध्यक्ष अर्पिता दास एवं वार्ड पार्षदों को जिला पंचायती राज




सभागार में शपथ दिलाई गई.इस अवसर पर सभी जनप्रतिनिधियों ने संविधान की गरिमा को बनाए रखने, अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने तथा जनहित में कार्य करने की शपथ ली.इसके साथ ही नगर परिषद साहिबगंज, नगर पंचायत राजमहल एवं नगर पंचायत बड़हरवा के लिए उपाध्यक्ष पद का चुनाव भी संपन्न कराया गया. साहिबगंज नगर परिषद क्षेत्र से



विनीता देवी को उपाध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया. नगर पंचायत राजमहल क्षेत्र से मोहम्मद मारूफ को उपाध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया.

वहीं नगर पंचायत बड़हरवा में उपाध्यक्ष पद के लिए निर्मला कुमारी एवं राजकुमार भगत द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया था. चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न होने के उपरांत राजकुमार भगत को उपाध्यक्ष पद के



लिए निर्वाचित घोषित किया गया.इस अवसर पर जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारी, संबंधित निर्वाची पदाधिकारी तथा नव निर्वाचित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे.जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी ने सभी नव निर्वाचित प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि वे अपने-अपने क्षेत्र के विकास तथा नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे.

## ट्रक में पीछे से बाइक की टक्कर, चालक घायल



बरहेट / साहिबगंज - बरहेट-बोरियो मुख्य सड़क पर पचकठिया रांगा जाहेर थान के समीप गुरुवार को एक सड़क दुर्घटना में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल की पहचान दूधिया पोखर निवासी 25 वर्षीय हरि टुडू पिता प्राण टुडू के रूप में हुई है.घटना की सूचना मिलते ही बरहेट थाना के पुलिस पदाधिकारी रघुवीर राम मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से घायल युवक को ऑटो के माध्यम से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट पहुंचाया गया. पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है. इधर सीएचसी बरहेट में घायल हरि टुडू का प्राथमिक उपचार किया गया. उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया.मिली जानकारी के अनुसार हरि टुडू पचकठिया से अपने गांव की ओर बाइक से जा रहा था. इसी दौरान रांगा जाहेर थान के पास साहिबगंज जाने वाली दिशा में खड़ी रॉयल एनफील्ड बाइक से लदे ट्रक संख्या जेएच 09 एएल 4888 में पीछे से उसकी बाइक टकरा गई. इस दुर्घटना में बाइक चालक हरि टुडू गंभीर रूप से घायल हो गया.

## मतदान के साथ झारखंड स्टेट बार काउंसिल का चुनाव संपन्न



संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज -झारखंड स्टेट बार काउंसिल के 23 सदस्यों के लिए झारखंड बार काउंसिल रांची के तत्वाधान में साहिबगंज न्यायालय परिसर में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान का मतदान किया गया. मतदान करने के लिए पवन कुमार चौधरी अधिवक्ता झारखंड हाईकोर्ट को पोलिंग अफसर बनकर भेजा गया था. वही जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रेमनाथ तिवारी प्रजाडीग ऑफिसर बनाया था. चुनाव प्रक्रिया के लिए वीडियो कैमरा की व्यवस्था की गई थी. मतदाता सूची में कुल वोटर 196 था. जिसमें से 169 ने मतदान किया. स्टेट बार काउंसिल के चुनाव में अधिवक्ताओं ने बढ़ चढ़ कर अपना मत का प्रयोग किए हैं. मतदान करने में युवा अधिवक्ताओं ने उत्साह दिखाया.

## सहायक अध्यापक संघ की बैठक 15 को

बोरियो- झारखण्ड राज्य प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ के राज्य कमिटी के निर्देशानुसार रविवार को दोपहर 2 बजे बालक मध्य विद्यालय के प्रांगण में प्रखंड कमिटी की एक बैठक रखी गयी है. बैठक में संगठन के प्रदेश महासचिव विकास चौधरी एवं जिलाध्यक्ष अशोक उपस्थित रहेंगे. इस बैठक में संगठन की मजबूती, संगठन द्वारा सहायक अध्यापकों से संबंधित समस्या के निराकरण हेतु रणनीति तैयार करना, टेट के संबंध में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए आदेश के बाद उत्पन्न स्थिति पर चर्चा, सरकार के साथ 2024 में हुए समझौते के अनुपालन की स्थित की समीक्षा और आगे की रणनीति पर चर्चा, इसके अलावा प्रखंड एवं जिला स्तर पर सहायक अध्यापकों के साथ होने वाली समस्या पर चर्चा होगी. इसके साथ ही व्यक्तिगत समस्या संगठन के समक्ष रखेंगे. इसकी जानकारी प्रखंड अध्यक्ष रवि कुमार ने दी.

## देवघर में अपराध नियंत्रण पर पुलिस की सख्ती, अनुमंडलवार समीक्षा बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देश

देवघर। जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय में अनुमंडलवार अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसपी सौरभ ने की। इस दौरान जिले के वरीय पुलिस पदाधिकारियों के साथ अपराध की स्थिति, लंबित मामलों और कानून-व्यवस्था से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिला स्तर से लेकर अनुमंडल स्तर तक सभी पुलिस पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ काम करें, ताकि किसी भी अप्रिय घटना पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। उन्होंने संगीन और लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन पर विशेष जोर देते हुए अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों में गश्ती व्यवस्था मजबूत करने पर भी बल दिया गया। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि ऐसे इलाकों में नियमित और विशेष गश्ती अभियान चलाया जाए, ताकि अपराध की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।महिला सुरक्षा को लेकर भी बैठक में गंभीरता से चर्चा हुई। एसपी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ऐसे मामलों में त्वरित व कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा आम लोगों की समस्याओं को संवेदनशीलता से सुनने और शिकायतों का शीघ्र समाधान करने पर भी जोर दिया गया।

## डिजनीलैंड मेला का उद्घाटन आज जलपरी होगा आकर्षण का केंद्र

साहिबगंज- शहरवासियों के मनोरंजन के लिए साहिबगंज जिला मुख्यालय में डिजनीलैंड मेला कल से शुरू होने जा रहा है.शहर के केलाबाड़ी पोखरिया मोहल्ला टाउन हॉल के पीछे डिजनीलैंड मेला का भव्य आयोजन होने जा रहा है. जिसका औपचारिक उद्घाटन शुक्रवार शाम 6 बजे किया जाएगा. मेले के प्रबंधक रंजीत कुमार ने गुरुवार को मेला परिसर में प्रेस वार्ता कर इस आयोजन की विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने बताया कि इस बार मेले का सबसे बड़ा आकर्षण रशियन जलपरी शो होगा.

## पुलिस ने बैंकों और आभूषण दुकानों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

बरहेट / साहिबगंज - बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार ने गुरुवार को पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र के विभिन्न बैंकों एवं आभूषण दुकानों में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया.बताया जाता है कि विभिन्न आपराधिक घटनाओं को ध्यान में रखते हुए साहेबगंज पुलिस इन दिनों काफी सतर्क है. इसी क्रम में थाना प्रभारी पवन कुमार समय-समय पर क्षेत्र के प्रमुख संस्थानों और भीड़भाड़ वाले स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था का स्वयं निरीक्षण करते हैं. निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी ने बैंकों में तैनात सुरक्षा गार्ड, सीसीटीवी कैमरा, अलार्म सिस्टम सहित अन्य सुरक्षा इंतजामों की जांच की. साथ ही बैंक के शाखा प्रबंधकों से मुलाकात कर सुरक्षा से जुड़े आवश्यक सुझावों का आदान-प्रदान भी किया.इसके अलावा दैनिक पुलिस गश्ती वाहनों को भी बैंक एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है. ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके.

## लंबित मानदेय सहित विभिन्न मांगों को लेकर 250 मनरेगा कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

पाकुड़। लंबित मानदेय और अपने विभिन्न मांगों के समर्थन में को लेकर गुरुवार को जिले के लगभग 250 मनरेगा कर्मचारी समाहरणालय के बाहर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए हैं। बताया जाता है कि राज्यस्तरीय तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल के समय राज्य सरकार की ओर से मनरेगा कर्मियों के साथ किसी प्रकार की सकारात्मक वार्ता नहीं की गई। जिसके विरोध में जिले के कर्मियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लिया। मनरेगा कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अजित टुडू ने कहा कि प्रदेश इकाई के निर्देशानुसार जिले के सभी मनरेगा कर्मचारी गुरुवार से हड़ताल पर चले गए हैं। उन्होंने कहा कि इससे विभिन्न योजनाओं पर असर पड़ेगा और इसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी।उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना के तहत मजदूरों को



100 दिनों के रोजगार की गारंटी दी जाती है, लेकिन विडंबना यह है कि इस योजना को संचालित करने वाले कर्मचारियों के लिए ही कोई सुरक्षा या गारंटी नहीं है। कार्य के दौरान किसी कर्मचारी की मृत्यु होने पर उसके परिवार को पर्याप्त सहायता नहीं मिल पाती, जिससे कर्मियों में असंतोष बढ़ रहा है। कर्मचारी अजय कुमार साह ने कहा कि राज्य के कई जिलों में महीनों से मनरेगा कर्मियों का मानदेय लंबित है। ऐसी स्थिति में कर्मियों और उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। कर्मचारियों का कहना है कि विभागीय कार्यों का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। जिससे कई कर्मी मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हड़ताल के कारण जिले में डोभा निर्माण, तालाब निर्माण, सिंचाई से जुड़ी योजनाएं, बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत फलदार पौधरोपण, मेढ़ बंदीकरण, दीदी बाड़ी योजना, प्रधानमंत्री आवास एवं अबुआ आवास निर्माण जैसी कई योजनाओं पर व्यापक असर पड़ने की आशंका है।

## डकैती कांड के फरार आरोपी के घर चिपकाया इश्तिहार

लिट्टीपाड़ा ( पाकुड़)थाना क्षेत्र में डकैती कांड के फरार आरोपी के घर मे गुरुवार को कोर्ट के आदेश के बाद एसआई गोपाल कुमार महतो एवं सशस्त्र बल के साथ आईपीसी धारा 395 के मामले में फरार चल रहे आरोपी छोटा बुलाय उर्फ भोला टुडू के घर पर इश्तिहार चिपकाया गया।मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बरमसिया गांव निवासी छोटा बुलाय उर्फ भोला टुडू डकैती के मामले में लंबे समय से फरार चल रहा है। पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया के तहत उसके घर पर इश्तिहार चिपकाकर जल्द आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी है।पुलिस ने बताया कि निर्धारित समय के भीतर आत्मसमर्पण नहीं करने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।इस कार्रवाई के दौरान पुलिस बल के जवान भी मौजूद थे।

## लॉटरी होने से राणा ओझा की चमकी किस्मत, बने नगर उपाध्यक्ष



पाकुड़।नगर परिषद के उपाध्यक्ष पद के लिए गुरुवार को चुनाव काफी दिलचस्पी रहा। उपाध्यक्ष के लिए राणा ओझा एवं रूपाली सरकार ने दावा किया था। इस दावे में 21 वार्ड पार्षदों ने राणा ओझा व रूपाली सरकार को अपना-अपना मतदान किया। मतों की गिनती के दौरान एक वार्ड पार्षद का मत खराब होने से दोनों को 10-10 मत मिले। इस तरह परिणाम टाई पर अटक कर रह गया। एक वोट रिजेक्ट होने के बाद बराबर मत मिलने की वजह से नियम अनुसार लॉटरी की प्रक्रिया अपनाई गई। लॉटरी का प्रक्रिया में राणा ओझा को किस्मत का साथ मिला और उपाध्यक्ष बन गए। चुनाव के दौरान दोनों ही प्रत्याशी का धड़कनें तेज रही। परिणाम आते ही नगर परिषद के अंदर हो-हल्ला मच गया। जिसके बाद बाहर मौजूद लोगों को भी इसकी जानकारी मिलते ही राणा ओझा के समर्थकों ने खुशी मनाई। परिणाम आने के बाद समर्थकों ने राणा ओझा का स्वागत किया। जिंदाबाद की नारे के साथ शहरी में जुलूस निकाली गई। सभी ने एक दूसरे को खूब रंग लगाया।

## आवासीय फुटबॉल अकादमी के लिए दो दिवसीय चयन संपन्न



साहिबगंज-ऑल झारखंड बिरसा मुंडा आवासीय स्पोर्ट्स अकादमी के द्वारा बालक फुटबॉल अंडर -13, अंडर - 16 एवं अंडर 18 वर्ष के होनहार प्रतिभावान खिलाड़ियों के लिए पहली बार सिदो कान्हु स्टेडियम साहिबगंज में दो दिवसीय चयन प्रक्रिया का आयोजित किया गया. जिसमें झारखंड राज्य के साहिबगंज,दुमका, देवघर, पाकुड़, गोड्डा, जामताड़ा, पच्छिम सिंहभूम, बिहार राज्य के भागलपुर ,उड़ीसा के मयूरभंज, पश्चिम बंगाल राज्य समेत विभिन्न जिलों के 600 से अधिक खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया.वहीं फुटबॉल के लिए विशेष कर संथाल परगना के आदिवासी खिलाड़ियों में जबरजस्त जुनून दिखा.चयन में बिरसा मुंडा स्पोर्ट्स अकादमी के प्रशिक्षक आशीष बोस,बिट्टू उरांव,दीपक महतो, पिंटू महतो साहिबगंज जिला से समन्वयक अनिल टुडू ,लाल टुडू का महत्वपूर्ण योगदान रहा.वहीं जिला खेल कार्यालय के खेल समन्वयक कौशल किशोर मरांडी, प्रशिक्षक योगेश यादव, अशोक साहनी, पूर्व फुटबॉलर अनिल रजक, जिला ओलंपिक संघ के सचिव माधव चंद्र घोष समेत अन्य मौजूद थे.जिला खेल कार्यालय द्वारा साहेबगंज अनुमंडल खेल बैंक द्वारा खेल सामग्री उपलब्ध कराया गया.

## फरार चल रहे आरोपी के घर पर पुलिस ने चिपकाया नोटिस

साहिबगंज -मुफ्फसिल थाना पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर दहेज उत्पीड़न और हत्या के प्रयास मामले में फरार चल रहे आरोपी के घर पर कुर्की-जब्ती से पहले की प्रक्रिया शुरू कर दी है.मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय ने आरोपी मो अखलाक के विरुद्ध धारा 82 के तहत उद्घोषणा जारी की है. मिली जानकारी अनुसार जिला अंतर्गत मुफस्सिल थाना क्षेत्र के छोटी कोदरजन्ना निवासी मो आरिफ के पुत्र मो अखलाक पर उसकी पत्नी शायना खातून ने गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी. आरोपी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, हत्या का प्रयास, मारपीट, लज्जा भंग करने का प्रयास, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी के तहत मामला दर्ज है.बताया गया कि आरोपी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था. लेकिन वह गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार है.इसी के आलोक में कोर्ट ने उसे भगोड़ा मानते हुए नोटिस जारी किया है. चस्पा किए गए नोटिस के अनुसार आरोपी को 13 जनवरी 2026 तक न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने का अंतिम अवसर दिया गया था. यदि आरोपी नियम समय पर हाजिर नहीं होता है तो कानून के तहत उसकी संपत्ति की कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी.

## सड़क किनारे ईट भट्टा लगाने वाले संचालकों पर होगी कार्रवाईः एसडीओ

राजमहल- राजमहल अनुमंडल क्षेत्र में इन दिनों ईंट भट्ठा संचालकों की मनमानी खुलकर सामने आ रही है. जानकारी के अनुसार कई स्थानों पर घरों के अगल-बगल और सड़कों के किनारे ही ईंट भट्ठा लगाया जा रहा है. जिससे स्थानीय लोगों में चिंता का विषय बना हुआ है. इस खबर को आपके लोकप्रिय अखबार संताल एक्सप्रेस अखबार ने 12 मार्च के अंक में ईट भट्ठा संचालकों की मनमानी,सड़क किनारे लगाया भट्ठा,हो सकती है हादसा शीर्षक खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया.खबर प्रकाशित होने के बाद राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मामले में ईट भट्ठा संचालकों पर कार्रवाई करने की बात कही है.

## विधालयों में बेटी अभियान के तहत् जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज - पीसीपीएनडीटी कार्यक्रम अंतर्गत बेटी अभियान के तहत् गुरुवार को साहिबगंज जिला मुख्यालय के यमुना दास बालिका उच्च विद्यालय एवं एनआरपी सेंटर में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को पीसीपीएनडीटी एक्ट के बारे में जानकारी देना तथा समाज में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के संदेश को सशक्त बनाना था.कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को भ्रूण लिंग जांच एवं भ्रूण हत्या के दुष्परिणाम, समाज में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका, महिला सशक्तिकरण, तथा बेटियों के सम्मान और अधिकारों के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई. साथ ही यह भी बताया गया कि पीसीपीएनडीटी अधिनियम के तहत लिंग चयन एवं भ्रूण लिंग जांच करना कानूनन अपराध है और इसके लिए कड़ी कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है.इस अवसर पर छात्राओं को समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने, शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ने तथा लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया.कार्यक्रम में डॉ. अमित, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, डीपीएम ,डीपीसी,डीडीएम,डीपीएमयू कोऑर्डिनेटर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे. सभी ने मिलकर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के संदेश को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया.

# कृतिका कामरा-गौरव कपूर दो़किन बापलायेना

**खबोरिया**

मनोरंजन आर क्रिकेट जगत ताला आर मित् नावां रिश्ता जोड़ाव आकाना। अभिनेत्री कृतिका कामरा आर नामडाक क्रिकेट कमेंटेटर गौरव कपूर दो़ 11 मार्च हिलोक् मुंबई रे मित् निजी समारोह रेकिन बापला एना। आयमा दिन धा़बिच् आ़किनाक् रिश्ता लाइमलाइट खो़न फाराक दो़हो़य तायो़म नुकिन जोड़ा दो़ सादगी ते रजिस्टार मैरिज होते आ़किनाक् नावां जियोनकिन एतो़हो़प् केदा। कृतिका आर गौरव दो़ दिसंबर 2025 रे आ़किनाक् रिश्ताकिन सार्वजनिक लेदा। नुकिन दो़ जाहांटाक् भव्य ओराम बाडकाते सादगी प्राथमिकता एमावाक् तुलुच् बांद्रा रे मेनाक् ओड़ाक् रे गेकिन बापला एना नोआ निजी समारोह रे घारो़ंज रा़सिया़ आर पासेच् गातेकोको सेलेत् एना। समारोह रे फरहान अ तर मलाइका अरोड़ा, नेहा धूपिया, आर सोहा अली खान लेकान आयमा सोर गातेकोको सेलेत् एना। का़नूनी रूप ते बापला तायनो़म कृतिका आर गौरव दो़ पा़हिल धाव मीडिया सामाङ रे हो़ंकिन ञेल एना। नुकिनाक् मेंत्‌हां रे जिंदगी रेयाक् एतो़हो़प् कुसी साफा ते ञेल ञामो़क् कान ताहेंनता़किना। लायेत् कानाको जे बापला तायो़म नुकिन दो़ उसा़रा गे सोर गातेको आर घारो़ंज ला़गित् मित् खास मिलन समारोहकिन ओरामा।

## गोपीकान्दर रे गिदरा़ बापला चाबाय ला़गित् ते प्रखंड ता़री रे ओरामेना दुपुड़ुप्

**खबोरिया**

पाकुड़। जिला रेयाक् गोपीकान्दर प्रखंड रे गिदरा़ बापला चाबाय ला़गित् आर बाल संरक्षण दो़ केटेच् ला़गित् जो़स ते प्रखंड कार्यालय सभागार रे लुखीवार हिलोक् मित्‌टेन मो़हो़तानाक् प्रखंड ता़री रे दुपुड़ुप् आरोमेना। प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय प्रकाश मरांडीयाक् आ़युर रे नोआ दुपुड़ुप् दो़ ओरामेना। नोआ दुपुड़ुप् रे गिदरा़ बापला चाबाय ला़गित् ते जुदा़.जुदा़ विभाग रेन अधिकारी, जनप्रतिनिधी आर सामाजिक संस्था रेन प्रतिनिधि दो़को सेलेत् एना। दुपुड़ुप् रे प्रमुख मर्सीलता मरांडी, सीडीपीओ गीता एल्बिना बेसरा, महिला पर्यवेक्षिका बॉबी कुमारी ला़ई ते जुदा़.जुदा़ विभाग रेन पदाधिकारीको सेटेर आकान ताहेंना। नो़ते सामाजिक संस्था ग्राम साथी सेच् खो़न प्रोग्राम ऑफिसर ज्योति चौधरी, असिस्टेंट प्रोग्राम ऑफिसर रेनू सोरेन, हेल्प डेस्क ऑफिसर शालू सिंह आर रीता दत्ता ताको दो़ आसो़ल पेड़ा लेका ते दुपुड़ुप् रेको सेटेर आकान ताहेंना। दुपुड़ुप् ताक रे प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय प्रकाश मरांडी दो़ गिदरा़ बापला चाबाय ला़गित् ते मो़हो़तानाक्ए बातलाव केदा। उनी दो़य मेन केदा जे जो़तो़ सेविका, आतो मांझी हाड़ाम आर पंचायत प्रतिनिधिको दो़ मिला़उ ते आतो रे मित्‌टेन दुपुड़ुप् ओराम आचोयपे, जेमो़न सोमाज रे जागवार ढेर दाड़ेयाक्आ। सांव ते गेय मेन केदा जे जो़तो़ पंचायत रेयाक् आंगनवाड़ी केंद्र रे गिदरा़ बापला चाबाय बाबो़त रे दियाल रे ओ़ल आयोयपे, नोआ ते हो़ड़ दो़ सामाजिक बा़ड़िच् का़मी बाबो़त रे जागवार होय दाड़ेयाक्आ। नोआ खो़न बा़ड़ती प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी दो़य हुकुम केदा जे जो़तो़ स्कूल रे गिदरा़ बापला बिरो़द जागवार रैली ओडोक जा़रूड़ काना, जेमो़न पा़ठवा़को आर एंगात.आपातको ताला रे जागवार दो़ ढेरो़क्। प्रखंड प्रशासन होतेते नोआ हो़ंको गोटा केदा जे नोआ लाड़ावानाक् लाहाय ला़गित् ते जाव चान्दो गापालमाराव दो़ होयोक्आ।

## हाईवा चापो़ट रे हेच् एना बाइक होञहारतेत् आर जावाँयकोड़ाकिन गो़च् एना

**खबोरिया**

कोडरमा। कोडरमा थाना टोठा रेयाक् गिरिडीह आसो़ल हो़र रे नगरखारा सोर लुखीवार हिलोक् मित् सो़ड़ो़क घो़टो़ना रे हो़ंहार आर जावाँयकोड़ाकिन गो़च् एना। गो़च्एनकिन दो़ नवलशाही रेन 62 उमा़रान दिनेश्वर ठाकुर आर उनी रेन जावाँयगो़मकेत गिरिडीह रेयाक् चिलगा आतो रेन 35 उमा़र रेन सचिन ठाकुर रूप रेकिन बाडाय आकाना। हो़रतेनको हो़ड़ाक् काथा लेकाते, गिट्टी लोड मित्‌टेन हाईवा गा़डी डोमचांच खो़न कोडरमा सेच् हिजुक् कान ताहेंना। नोते ओना हाईवा ठीक तायो़म खो़न मित्‌टेन बाइक रे देच् काते दिनेश्वर ठाकुर आर उनी रेन जावाँयगो़मकेत सचिन ठाकुर दो़ कोडरमा सेच्ए हिजुक् कान ताहेंना। नोआ ओ़कते नगरखारा सोर बाइक देच् दो़ हाईवा खो़न ओवरटेक रेयाक्ए कुरूमुटू केदा। नोआ ताला बाइक देच् हाईवा चापो़ट रे हेच् एना आर बाइक हाईवा रे गे फंसाव ताहेंयेना। नोआ ओ़कते बाइक हाईवा रे फंसावेन खा़तिर पासेच् 100 मीटर धा़बिच् हाईवा ओना बाइक आर ओना रे देच् बानार हो़ड़े घासघासाव इदीकिन तुलुच् जलवाबाद धा़बिच् सेटेरेना। नोआ ओ़कते बाइक देच् बानाहो़ड़ाक् हो़ड़मो़ रेयाक् चिथड़ा़ उड़ा़वेना आर उनीयाक् हो़ड़मो़ रेयाक् आयमा टुकड़ा़ सो़ड़ो़क रे पासनाव एना। घो़टो़ना तायो़म आडेपासे रेन हो़ड़ आ़डी आयमा हो़ड़को जुटा़उ एना। पुलिस दो़ हाईवा डायबो़र आर खालासीको साप् केत्‌कोआ, नोते ओना हाईवाको साप् आकात्आ। नोते घो़टना रेयाक् सूचना सोशल मीडिया होतेते नवलशाही धा़बिच् सेटेरेना। इना़ तायनो़म दिनेश्वर ठाकुराक् घारो़ंजरेन घो़टनाठांव रेको सेटेर एना आर गो़च्एनाक् किचरिच् आर बाइक ते उनीको ञेल ठिका़न केदेया। पुलिस दो़ बानार मांड़ीं अंत्यपरीक्षण ला़गित् सदर हासपाताल तेको कोल आकादा।

## भारत रेयाक् बंकर बर्सटर मिसाइल तेय बो़तो़रेना पाकिस्तान

वीआईपी बंकर बेनाव रेयाक्ए गोटा केदा




इस्लामाबाद। भारत दो़ अग्नि 5 बंकर बर्सटर मिसाइल डेवलप रेयाक्ए सारसादले आकादा। नोआ बंकर बर्सटर मिसाइल 80 खो़न 100 मीटर भितरी धा़बिच् रे मेनाक् ठिका़नाकोय तबाह दाड़ेयाक्आ। नोआ घोषणा ते पाकिस्ताानाक् मो़न रे नोडकान बो़तो़र भिजा़वादेया जे खुद रेन लीडरशीप सुरक्षित रेय धुरा़उएना। इस्लामाबाद आयाक् एयरफोर्स रेन टॉप लीडरशीप आर उनी घारो़ंज रेन सुरक्षित दो़हो़को ला़गित् वीआईपी बंकर बेनाव रेयाक्ए फायसाला आकादा। नोआ रेयाक् ठेका दो़ तुर्की रेन कंपनीको एम आकावादेया। पाकिस्तान दो़ आच् रेन सैन्य कमानाक् सुरक्षा आर युद्धकालीन ऑपरेशन कैपेबिलिटी केटेज पोंथा रे मित् माराङ कदम पोंथाय राकाप्एत् काना। बाडायाकान लेकाते मित् तुर्की डिफेंस एंड इंफ्रास्ट्रकचर कंपनी दो़ पाकिस्तान वायुसेना रेन शीर्ष आ़युरिया़ आर उनी घारो़ंज ला़गित् चेतान सुरक्षावान वीआईपी बंकारकोवाक् नेटवर्क बेनाव रेयाक् 30 मिलियन डॉलर रेयाक् ठेकाय ञाम आकादा। नोआ परियोजना नोडकान सो़मो़य रे सामाङ हेच् आकाना तिनरे दुनिया़ भोर रे नाहांक्तेयाक् ला़ड़हा़ई रे आयमा जेलेञ रेयाक् सा़टीक मारक दाड़ेयान हा़थिया़रको, ड्रोन आर स्टैंड ऑफ स्ट्राइक सिस्टम रेयाक् खातरा लागातार बाढ़ाव चालाक् काना।

# कृषि नीति आर आ़युर रे मायजिवकोवाक् सेलेदो़क् बाढ़ाक् : राष्ट्रपति

**खबोरिया**

नावां दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो़य मेन केदा जे कृषि क्षेत्र रे मायजिवकोवाक् भूमिका आ़डी जा़रूड़ आनाक् गेया आर नीति बेनाव, निर्णय-निर्धारण आर आ़युर हुदा़को रे जा़सती ओ़पसो़र ञाम जा़रूड़ काना। मायजिवको फायलावते सेलेदो़क् ते कृषि क्षेत्र रे लैंगिक समावेशी विकास बाढ़ावे ञामा। राष्ट्रपति दो़ लुखीवार हिलोक् नोण्डे ग्लोबल कॉन्फ्रेंस ऑन द रोल ऑफ वीमेन इन एग्री फूड सिस्ट स जीसीडब्ल्यूएएस 2026 रेयाक् उद्घाटन ओ़कतेय रो़ड़ेत् ताहेंना। राष्ट्रपति दो़य मेन केदा जे मायजिवको रो़हो़य, गेत् आर फे़सो़लको बाजार धा़बिच् सेटेर घालो़क् कृषि चासो़क् रेयाक् मुटामुटी मिमित्आक् का़मी रे जा़रूड़ानाक् का़मीको पुरा़वेत् काना। नोआ छाडा हाको आ़सुल, दुमुरआ़सुल, पशुपालो़न, वन उत्पादको बेबो़हार आर चासा आधारित उद्यमको चालाव रे हों लागातार का़मीको गो़ड़ों़क्




काना। मायजिवको चासा का़उडीबेबो़सता दो़ केटेच् बेनाव रे दामान एनेमको एमेत् काना। उनीय ला़ई केदा जे पो़नो़त कृषि विश्वविद्यालयको रे जो़तो़ पा़ठवा़को रे 50 प्रतिशत खो़न जा़सती आर एटाक् विश्वविद्यालयको रे 60 प्रतिशत खो़न जा़सती पा़ठवा़ मेनाक्कोआ, ओकादो़ शैक्षणिक प्रदर्शन रे हों उत्कृष्ट मेनाक्को। नोडका रे सरकार, समाज आर कृषि क्षेत्र सांवते जोड़ावाकान जो़तो़ हितधारककोवाक् जिमा़दारी काना जे नोको प्रतिभाशाली पा़ठवा़को उसकुरको आर सो़मोरथो़न एमावाको होयोक्, जेमो़न चासो़क् आर जो़माक् आराजाव क्षेत्र रेको आ़युर दाड़ेयाक्। राष्ट्रपतिये मेन केदा जे दुनिया़तेयाक् ता़री रे पीपल, प्लेनेट, प्रॉस्पेरिटी, पीस आर पार्टनरशिप सोमान मो़हो़त एमावाक् रे सहमति बेनाव आकाना। पीपल रेयाक् आयाम रे लैंगिक समानता खासकाते प्राथमिकता एमावाक् जा़रूड़ काना। मायजिव आ़युरान गो़गो़ दो़लको आर किसान उत्पादक संगठनको बाढाव एमावाक्आक् पोंथा नोआ पोंथाको रे प्रभावी सा़बित आकाना। केंद्रीय कृषि आर किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान दो़य मेन केदा जे भारतीय कृषि रे बुहिनको आर बिटीकोवाक् का़मी आ़डी जा़रूड़आनाक् गेया। इता़ एर आफो़र खो़न गेत् राकाब धा़बिच् रे मायजिवको लाहा मेनाक्कोआ। तेहेञ आबोरेन बिटीको आयमा ओ़को़च् चासो़क्ए ओ़लपाड़हाव सेच्को लाहा चालाक् काना। नोआ दिशा रे आईसीएआर उसा़रा गे मित् जेंडर प्लेटफॉर्म लॉन्च ला़गित्ए ओकादो़ पुरा़ दिसा़म रेयाक् कृषि अनुसंधान नेटवर्क रे मायजिव.केंद्रित शोध ला़गित् नावां रेस आर हो़रए एमावाकोआ। सेमेलेत् रेयाक् मो़तलो़ब दो़ कृषि खाद्य प्रणालीको रे मायजिवको सेलेदो़क् आसो़लधारा रे आ़गूको आर नोआ पोंथा हो़र रे नीति ढांचा केटेज रे विचार गालमाराव होयोक्आ।

# बकाया बेतो़न ला़गित् एनआरएचएम का़मिया़को हड़ताल रे चरमारावेना स्वास्थ्य बेबो़सता

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

पलामू। जिला़ रे स्वास्थ्य सेवाको रेयाक् रीढ़ मानावो़क्आक् एनआरएच्एम का़मिया़को पोन चान्दो खो़न बकाया बेतो़न ला़गित् लुखीवार हिलोक् का़मीको बहिष्कार तुलुच् अनिश्चितकालीन हड़ताल रेको चालाव एना। आकोवाक् खो़ज ला़गित् एमएमसीएच छाटका रेको धरना प्रदर्शन केदा। बाडायाक् काना जे बेतो़न बाङ ञाम खा़तिर ते का़उडी हालो़त रे पाड़ावो़क् कान दो़रजो़नकान कर्मचारी मंगलवार हिलोक् पलामू समाहरणालय रे डीसी ठेन ज्ञापन साकाम एमकाते आकोवाक् खो़ज रे मोंजतेयाक् बिचा़र बाङ होयोक् रे अनिश्चितकालीन का़मी बहिष्कार हड़ताल रेयाक् चेतावानीको एम लेदा। एनरेहों निट सो़मो़य रे जाहांन



कुड़पाड़ बाङ होय लेना। नोडका रे लुखीवार हिलोक् खो़न जो़तो़ अनिश्चितकालीन हड़ताल रेको चालाव एना। हड़ताल खा़तिर हासपाताल रेयाक् बेबो़सता रे असर पाड़ाव आकाना। रूगीको आ़डी पारेसानी होयेनताकोआ। हासपाताल छाटका रे अफरातफरी रेयाक् माहो़ल मेनाक्आ आर रूगी रानको ला़गित् हानतेनहाते ञिर बाड़ायको ञेलो़क् काना। स्वास्थ्य कामिया़कोवाक् नोआ हों मेन काना जे आकोवाक् मुसकिलाक् डीसी ठेन हों गुहारको लागाव चुका़उ आकादा, मेनखान नित धा़बिच् ओनकोवाक् मुसकिलाक् फाण्डाव बाको दाड़ेयाकावादा। जाव धाव गे तकनीकी मुसकिलाक् ला़ई काते भुगातान एमो़क्को टालावेत् काना।

# मीडिया सामाङ रेकिन हेच् एना मोनालिसा आर फरमान, नोआ बापला लव जिहाद दो़ बाङ दुला़ड़ काना

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

नावां दिल्ली। महाकुंभ 2025 सेरमा रे माला आ़खरिञ तुलुच् वीडियो वायरल लेन ताय मोनालिसा भोंसले दो़ नित आयाक् जिनगी रेयाक् जो़तो़ खो़न रा़सका ओ़कतेकान ताया। 11 मार्च हिलोक् उनी दो़ आच् रेन दुला़ड़िया़ फरमान खान सांव केरल रेयाक् अरूमानूर मंदिर (श्री नैनार देवा मंदिर) रे हिंदू आ़रीचा़ली लेका तेकिन बापलायेना।

बानार हो़ड़किन बापलायेन ते हो़ड़ दो़ आ़डीको रांगाव आकाना,

चेदाक् जे मोनालिसा दो़ मित्‌टेन हिंदू आर फरमान दो़ मुस्लिम कानाय। आदो़म हो़ड़ आर घारो़ंज रेन हो़ड़ दो़ नोआ पुरा़ मुदा लव

जिहादको मेतावादा। तिन रे बानार हो़ड़ मीडिया सामाङ रे हेच्



कातेत्‌किन गापालमाराव केदा। मोनालिसा आर फरमान ताकिन दो़

तिरूवनंतपुरम रे मीडिया सांव गापालमाराव तुलुच् आ़किनाक् काथाकिन दो़हो़ केदा। मोनालिसा दो़ उन ओ़कते आच् बाबा बाबो़त रे हो़ंय मेन केदा। उनीय मेन केदा जे नित हों इञ बाबा दो़य रांगावांकान गेया। जुरी-पारी दो़ नोआ बापला लव जिहाद बाङ दुला़ड़किन मेतावादा। मोनालिसा दो़य मेन केदा जे बापला दो़ हिंदू आ़रीचा़ली लेका ते गे होय आकाना। नोआ लव जिहाद दो़ बाङ काना। उनी दो़य ला़ई केदा जे आच् बाबा ताको दो़ उनीयाक् बापला आच् नाना रेन कोड़ा सांवते बापलाको गोटायेत्‌कान ताहेंना, मेनखान नोआ रे उनी दो़ बाय रेबेन लेना। मोनालिसा दो़य मेन केदा जे इञ उनी सांवते बापलाक् बा़ञ मेनेत्‌कान ताहेंना। चेदाक् जे उनी दो़ इञ दादा बारा-बा़रीये होयोक्आ। मोनालिसा दो़य मेन केदा जे उनी दो़ मानधेर हिलोक् गे इञ बाबा सांवते हो़ंय ञापाम लेना, उनी दो़ नित हो़ंय रांगावाकान गेया, मेनखान इञ दो़ उनी उसा़रा तेञ रेबेन आचोयेया। नो़ते मीडिया सांवते गापालमाराव तुलुच्

फरमान हों धो़रो़म बो़नो़दो़ल दो़स दो़य खारिज केदा।

# एफआईएच विश्व कप क्वालीफायर तेहेञ इटली खो़ने एनेच्आ भारतीय महिला हॉकी टीम



**खबोरिया**

**हैदराबाद।** भारतीय महिला हॉकी टीम सोकोलवार हिलोक् एफआईएच विश्व कप क्वालीफायर रे इटली खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबला रे जिता़क् मो़नेतेको फेडो़क्आ। भारतीय महिला हॉकी टीम नितोक् धा़बिच् पूल बी रे पेया मैच रे एयाय अंक सालाक् गे मित् ठा़ंव रे मेनाक्आ। नोते, इटली पूल ए रे दोसार ठा़ंव रे ताहेंयेना। भारतीय टीम सेच् खो़न फॉरवर्ड नवनीत कौर दो़ नित धा़बिच् आ़डी जा़सती पोन पोन गोल आकादा आर टीम दो़ उनी सांवते नोंका गे प्रदर्शन रेयाक् नोआ मैच रे हों आसा ताहेंना। दोसार सेच् इटली रेयाक् फेडरिका कार्टा हों नित धा़बिच् पेयाय गोल आकादा आर उनी ठेन भारतीय टीम दो़ सावधान ताहेंन होयोक्‌ताकोआ। भारतीय टीम दो़ बो़छो़र 2012 खो़न नित धा़बिच् मित् एटाक् खिलाफ एयाय धावे एनेच् आकाना नोआ रे खो़न मो़ड़ें धावे जिता़उ आकाना, नोते मित् धाव गे इटली, जिता़उ आकाना आर मित् मैच बाराबरी रे ताहेंयाकाना। भारतीय टीम रेन आसो़ल कोच शोर्ड मारिन दो़य मेन केदा- 'एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप 2026 रे जायगा बेनाव दो़ आले ला़गित् माराङ काथा काना। सांवतेय मेन केदा जे नोण्डे क्वालीफाई ला़गित् बा़ञ हेच् आकाना। मैच दर मैच प्रदर्शन रे सुधा़र काते टूर्नामेंट जिता़क् खो़जो़क् कान ताहेंना। सेमीफाइनल रे पुरा़उ दाड़े लागावा। इटली आ़डी हापारावियां टीम कानाको नोंका रे आले सेच् खो़न जाहां कोमाव बाले दो़हो़या।

# बेआ़ईनी पिस्टल सालाक् ते जुवा़नको साप् केदेया

**खबोरिया**

**पूर्वी सिंहभूम।** टाटानगर रेलवे स्टेशन ठेन बेआ़ईनी खाण्डाबाण्डा सांवतेय दाड़ां बाड़ायकान ताहेंन मित्‌टेन जुवा़न दो़ पुलिसको साप् केदेया। उनी ठेन खो़न मित्‌टेन बेआ़ईनी पिस्टल आर मित्‌टेन जिवेत् कारतूसको ञाम केदा। नोआ मामला रे ञाम आकान खो़बो़र लेकाते सिटी एसपी कुमार शिवाशीष दो़ प्रेस कॉन्फ्रेंस कातेय एम एना। सीटी एसपी कुमार शिवा आशीषाक् मेन लेकाते सा़गुनमाहां हिलोक् भितरी-भितारी ते खो़बो़र ञाम लेना जे टाटानगर रेलवे स्टेशन आडे-पासे रे मित्‌टेन जुवा़न दो़ बेआ़ईनी खाण्डाबाण्डा सालाक् तेय दाड़ां बाड़ाय काना आर जाहांन घो़टना चेकाय पोन्था रे मेनाय आकादेया। खो़बो़र ञाम सांवते वरीय पुलिस अधीक्षाक् बातलाव रे सिटी एसपीयाक् बातलाव रे बिष्टुपुर थाना प्रभारीयाक् आ़युर रे मित्‌टेन जा़पुत् टीमको गो़ठो़न केदा। पुलिस टीम दो़ टोठा रे कार्रवाई तुलुच् मित्‌टेन दिगधा़वान जुवा़नको साप् केदेया। उनी जुवा़नको हा़तड़ा़व केदे खान उनी ठेन खो़न मित्‌टेन बेआ़ईनी पिस्टल, मित्‌टेन जिवेत् कारतूस आर मित्‌टेन बैगको ञाम केदा। पूछताछ रे जुवा़नाक् पाछनाव दो़ आकाश गोराई उर्फ छोटू (24) रूप रे होय आकाना। पुलिसाक् ला़ई लेकाते उनी दो़ नियाहा़ली सोनारी रेयाक् मिलन नगर रे मेनाक् बी-ब्लॉक रे बाबू क्लब तायो़म रेय ताहेंनो़क्‌कान ताहेंकाना।घो़टना बाबो़त रे बिष्टुपुर थाना रे मामला ओ़ल राकाप् आकाना आर पुलिस दो़ नियाहा़ली साप् आकादे दुसीको पूछताछेदे काना आर नोआ बाडाय रेयाक्को कुरूमुटूयेत् काना जे उनी दो़ खाण्डाबाण्डा साप् काते स्टेशन आडे-पासे रे चेत् चेकाय ला़गित्ए चालावाकान ताहेंकाना।जा़पुत् दो़ल रे बिष्टुपुर थाना प्रभारी आलोक कुमार दुबे, पुलिस अवर निरीक्षक आकाश कुमार पांडेय, सहायक अवर निरीक्षक सूरज कुमार,

## युवराजको ओडाक केदे रे धोनीयाक् चेत् एनेम हो़ं बा़ङ ताहेंकान ताया: संदीप पाटिल



**खबोरिया**

**मुंबई।** चयन समिति रेन माड़ाङ रेन अध्यक्ष संदीप पाटिल दो़ सो़दो़र केदा जे ऑलराउंडर युवाराज सिंह ओडोगे ला़गित् ते उन ओ़कते रेन ताहेंकान कप्तान महेन्द्र सिंह धोनीयाक् चेत् एनेम हो़ं बा़ङ ताहेंकान ताया। पाटिलाक् मेमेन दो़ नोआकान ताया जे धोनी दो़ युवाराजे ओडोक लेदेया, नोआ काथा दो़ एड़े गेया। पाटिलाक् नोआ काथा ते युवाराज रेन आपात योगराज सिंह दो़ केटेच् ते तेलाये एमावादेया, जाव गे दो़से लादेयेत्‌कान ताहेंना जे आच् रेन कोड़ावाक् करियर दो़ धोनी गेय बा़ड़िच्‌केत् ताया। पाटिल दो़ मित्‌टेन का़मीहो़रा रेय मेन केदा जे धोनी दो़ तिस हो़ं बाय मेन आकादा जे टीम खो़न ओ़चो़गेपे। सांवते गेय मेन केदा जे इञ दो़ नोआ काथा रिकॉर्ड लेका तेञ मेनेत् काना। पाटिल दो़य मेन केदा जे धोनी दो़ चयन समिति रे पुरा़ बिसवा़स ताहेंकान ताया। उनी दो़ नोआ बाबो़त रे चेत् हो़ं बाय मेन लेदा। नो़ते युवराज आच् बाबा योगराज दो़ आयमा धाव ते नोआ दो़से लादेयेत्‌कान ताहेंना जे आच् रेन कोड़ा धोनीयाक् मेन तेको ओडोक केदेया। योगराज दो़य मेन लेदा जे इञ धानी एकाल ते गे बा़ञ इका़काया। उनी दो़ आ़डी माराङ क्रिकेटर कानाय, इञ उनीं जोहाराय काना, मेनखान उनी दो़ इञ रेन कोड़ा सांव बा़ड़िच्ए का़मी केदा। उनी दो़ इका़ लेक हो़ड़ गेय बाङ काना। नित जो़तो़ काथा सो़दो़रो़क् काना आर नोआ दो़ बा़ञ हिड़िञ दाड़ेयाक्आ। नो़ते पाटिल दो़ योगराजाक् दो़स बाखरा तेय मेन केदा जे मित्‌टेन आपात् दो़ आच् रेन कोड़ा ला़गित् तेको दुकोक्‌कान गेया, मेनखान इञ उनीं मेतावाया जे आम एटाक्

## मेड़हेत् सिलेंडर खो़न तिना़क् सासतावा फाइबर गैस सिलेंडर? बाडायपे दाम आर फायदा




**खबोरिया**

**दिल्ली।** भारत रे ओड़ाक् पिछा़ दाका-उतु इसिन ला़गित् जो़तो़ खो़न जा़सती दो़ एलपीजी गैस सिलेंडर गे बेवहारो़क् काना। आसो़कायते ओड़ाक्को रे दो़ आराक् रो़ङ रेयाक् मेंड़हेंत् सिलेंडर गे ञेलो़क् काना, मेनखान नित दो़ गैस कंपनी दो़ मित्‌टेन नावां विकल्प बाजार रेको ओडोङ आकादा, ओना दो़ फाइबर से कंपोजिट गैस सिलेंडरको मेतावाक् काना। रावाल आर ञेल ताबो़क्‌कान खा़तिर ते नोआ सिलेंडर दो़ बा़ई-बा़ई ते हो़ड़ हो़ंको कुसीयाक् काना। फाइबर गैस सिलेंडर दो़ कंपोजिट एलपीजी सिलेंडर से एक्स्ट्रालाइट सिलेंडर हो़ंको मेतावाक् काना। नोआ दो़ स्टील जायगा रे फाइबर आर प्लास्टिक कंपोजिट मटेरियल तेको बेनावेत् काना। नोआ रेयाक् आसो़ल काथा दो़ नोआ काना जे थोड़ागान ञेल ताबो़क् काना, ओनका रे बाहरे खो़न गे ञेल दाड़ेयाक्आ जे भितरी ते तिना़क् गैस बांचावाकाना मेनते। रावाल गे ते नोआ तुल बाड़ाय हो़ं आलगा गेया।

भारत रे नोडकानाक् सिलेंडर रेयाक् एतो़हो़प् दो़ इंडियन ऑयल कार्पोरिशन रेयाक् इन्डेन ब्रांड होतेते ते होय आकाना।फाइबर गैस सिलेंडर रेयाक् दाम दो़ शहर लेका रे थोड़ा-थुड़ी लाहा तायो़म होय दाड़ेयाक्आ। एटाक् दिन नोआ 10 किलो रेयाक् फाइबर सिलेंडर रे गैस पेरेच् ओचोय रेयाक् दाम दो़ मोटामुटी 750 खो़न 900 टाका ताहेंन काना, मेनखान नोआ रेयाक् सिक्योरिटी डिपॉजिट दो़ मोटामुटी 3000 खो़न 3500 टाका हा़बिच् होय दाड़ेयाक्आ। आर से नो़ते 5 किलो रेयाक् फाइबर सिलेंडर रेयाक् गैस दाम दो़ मोटामुटी 400 खो़न 500 टाका आर सिक्योरिटी डिपॉजिट दो़ मोटामुटी 2000 खो़न 2500 हा़बिच् होय दाड़ेयाक्आ।नो़ते भारत रे जो़तो़ खो़न जा़सती बेवहारो़क्आक् 14.2 किलो रेयाक् सिलेंडर दो़ आराङ रो़ङ रेयाक् मेड़हेत् सिलेंडर काना।

नोआ रेयाक् गैस रिफिल रेयाक् दाम दो़ शहर लेका रे मोटामुटी 900 खो़न 1100 टाका ताला रे ताहेंन काना, आर से नो़ते नोआ रेयाक् सिक्योरिटी डिपॉजिट दो़ 2000 खो़न 2200 टाका हा़बिच् ताहेंन काना।हें मेनखान फाइबर सिलेंडर रेयाक् एतो़हो़प् डिपॉजिट दो़ मेड़हेत् सलेंडर खो़न दो़ थोड़ा जा़सती गे होय दाड़ेयाक्आ, मेनखान नोआ रेयाक् रावाल ओ़जो़न, ञेल ताबो़क् आर आधुनिक डिजाइन खा़तिर ते उपभोक्तकाको ला़गित् हाहाड़ा ऑप्शन बेनाव आकाना। ओ़नमानो़क् काना जे सो़मो़य सांव-सांवते बा़ई-बा़ई ते नोआ रेयाक् दाम हो़ं ढेरो़क्आ।

## जामताड़ा में अवैध खनन पर शिकंजा: 32 क्विंटल कोयला और बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

संताल एक्सप्रेस

**जामताड़ा।** जामताड़ा जिले में अवैध खनन और बालू तस्करी पर रोक लगाने के लिए खनन विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है। गुरुवार को विभाग की टीम ने पुलिस के साथ मिलकर विभिन्न इलाकों में विशेष जांच अभियान चलाया, जिसमें बड़ी मात्रा में अवैध खनिज जब्त किया गया।जांच के दौरान नारायणपुर थाना क्षेत्र के पंडेडीह मोड़ के पास चार मोटरसाइकिलों से ले जाए जा रहे अवैध कोयले को टीम ने पकड़ लिया। खनन विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में करीब 32 क्विंटल कोयला बरामद किया गया, जिसे जब्त कर नारायणपुर थाना के सुपुर्द कर दिया गया। बताया जाता है कि छापेमारी की सूचना मिलते ही कोयला तस्करी में शामिल लोग मौके से फरार हो गए।इसके अलावा जामताड़ा थाना क्षेत्र में भी कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर से अवैध रूप से ले जाया जा रहा बालू जब्त किया गया। अधिकारियों के अनुसार, जिले में खनिज संपदा की अवैध ढुलाई को रोकने के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है।माइनिंग इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार ने बताया कि अवैध खनन और तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और इस तरह की गतिविधियों में शामिल किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।वहीं जामताड़ा थाना प्रभारी मुराद हसन ने जानकारी दी कि मामले में कांड संख्या 25/26 दर्ज कर ली गई है। फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है, लेकिन पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है।

## बॉलीवुड कलाकारों की मौजूदगी में 'कॉन्टाडिनो'का उद्घाटन



**कटक /रांची ।** 12 मार्च 2026। ओड़िशा के कटकस्थित श्री श्री विश्वविद्यालय के कृषि संकाय का वार्षिक उत्सव 'कॉन्टाडिनो-2026' गुरुवार को विश्वविद्यालय के मल्टी-परपज़ हॉल में धूमधाम के साथ शुरू हुआ। कार्यक्रम में ओलिवुड के प्रसिद्ध कलाकार दंपति सब्यसाची मिश्र और अर्चिता साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रत्यक्ष एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक एवं निदेशक प्रभात कुमार प्रधान भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की शुरुआत कृषि संकाय की प्राध्यापिका डॉ. मैत्रेयी त्रिपाठी के स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने अतिथियों के स्वागत में आकर्षक स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा कृषि संकाय के वार्षिक मुखपत्र 'वर्तिका-2026' का भी विमोचन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. तेजप्रताप, कृषि संकाय के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. एस. कुमारस्वामी तथा खेल एवं सांस्कृतिक समिति के संयोजक डॉ. अभिनव मिश्र भी उपस्थित रहे और विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उत्सव के अंतर्गत फैशन शो, एकल नृत्य, संगीत, स्किट, रंगोली और क्विज़ सहित कई प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। इन सभी प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

## एस बी यू में नेशनल रैपिड एंड ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप आयोजित



**रांची ।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के सभागार में झारखंड राज्य शतरंज संघ द्वारा आयोजित तीन दिवसीय नेशनल रैपिड एंड ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप 2025-26 के आज दूसरे दिन दस चक्रों के खेल के बाद रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के अरण्यक घोष, तमिलनाडु के हरि माधवन, रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के दीप्तायन घोष, तमिलनाडु के कार्तिकेयन मुरली, इनियन पा, अर्जुन कल्याण एवं रोहित एस, रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के मित्राभा गुहा, महाराष्ट्र के पुराणिक अभिमन्यु तथा बिहार के मोहम्मद रेयान शीर्ष पर रहे। इसके अलावा झारखंड के अधिराज मित्रा 24वें स्थान पर रहे।प्रतियोगिता के दौरान रांची जिला शतरंज संघ तथा ऑर्गेनाइजिंग कमेटी के सचिव नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार, उपाध्यक्ष मिथिलेश पांडे, आशीष साहू, सुनील कालरा, मृदुल कुमार, दीपक कुमार, प्रभात कुमार, ललित बथवाल, जयंत भुइयां, विशाल मिंज, अरुण कुमार, विनोद शाह, संगीता कुमारी सहित आयोजन समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।प्रतिभागियों को राज्य शतरंज संघ के संरक्षक माननीय राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा ने शुभकामना संदेश प्रेषित किया है।

## महिला दिवस पर एरिया-4 कम्युनिटी हॉल में सम्मान समारोह



**चित्तरंजन।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर चित्तरंजन के एरिया-4 कम्युनिटी हॉल में सीआरएमसी से संबद्ध इंटक महिला विंग्स की ओर से भव्य महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज और संगठन में महिलाओं के योगदान को सराहना तथा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना था।समारोह की शुरुआत केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य टेक धारनी और चिरेका की महिला पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद महिला विंग्स की सदस्यों ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम के सांस्कृतिक भाग में स्थानीय कलाकारों ने समूह गीत, एकल गायन और नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। इन रंगारंग कार्यक्रमों ने पूरे माहौल को उल्लासपूर्ण बना दिया और उपस्थित दर्शकों ने कलाकारों का तालियों से उत्साहवर्धन किया।इस दौरान संगठन और सामाजिक गतिविधियों में वर्ष भर उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिला सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। आयोजन समिति ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने और समाज में उनकी सशक्त भूमिका को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला विंग्स की पैट्रन कुमारी अंजना दास, अध्यक्ष सुनीता ट्रवासो, महासचिव कंकना पांडे, कार्यकारिणी अध्यक्ष पियांकी राय और संयुक्त महासचिव अयंति घोष समेत अन्य सदस्यों की अहम भूमिका रही। समारोह में बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं और कार्यक्रम को सफल बनाया।

# युद्ध के कारण बढ़ते वैश्विक तनाव से एलपीजी गैस की किल्लत शुरू, उपभोक्ता परेशान

## गैस सिलेंडर बुक करना हुआ मुश्किल



संताल एक्सप्रेस

**गोड्डा ।** दुनिया भर में युद्ध और बढ़ते अंतरराष्ट्रीय तनाव की वजह से घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की मांग में अचानक वृद्धि देखने को मिल रही है। लोग गैस को लेकर हलकान व परेशान दिनों नजर आ रहे हैं। जरूरतमंद तो गैस की लाइन में है ही लेकिन कुछ लोग संभावित गैस की किल्लत के मद्देनजर अपने सभी खाली सिलेंडरों को भर कर सुरक्षित रखने की जुगत में है। इसके चलते गैस एजेंसी के ऊपर अतिरिक्त दबाव पड़ना लाजमी है। इस बढ़ते दबाव के कारण इंडेन के बुकिंग सिस्टम पर कॉल्स सामान्य दिनों की तुलना में 8 से 10 गुना बढ़ गई, जिससे सिस्टम कुछ समय के लिए क्रैश हो गया।इस तकनीकी दिक्कत के कारण कई लोग फोन, ऐप या वेबसाइट के जरिए सिलेंडर बुक नहीं कर पाए। कुछ उपभोक्ताओं को सीधे गैस एजेंसी के दफ्तर का रुख किया, जिससे वहां लंबी लाइनें लग गईं। ग्राहकों ने कई बार कॉल करने के बावजूद बुकिंग न होने की शिकायत की।सूत्रों की माने तो अंतरराष्ट्रीय हालात और सप्लाई को लेकर बनी चिंता ने लोगों को एक साथ सिलेंडर बुक करने के लिए प्रेरित किया, जिससे ढ्ढक्क्रस्न और मिस्ड कॉल नंबरों पर सिस्टम पर दबाव बढ़ गया। इंडेन ने डीलरों को भेजे संदेश में कहा कि इतनी अधिक कॉल्स आने के कारण सिस्टम पर भारी दबाव पड़ा और कई बार ग्राहकों को कनेक्ट होने में परेशानी हुई। हालांकि दबाव के बावजूद लोगों को गैस सिलेंडर फिलहाल उपलब्ध कराया जा रहा है। इस संदर्भ में मुख्यालय में स्थित इंडियन गैस एजेंसी के संचालक शेखर कुमार से बात करने की कोशिश की गई। लेकिन दिनभर उनका मोबाइल स्विच ऑफ रहा। जहां से एलपीजी गैस सिलेंडर आपूर्ति की वस्तु स्थिति की जानकारी उपलब्ध नहीं हो पाई। हालांकि एजेंसी कर्मियों ने बताया कि फिलहाल मांग बढ़ी है। लेकिन नियमित उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध कराया जा रहा है।

## महागामा नपं के वार्ड 12 में 6 माह से खराब है जलमीनार



**महागामा ।** नगर पंचायत के वार्ड संख्या 12 में पिछले करीब छह महीनों से जल मीनार खराब पड़ा हुआ है, जिस कारण पूरे इलाके में पेयजल की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। स्थिति यह है कि मोहल्ले के लोग पानी के लिए तरस रहे हैं और अपनी दैनिक जरूरतों को पूरा करने के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि जलमीनार खराब रहने के कारण सैकड़ों परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को सुबह और शाम पानी के लिए काफी दूर तक जाना पड़ता है। कई परिवारों को निजी चापाकल या अन्य साधन रहने के कारण लोग पानी की व्यवस्था कर लेते हैं, जिससे उन्हें अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी उठाना पड़ रहा है। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार नगर पंचायत प्रशासन और संबंधित विभाग को शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लोगों का आरोप है कि प्रशासन की लापरवाही के कारण वार्ड के लोगों को बुनियादी सुविधा से वंचित रहना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को हो रही है। उन्हें घरेलू कामकाज के लिए पानी जुटाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अभी गर्मी का मौसम पूरी तरह शुरू भी नहीं हुआ है, लेकिन पानी की इतनी किल्लत हो गई है। यदि समय रहते जल मीनार की मरम्मत नहीं कराई गई तो आने वाले दिनों में स्थिति और भी भयावह हो सकती है। वार्ड के निवासियों ने नगर पंचायत प्रशासन से जल्द से जल्द जल मीनार की मरम्मत कर नियमित जलापूर्ति बहाल करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि उनकी समस्या का जल्द समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने के लिए भी बाध्य होंगे।

## जिंदल स्टील पतरातू में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का समापन



**पतरातू।** जिंदल स्टील प्लांट, पतरातू में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का समापन समारोह प्लांट परिसर में संक्षिप्त किंतु अत्यंत सार्थक रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों, उनके परिवार के सदस्यों एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत सेफ्टी ट्रायंगल बैलून फ्लाइंग एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जो सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने की सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा।इस अवसर पर कर्मचारियों द्वारा तैयार किए गए सर्वश्रेष्ठ सेफ्टी पोस्टर, स्लोगन, निबंध एवं अन्य सुरक्षा संदेशों का आकर्षक प्रदर्शन किया गया। साथ ही सुरक्षित कार्य पद्धतियों के महत्व को रेखांकित करने के लिए विभिन्न सुरक्षा सामग्रियों एवं जागरूकता प्रदर्शनी भी लगाई गई।कार्यक्रम का विशेष आकर्षण सुरक्षा जागरूकता विषय पर आधारित नुक्कड़ नाटक रहा, इस नाटक के माध्यम से कार्यस्थल पर सुरक्षा नियमों के पालन के महत्व को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा।इस आयोजन में विभिन्न विभागों से लगभग 300 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जो सुरक्षा के प्रति कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी एवं प्रतिबद्धता को दर्शाता है।समारोह के दौरान सर्वश्रेष्ठ नुक्कड़ नाटक टीमको शील्ड एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा सेफ्टी क्विज, ऑनलाइन क्विज, सेफ्टी स्लोगन, पोस्टर, सेफ्टी सॉन्ग एवं ऑन-साइट क्विज जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं के कुल 146 विजेताओं को उनकी सक्रिय भागीदारी और सुरक्षा जागरूकता में योगदान के लिए उपहार एवं स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया। विभाग को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ सेफ्टी इंडेक्स प्राप्त करने के लिए रोलिंग शील्ड प्रदान की गई ।

## जमशेदपुर में युवक ने फंदे से लटक कर की खुदकुशी

**जमशेदपुर।** परसुडीह थाना क्षेत्र के हलुदबनी इलाके में बुधवार की देर रात एक युवक ने अपने किराये के कमरे में फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। घटना के बाद पड़ोसियों की मदद से युवक के शव को फंदे से उतारा गया और इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और गुरुवार को परिजनों को सौंप दिया।मृतक की पहचान बिरेंद्र धाकर (35) के रूप में हुई है। वह हलुदबनी में किराये के मकान में अपनी पत्नी के साथ रहता था और पेशे से ट्रैक्टर चालक था। उसकी पत्नी सुशीला पात्रो ने बताया कि घटना से पहले दोनों के बीच शराब पीने को लेकर विवाद हुआ था। झगड़े के बाद वह काम पर चली गई थी। सुशीला शादी समारोहों में हेल्पर के रूप में काम करती है।सुशीला ने बताया कि देर रात जब वह काम से लौटी तो पति के साथ हुए विवाद के कारण वह अपने घर नहीं गई और अपनी मां के घर जाकर सो गई। गुरुवार की सुबह जब वह अपने घर पहुंची और दरवाजा खटखटाया तो अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद उसने पड़ोसियों को बुलाया और उनकी मदद से दरवाजा तोड़ा गया। दरवाजा खुलते ही कमरे के अंदर बिरेंद्र धाकर का शव फंदे से झूलता हुआ मिला।परिजनों के अनुसार बिरेंद्र को शराब पीने की लत थी और इसी बात को लेकर अक्सर घर में विवाद होता था। आशंका जताई जा रही है कि इसी विवाद के बाद उसने यह कदम उठाया।

## सिमजुरी कम्युनिटी हॉल में दावत-ए-इफ्तार



**चित्तरंजन।**पवित्र रमजान के अवसर पर चित्तरंजन के सिमजुरी मार्केट स्थित कम्युनिटी हॉल में अंजुमन मुस्लमीन चित्तरंजन की ओर से सामूहिक दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में रोजेदारों ने एक साथ इफ्तार में शामिल होकर आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया।इफ्तार से पूर्व रोजेदारों ने इबादत करते हुए देश में शांति, तरक्की और समाज में आपसी सद्भाव कायम रहने की दुआ की। अजान के साथ ही रोजेदारों ने खजूर और अन्य पारंपरिक खाद्य पदार्थों के साथ रोजा खोला। इफ्तार के बाद मौलाना हाफिज फैजान सरवर ने सभी को मगरिब की नमाज अदा करवाई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। नमाज के दौरान पूरे परिसर में आध्यात्मिक वातावरण और भाईचारे की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली।कार्यक्रम के आयोजन में अंजुमन मुस्लमीन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी लोग व्यवस्था को सुचारू रखने में सक्रिय रूप से लगे रहे। आयोजकों ने बताया कि रमजान के पवित्र महीने में ऐसे आयोजन समाज में एकता, प्रेम और पारस्परिक सम्मान को मजबूत करने का संदेश देते हैं।इस मौके पर स्थानीय मुस्लिम समुदाय के साथ कई गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर इस पावन अवसर को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया।

## तीन होनहार छात्र इंस्पायर अवार्ड योजना के लिए चयनित



**जामताड़ा।**जामताड़ा स्थित सावित्री देवी डीएवी पब्लिक स्कूल जामताड़ा के लिए यह गौरवपूर्ण क्षण है कि विद्यालय के तीन मेधावी विद्यार्थियों का चयन भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत संचालित प्रतिष्ठित इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के लिए शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु हुआ है।इस योजना के लिए चयनित छात्रों में श्रीजा शांभवी, अनिमेष कुमार और बिस्वजीत कुमार शामिल हैं। यह उपलब्धि न केवल छात्रों की प्रतिभा को दर्शाती है, बल्कि विद्यालय में मिलने वाले गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने वाले वातावरण को भी प्रदर्शित करती है।इंस्पायर अवार्ड - मानक योजना का मुख्य उद्देश्य स्कूली छात्रों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना, नवाचार को प्रोत्साहित करना और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करना है। चयनित विद्यार्थियों को अपने अभिनव विज्ञान मॉडल और प्रोजेक्ट तैयार करने के लिए प्रोत्साहन के साथ आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाती है, जिससे वे अपने विचारों को व्यावहारिक रूप दे सकें।विद्यालय के प्राचार्य डॉ विजय कुमार ने छात्रों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यालय के सकारात्मक शैक्षणिक माहौल का ही परिणाम है कि बच्चे इस प्रतिष्ठित योजना के लिए चयनित हुए हैं।विद्यालय परिवार ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## छात्रा नविका श्रीवास्तव ने सीबीएसई रीडिंग चैलेंज में बढ़ाया विद्यालय का गौरव



**रांची ।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के लिए यह अत्यंत गर्व और प्रसन्नता का विषय है कि सातवीं कक्षा की छात्रा नविका श्रीवास्तव को सीबीएसई रीडिंग चैलेंज 2025-26 में उनके उत्कृष्ट और उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए सीबीएसई द्वारा सराहना प्राप्त हुई है।सीबीएसई रीडिंग चैलेंज 2025-26 विद्यार्थियों में पठन की आदत को विकसित करने और उसे निरंतर बनाए रखने के उद्देश्य से प्रारम्भ की गई एक महत्वपूर्ण पहल है। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी साक्षरता, भाषा दक्षता तथा विश्लेषणात्मक क्षमता को सुदृढ़ करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। इसकी संरचना इस प्रकार की गई है कि विद्यार्थी केवल आधारभूत पठन कौशल तक सीमित न रहें, बल्कि उच्च स्तरीय साहित्यिक और बौद्धिक समझ भी विकसित कर सकें। यह पहल विद्यार्थियों को विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त जानकारी का समन्वय करने, तार्किक निष्कर्ष निकालने तथा पाठ की प्रासंगिकता और विश्वसनीयता का समालोचनात्मक मूल्यांकन करने के लिए प्रेरित करती है।नविका की यह उपलब्धि उनकी लगन, पठन के प्रति गहरी रुचि तथा सशक्त विश्लेषणात्मक सोच का उत्कृष्ट उदाहरण है। उनकी सफलता ने सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची को गौरवान्वित किया है और यह विद्यालय की उस सुदृढ़ शैक्षणिक संस्कृति का सशक्त प्रमाण है, जहाँ विद्यार्थियों में बौद्धिक जिज्ञासा, ज्ञानार्जन की उत्कंठा और समग्र अधिगम को निरंतर प्रोत्साहन दिया जाता है।प्राचार्या श्रीमती मनीषा शर्मा ने नविका को इस सराहनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने नविका की लगन, जिज्ञासा और पठन के प्रति उनके उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी उपलब्धियाँ सरला बिरला पब्लिक स्कूल में विकसित की जा रही सशक्त शैक्षणिक संस्कृति और अध्ययनशील वातावरण को स्पष्ट रूप से प्रतिबिंबित करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे समृद्ध और ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि पठन केवल ज्ञान को समृद्ध नहीं करता, बल्कि विद्यार्थियों में समालोचनात्मक चिंतन, सृजनात्मकता और आत्मविश्वास को भी विकसित करता है।

## बारात में देशी कट्टा लहराते दो युवक गिरफ्तार

**मेहरमा ।** प्रखंड थाना क्षेत्र के ग्राम धमड़ी में घूम रहे बारात में युवकों द्वारा पिस्टल लहराने की सूचना पुलिस को मिली, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उनके पास से एक अवैध देशी कट्टा और दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किया गया है। बीते 11 मार्च की रात्रि में गोड्डा के पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि धमड़ी गांव में एक बारात में दो युवक पिस्टल लहरा रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मेहरमा थाना की एक छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी टीम जब जांच और सत्यापन के लिए गांव धमड़ी पहुंची तो पुलिस वाहन को देखकर दो संदिग्ध युवक भागने का प्रयास करने लगे। हालांकि पुलिस ने सशस्त्र बल के सहयोग से दोनों को खदेड़कर पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान उनकी पहचान बिहारी कुमार, उम्र 20 वर्ष, पिता बिन्देश्वरी मंडल, निवासी छोटी परबत्ता, थाना ईसमाईलपुर, जिला भागलपुर तथा पियूष कुमार उम्र 20 वर्ष, पिता अजय मंडल, निवासी चायटोला कैथपुरा, थाना रसलपुर एकचारी, जिला भागलपुर के रूप में हुई।पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर उनके पास से एक अवैध देशी कट्टा के साथ एक ओप्पो और एक इन्फिनिक्स कंपनी के एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए गए जिन्हें विधिवत जब्त कर लिया गया। इस संबंध में मेहरमा थाना में कांड संख्या 37/26 के तहत सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं छापामारी दल में थाना प्रभारी पुलिस अवर निरीक्षक सह थाना प्रभारी मेहरमा सौरभ कुमार ठाकुर, पुलिस अवर निरीक्षक सत्यदीप, सहायक अवर निरीक्षक सहदेव प्रसाद सहित मेहरमा थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## विद्यालय जाने वाली सड़क कीचड़मय जलजमाव से राहगीरों को परेशानी



संताल एक्सप्रेस

**मेहरमा ।** प्रखंड क्षेत्र के सिंघाड़ी पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय हिंदी सिंघाड़ी जाने वाली मुख्य सड़क जर्जर होने के कारण छात्रों व राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर जलजमाव और कीचड़ के कारण आवागमन बेहद कठिन हो गया है। स्थानीय ग्रामीणों और छात्रों का कहना है कि स्कूल जाने के दौरान बच्चों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ती हैं। बारिश के बाद सड़क पर कीचड़ और पानी जमा हो जाने से फिसलने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि दो दिन पूर्व इसी कीचड़युक्त व जलजमाव वाली सड़क पर फिसलकर दो बच्चे गिर पड़े, जिससे वे घायल भी हो गए।इस संबंध में सिंघाड़ी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि नरेंद्र शेखर आजाद ने बताया कि फिलहाल सड़क के किनारे पाइपलाइन बिछाने का कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन का कार्य पूरा होते ही इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा। साथ ही सड़क के साथ नाला का भी निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए टेंडर भी जारी हो चुका है।

## बाबा साहब की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किए जाने पर लोगों में आक्रोश



**मेहरमा ।** प्रखंड के बलबड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत अमौर गांव में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा भारत रत्न बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किए जाने का मामला सामने आया है। इस घटना की खबर से क्षेत्र में आक्रोश का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने इस घटना के विरोध में सड़क जाम कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। इस मामले पर ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने सोशल मीडिया के माध्यम से कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता और भारत रत्न डॉ0 भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त करना अत्यंत निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। यह कृत्य बाबा साहब के विचारों और करोड़ों लोगों की भावनाओं को आहत करने का प्रयास है।ग्रामीण विकास मंत्री ने जिला प्रशासन और पुलिस को निर्देश देते हुए कहा कि मामले की अविलंब निष्पक्ष जांच कर दोषियों की पहचान की जाए और उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इधर घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाएं की जानकारी ली।

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है तथा दोषियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

## कांग्रेसी हराधन भूई का आकस्मिक निधन, जिला उपाध्यक्ष ने जताया शोक


**नाला( जामताड़ा) ।** नाला विधानसभा क्षेत्र के कुंडहित प्रखंड अंतर्गत खाजूरी गांव निवासी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हराधन भूई का गुरुवार, 12 मार्च 2026 को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं में गहरा दुख व्याप्त है।सूचना मिलने पर कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष पंकज झा, प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद घोष, अभय सिंह, लक्ष्मीकांत बनर्जी सहित कई कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता खाजूरी गांव पहुंचे और शोक संतप्त परिवार से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। साथ ही दिवंगत नेता के प्रति अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष पंकज झा ने कहा कि स्वर्गीय हराधन भूई के निधन से कांग्रेस पार्टी का एक युग समाप्त हो गया है। उनके जाने से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। वे एक ईमानदार और समर्पित कांग्रेसी कार्यकर्ता थे, जिन्होंने जीवनभर पार्टी और समाज की सेवा की।मौके पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की।

## लीलातरी में चैती दुर्गा पूजा की तैयारी जोरों पर

**बोआरीजोर ।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में चैती दुर्गा पूजा को लेकर तैयारी जोर-शोर चल रही है। पुजा को भक्तिमय एवं भव्य रुप देने के लिए काफी पहले से ही तैयारी चल रही है जो अब अंतिम चरण में है। विभिन्न समितियां द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर जुटे हुए हैं। प्रखंड मुख्यालय के लीलातरी प्रांगण स्थित चैती दुर्गा पूजा भव्य रूप देने के लिए समिति द्वारा बैठक की गई। 19 मार्च को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा दुर्गा प्रांगण से लेकर गोबरा छठ घाट एवं वीरामचक मोड तक जाएगी जहां मंदिर के पुजारी राम मिश्रा के द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ कलश भरकर लीलातरी दुर्गा प्रांगण तक पहुंचेगी। वहीं 20 मार्च से 28 मार्च तक कथा वाचक राहुल देव शास्त्री के द्वारा राम कथा का जन्म किया जा रहा है जो प्रतिदिन संध्या 7 बजे से प्रारंभ होगी। वही 29 मार्च को संथाली नगाड़े सुबह 6 बजे से शाम 5 बजे तक 30 मार्च को सुबह 8 बजे प्रतिमा विसर्जन किया जाएगा मेरे का मुख्य आकर्षण ब्रेक डांस, टावर झूला, नव झूला, मीना बाजार, जैसे बच्चों एवं बड़े को मनमोहित करने वाले खेल तमाशा लगाएं जाएंगे।

# दुमका में घरेलू गैस सप्लाई तो पटरी पर लेकिन कुसुम एजेंसी के ठप लिंक ने बढ़ाई बेचैनी






**एस.के. झा. सुमन**

**दुमका ।** एक तरफ पश्चिम एशिया के आसमान से बरसते मिसाइल और बारूद ने वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा की नींव हिला दी है, तो दूसरी तरफ इसकी तपिश झारखंड के दुमका की रसोइयों तक पहुँचने लगी है। अमेरिका-इज़राइल और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य टकराव ने न केवल दुनिया की सप्लाई चेन को छिन्न-भिन्न किया है, बल्कि करोड़ों भारतीय परिवारों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं।

आलम यह है कि गैस सिलेंडर की बुकिंग के लिए उपभोक्ताओं को हफ्तों का इंतजार करना पड़ रहा है। विडंबना देखिए एक ओर सरकार घरेलू एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति के बड़े-बड़े दावे कर रही है, तो दूसरी ओर अंचित गैस एजेंसी, एचपी गैस एजेंसी खुला हुआ तो था पर कुसुम गैस एजेंसी जैसे केंद्रों के बाहर गैस गोदाम में नहीं रहने और लटका लिंक फेल का बोर्ड इन दावों की हवा निकाल रहा है। आखिर वैश्विक तनाव के इस दौर में दुमका के आम आदमी की रसोई क्यों लिंक फेल के भरोसे है? क्या यह वास्तव में तकनीकी खराबी है या आने वाले किसी बड़े संकट की आहट? आइए, इस जमीनी हकीकत की गहराई से पड़ताल करते हैं।

----------

**रसोई गैस की किल्लत या सॉफ्टवेयर का पेच? उपभोक्ताओं में हाहाकार**

शहर में इन दिनों रसोई गैस को लेकर स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। गैस एजेंसियों के बाहर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें और उनके चेहरों पर साफ झलकती चिंता व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा कर रही है।

----------

**अपग्रेडेशन बना रुकावट : गैस एजेंसी**

दूसरी ओर, गैस वितरण केंद्रों का तर्क है कि समस्या आपूर्ति की नहीं, बल्कि सॉफ्टवेयर अपग्रेडेशन की है। नई व्यवस्था के तहत अब ओटीपी अनिवार्य होगा और पैनिक बुकिंग रोकने के लिए दो सिलेंडरों के बीच 25 दिनों का अंतराल तय किया गया है।

---------

**समाधान की आस**

एजेंसी दावा है कि स्थिति जल्द सामान्य होगी। आपात जरूरत के लिए आधार कार्ड पर 2 और 5 लीटर के छोटे सिलेंडर उपलब्ध हैं। अब देखना यह है कि यह %तकनीकी सुधार% कब तक उपभोक्ताओं की रसोई तक सुचारू रूप से गैस पहुँचा पाता है।

## उपभोक्ताओं का दर्द : कालाबाजारी या लापरवाही?



कुसुम गैस एजेंसी कि उपभोक्ता अमिनेष कुमार श्रीवास्तव जैसे कई उपभोक्ताओं का सीधा आरोप है कि आपदा को अवसर बनाया जा रहा है। गैस उपलब्ध होने के बाद भी एजेंसियां बोर्ड लगाकर गायब हैं।

----------



अंचित गैस एजेंसी के उपभोक्ता मोहम्मद अब्बास का कहना है कि समाचारों में आपूर्ति सामान्य बताई जा रही है, लेकिन जमीनी हकीकत में बुकिंग तक नहीं हो पा रही है।



मुन्नी दास जैसी गृहिणियां बुकिंग नंबर न लगने और अचानक आई इस किल्लत से बेहद परेशान हैं, उन्हें डर है कि कहीं पर्दे के पीछे कालाबाजारी तो नहीं हो रही।

----------



अंचित गैस एजेंसी की उपभोक्ता आशा देवी ने एजेंसी पर आरोप लगाया कि यह मनमानी कर रहा है और किल्लत बढ़कर अवैध वसूली करने की तैयारी में है। नंबर ही नहीं लग रहा है एजेंसी के पास आए हैं तो वह कुछ और ही बता रहा है।

## देवघर में घरेलू गैस के लिए सुबह से ही लगी रही लंबी-लंबी कतारे



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** देवघर में घरेलू गैस सिलेंडर प्राप्त करने के लिए उपभोक्ताओं को इन दिनों काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। शहर में इंडियन गैस की दो एजेंसियां – इण्डेन मेसर्स तारा इंटरप्राईजेज और शिवम इण्डेन गैस एजेंसी – तथा भारत गैस की एकमात्र एजेंसी होने के कारण बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को सीमित व्यवस्था में गैस लेना पड़ रहा है। इसके चलते रोज सुबह से ही गैस एजेंसियों के बाहर लोगों की लंबी कतार लग जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गैस सिलेंडर लेने के लिए उन्हें कई-कई घंटे लाइन में खड़ा रहना पड़ता है। सुबह से ही महिलाएं, बुजुर्ग और आम उपभोक्ता गैस एजेंसी के बाहर पहुंच जाते हैं, लेकिन भीड़ अधिक होने के कारण सभी को समय पर गैस नहीं मिल पाती। कई बार तो उपभोक्ताओं को बिना गैस लिए ही वापस लौटना पड़ता है, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ जाती है। उपभोक्ताओं का कहना है कि शहर की बढ़ती आबादी के मुकाबले गैस एजेंसियों की संख्या काफी कम है। देवघर जैसे बड़े शहर में केवल तीन एजेंसियों के भरोसे हजारों उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध कराना मुश्किल हो रहा है। खासकर त्योहारों और शादी-विवाह के मौसम में गैस की मांग और बढ़ जाती है, जिससे स्थिति और गंभीर हो जाती है।

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और संबंधित गैस कंपनियों से मांग की है कि देवघर में नई गैस एजेंसियों की स्थापना की जाए तथा गैस वितरण व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाए, ताकि लोगों को गैस लेने के लिए घंटों लाइन में खड़ा न रहना पड़े। साथ ही उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने के लिए ठोस कदम उठाने की भी जरूरत बताई जा रही है। अगर समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में उपभोक्ताओं की परेशानी और बढ़ सकती है। फिलहाल देवघर में घरेलू गैस के लिए लोगों की जद्दोजहद जारी है।

## सरैयाहाट प्लस टू हाई स्कूल को मिला मुख्यमंत्री स्वच्छ विद्यालय में राज्य में पहला स्थान



**सरैयाहाट।** मुख्यमंत्री स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार 2025-26 में दुमका जिले के सरैयाहाट स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय ने बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए झारखंड राज्य के ग्रामीण क्षेत्र की श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। स्वच्छता के विभिन्न मानकों पर विद्यालय को 100 प्रतिशत अंक मिले हैं, जो यहां स्वच्छ, सुरक्षित और स्वास्थ्यप्रद वातावरण बनाए रखने के लिए किए जा रहे लगातार प्रयासों का परिणाम माना जा रहा है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में 11 मार्च 2026 को रांची स्थित होटल बीएनआर चाणक्य में आयोजित एक भव्य समारोह में विद्यालय को मुख्यमंत्री स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस सम्मान ने न केवल विद्यालय बल्कि पूरे सरैयाहाट क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं पेयजल मंत्री योगेंद्र प्रसाद, शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह, प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के निदेशक, यूनिसेफ झारखंड की प्रमुख कनिका मित्रा तथा यूनिसेफ इंडिया के चीफ पॉल सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

## ग्रामीण महिलाओं को स्थायी रोजगार के अवसरों से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है : डीडीसी

**दुमका।** ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिति सुधारने और महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने सक्रियता बढ़ा दी है। गुरुवार को गोपीकांदर प्रखंड स्थित आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति के कार्यालय में उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा सह संवाद बैठक संपन्न हुई। इस बैठक का मुख्य केंद्र झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के तहत चल रही योजनाओं को जमीन पर उतारना रहा। बैठक के दौरान डीडीसी ने स्पष्ट किया कि सरकार का लक्ष्य ग्रामीण परिवारों को न केवल संगठित करना है, बल्कि उन्हें स्थायी रोजगार के अवसरों से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना भी है। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जिले की प्रत्येक पंचायत और गांव के पात्र परिवारों को इन योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की नींव मजबूत हो सके।

## कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने फूंका पीएम का पुतला



**दुमका ।** कांग्रेस भवन में गुरुवार को युवा जिला अध्यक्ष विलियम टुडू की अगुवाई में एक महत्वपूर्ण कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला प्रभारी तनवीर आलम और प्रदेश उपाध्यक्ष रौशन आरा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक के बाद आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने टीन बाजार चौक तक जुलूस निकाला और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार पर अंतरराष्ट्रीय विदेश नीति में विफलता और युद्ध के बहाने पेट्रोलियम पदार्थों व रसोई गैस के दामों में बेतहाशा वृद्धि करने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। साथ ही 'ऐप्सटिन फाइल' मामले को लेकर भी सरकार को घेरा। बैठक के दौरान आगामी 16 मार्च को दिल्ली में होने वाले संसद घेराव कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। जिला प्रभारी तनवीर आलम ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए अधिक से अधिक संख्या में दिल्ली पहुंचने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जामताड़ा जिला अध्यक्ष शाहनवाज, राशिद रोमी ईमाम, कुंदन यादव समेत भारी संख्या में युवा कांग्रेस के पदाधिकारी और विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के अध्यक्ष मौजूद रहे।

## एनएच-133 बाईपास निर्माण की मांग को लेकर धरना

**सरैयाहाट।** सरैयाहाट चौक के समीप हंसडीहा-चोपामोड़ एनएच-133 के रूट में बदलाव की मांग अब तेज होने लगी है। चरकापाथर और ककनियां मौजा को बचाते हुए अलग से बाईपास निर्माण की मांग को लेकर आगामी 13 मार्च, शुक्रवार को एक दिवसीय विशाल धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। स्थानीय विधायक प्रदीप यादव के पुत्र आरके आदित्य इस आंदोलन का नेतृत्व करेंगे। इस प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य एनएच-133 के वर्तमान नक्शे में बदलाव लाकर स्थानीय दुकानदारों और ग्रामीणों के आशियाने व रोजगार को उजड़ने से बचाना है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में सरैयाहाट चौक, चरकापाथर और ककनियां मौजा के सैकड़ों दुकानदार और ग्रामीण एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद करेंगे। आंदोलनकारियों का स्पष्ट कहना है कि विकास के नाम पर जनहित की अनदेखी नहीं होनी चाहिए और बाईपास का निर्माण आबादी वाले क्षेत्र से अलग हटकर किया जाना चाहिए।

## आईपीएल सीजन-01 का विजेता बना किंग इलेवन



**मसलिया ।** मसलिया प्रखंड व जामा प्रखंड के सीमावर्ती क्षेत्र दिकू बेदिया-दौन्दिया के बीच स्थित टाइटेनिक मैदान में फ्रेड्स प्रीमियम लीग की ओर से क्रिकेट टूर्नामेंट आईपीएल सीजन-01 का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में कुल आठ टीमों ने हिस्सा लिया। गुरुवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में किंग इलेवन और यादव इलेवन आमने-सामने थे। किंग इलेवन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए यादव इलेवन ने निर्धारित 15 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 159 रन बनाए और किंग इलेवन के सामने 160 रनों का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी किंग इलेवन की टीम ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए महज 13 ओवर में 4 विकेट खोकर 165 रन बना लिए और टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। विजेता टीम किंग इलेवन को मसलिया प्रखंड प्रमुख बासुदेव टुडू ने 35 हजार रुपये नगद व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया, जबकि उपविजेता यादव इलेवन को नयाडीह पंचायत की मुखिया नमिता चौड़े ने 25 हजार रुपये नगद व ट्रॉफी प्रदान की। इस अवसर पर झामुमो प्रखंड सचिव असित बरन गोलदार, भूतपूर्व जिला परिषद सदस्य सह वरिष्ठ झामुमो कार्यकर्ता मनोज यादव सहित दर्जनों खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## कई पंचायतों में अनियमितताओं पर लगा जुर्माना

**सरैयाहाट।** सरैयाहाट प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत संचालित योजनाओं की सामाजिक अंकेक्षण प्रक्रिया पूरी होने के बाद जन सुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान बरमनिया, धनवे, बनियारा, हंसडीहा, चंदूबाथन, बढ़ेत, धौनी, दिग्घी, कर्णपुरा, गादीझोपा तथा ककनी पंचायत में संचालित योजनाओं की जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और ग्रामीणों के समक्ष पारदर्शिता के साथ चर्चा की गई। हालांकि कुछ छोटी-मोटी कमियों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए संबंधित अधिकारियों और कर्मियों को सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा कुछ मामलों में प्रतीकात्मक जुर्माना भी लगाया गया। वहीं कर्णपुरा, गादीझोपा, ककनी और बरमनिया पंचायत में सामाजिक अंकेक्षण के दौरान कुछ अनियमितताएं सामने आई। जांच में पाया गया कि कुछ योजनाओं में मापी पुस्तिका (एमबी) में दर्ज कार्य से अधिक राशि की निकासी की गई है। इसके अलावा कई कार्य स्थलों पर सूचना पट्ट (सूचना बोर्ड) नहीं लगाए गए थे, जो मनरेगा नियमों का उल्लंघन है। इन कमियों को गंभीरता से लेते हुए ज्यूरी सदस्यों ने संबंधित जिम्मेदार लोगों पर जुर्माना लगाया और भविष्य में नियमों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया।

## जरमुंडी में चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान



**जरमुंडी ।** जरमुंडी थाना नंदी चौक के समीप गुरूवार को सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस उपाधीक्षक सह थाना प्रभारी श्यामानंद मंडल के निर्देश पर इस अभियान की अगुवाई सब इंस्पेक्टर सुशील सिंह ने किया। जांच प्रक्रिया के दौरान दोपहिया वाहनों की बारीकी से जांच की गयी । इस दरम्यान बाइक की डिक्की की जांच के साथ ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट व अन्य आवश्यक कागजातों की पड़ताल की गयी। वहीं बिना हेलमेट एवं लाइसेंस के दर्जनों बाइक सवार का चालान काटा गया । साथ ही बाइकर्स को हेलमेट और शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाने की हिदायत भी दी गई।

## दुमका जिला अधिवक्ता संघ चुनाव में लापरवाही : मुर्दों को मिला वोटिंग का हक, नए वकील ताकते रहे मुंह



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका ।** झारखंड स्टेट बार कार्उंसिल के चुनाव के दौरान दुमका जिला अधिवक्ता संघ की एक बड़ी लापरवाही सामने आई है। मतदान की प्रक्रिया के बीच मतदाता सूची में भारी गड़बड़ियों ने अधिवक्ताओं के बीच आक्रोश पैदा कर दिया है। स्थिति यह है कि जिन वकीलों का निधन हो चुका है, उनके नाम अब भी सूची में शान से दर्ज हैं, जबकि पेशे में आए नए अधिवक्ताओं को मताधिकार से वंचित रहना पड़ा। जानकारी के मुताबिक, अब तक 566 कुल मतदाताओं में से 440 ने वोट डाल दिए हैं। मतदान शांतिपूर्ण तो है, लेकिन कागजी पारदर्शिता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। बताया जा रहा है कि स्टेट बार कार्उंसिल ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि मृत अधिवक्ताओं के नाम हटाकर और नए सदस्यों के नाम जोड़कर सूची अपडेट की जाए। इसके बावजूद दुमका संघ ने न तो स्क्रूटनी की और न ही अपडेटेड लिस्ट रांची भेजी।

इस लापरवाही का नतीजा यह हुआ कि कई युवा और नए अधिवक्ता लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा नहीं बन सके। अधिवक्ताओं का कहना है कि संघ की इस उदासीनता ने चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब सबकी नजरें इस बात पर टिकी हैं कि चुनाव संपन्न होने के बाद बार कार्उंसिल इस बड़ी चूक पर क्या कड़ा रुख अपनाती है।

## शहर में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होना समय की जरूरत : मेयर

**देवघर में मेडडेंस डेंटल एंड हेल्थकेयर क्लिनिक का उद्घाटन**



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** शहर के जसीडीह-देवघर रोड स्थित बेला बागान में मेडडेंस डेंटल एंड हेल्थ केयर क्लिनिक का गुरुवार को विधिवत उद्घाटन किया गया। क्लिनिक का उद्घाटन देवघर नगर निगम के मेयर रवि राउत ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर देवीपुर प्रखंड प्रमुख प्रमिला देवी, राजद नेता नीलम यादव,पूर्व जिला परिषद सदस्य महेंद्र यादव,इंजीनियर प्रेम प्रकाश यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मेयर रवि राउत ने कहा कि शहर में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होना समय की जरूरत है। ऐसे क्लिनिक खुलने से लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा मिलेगी और गरीब व जरूरतमंद मरीजों का भी विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। क्लिनिक की संचालिका डॉ. प्रांजलि राज ने बताया कि यहां दंत रोगों के आधुनिक उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर और भरोसेमंद इलाज देने के साथ सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए सप्ताह में एक दिन गरीब और जरूरतमंद लोगों का मुफ्त इलाज किया जाएगा। वहीं इंजीनियर प्रेम प्रकाश यादव ने कहा कि इस क्लिनिक की स्थापना का उद्देश्य शहर और आसपास के लोगों को आधुनिक और सुलभ स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है।

## आचार्य अनिरुद्ध के मंत्रोच्चार से साक्षात 'देवलोक' बनी यज्ञशाला



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका:** इन दिनों दुमका पूरी तरह आध्यात्मिक रंग में रंगी हुई है। स्थानीय बड़ा बांध क्षेत्र में आयोजित 'श्री श्री 1008 लक्ष्मीनारायण यज्ञ सह श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ' ने श्रद्धालुओं को भक्ति के एक नए शिखर पर पहुँचा दिया है। यज्ञाचार्य आचार्य अनिरुद्ध जी महाराज के कुशल निर्देशन में जब वेदमंत्रों की गूँज शुरू हुई, तो पूरा वातावरण किसी अलौकिक देवलोक जैसा प्रतीत होने लगा।

श्रीमज्जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री रामचंद्रचार्य जी महाराज परमहंस स्वामी श्री आगमानंद जी महाराज के दिव्य संरक्षण में चल रहे इस महायज्ञ में आज का दिन विशेष रहा। सुबह से ही वैदिक ऋचाओं के सस्वर पाठ से यज्ञशाला गुंजायमान रही। विधिवत मंत्रोच्चार के साथ सर्व वेदों के स्वस्ति वाचन संपन्न हुए, जिससे उपस्थित जनसमूह भाव-विभोर हो उठा।

इस अनुष्ठान के दौरान वैदिक परंपराओं का अद्भुत संगम देखने को मिला। वैदिक मंत्रों के माध्यम से समस्त देवी-देवताओं का षोडशोपचार पूजन और दिव्य आवाहन किया गया। जैसे ही हवन कुंड से समिधा और घी की सुगंध वातावरण में घुली, श्रद्धालुओं को साक्षात् स्वर्ग की पवित्रता का अनुभव हुआ। यज्ञशाला में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़ सनातन धर्म और प्राचीन परंपराओं के प्रति अटूट आस्था का प्रमाण दे रही है।

आचार्य अनिरुद्ध जी महाराज ने यज्ञ की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यज्ञ केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह अंतरात्मा की शुद्धि और पर्यावरण में सकारात्मक ऊर्जा के संचार का सशक्त माध्यम है। भक्ति की यह अविरल गंगा आगामी 14 मार्च तक इसी प्रकार बहती रहेगी, जहाँ प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु पहुँचकर पुण्य के भागी बन रहे हैं।

## निष्काम भाव से की गई भक्ति हमेशा कल्याण का कारक होती है : धनुर्धाचार्य



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**जरमुंडी ।** जरमुंडी प्रखंड के बांधडीह गांव में श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन भागवत कथा पंडाल में अमृतमयी कथा सुनने के लिए सनातन धर्मावलंबियों की भारी भीड़ पहुंची। कथा व्यास धनुर्धाचार्य जी महाराज ने भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं और रासलीला का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि यह कथा परमहंस संहिता है, जिसका गान सुखदेव जी ने जीवों के कल्याण के लिए इस कलयुग में किया है। कथावाचक एवं उनके साजिंदों के द्वारा गाए भजन ने सबका मन मोह लिया। भजन में श्रद्धालु महिलाएं करतल ध्वनि देकर झूमती दिखाई दी। कथा व्यास ने परम ब्रह्म मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का जन्म महोत्सव कथा के माध्यम से मनाया। उन्होंने कहा कि निष्काम भाव से की गई भक्ति हमेशा कल्याण का कारक बनती है। धरती पर परम ब्रह्म भगवान श्रीकृष्ण व भगवान राम के अवतरण के बारे में बताते हुए उन्होंने बताया कि मानव रुप में धरा पर आए भगवान ने जीवन के आदर्श प्रस्तुत किए। जिससे प्रेरणा लेकर सांसारिक जीव जीवन के उद्देश्य समझ सके। उन्होंने कहा कि दुष्टों के संहार व भक्तों के कल्याण के लिए भगवान अवतार लेते हैं। कथा के सफल संचालन में भागवत कथा समिति के सदस्य व दर्जनों ग्रामीण भक्त लगे रहे।

## देवघर नगर निगम के नवनिर्वाचित मेयर और पार्षदों का शपथ ग्रहण आज

**देवघर ।** समाहरणालय सभागार में गुरुवार को डीसी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में देवघर नगर निगम के नवनिर्वाचित मेयर और वार्ड पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर प्रशासनिक तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि देवघर नगर निगम के नवनिर्वाचित मेयर और वार्ड पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह 13 मार्च 2026 को विकास भवन सभागार में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शुरू होकर दोपहर 12 बजे तक चलेगा। समारोह को व्यवस्थित और गरिमामय ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी विभागों को आवश्यक तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया गया। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि 14 मार्च को मधुपुर नगर परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और वार्ड पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह किसान भवन में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर भी प्रशासनिक स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गई है। डीसी ने शपथ ग्रहण समारोह के दौरान सुरक्षा और विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए समाहरणालय परिसर में दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया।


## देवघर में शहरी गरीबों के सर्वे कार्य की नगर आयुक्त ने की समीक्षा

**देवघर।** नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले शहरी गरीब परिवारों के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए सिटी लाइवलीहुड एक्शन प्लान के तहत सर्वे कार्य शुरू किया गया है। इसी को लेकर गुरुवार को नगर निगम कार्यालय में सहायक नगर आयुक्त रंजीत सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वे कार्य के लिए नियुक्त संस्था सीओईयूपीड़ी, एनआईटी कालीकट के प्रतिनिधि मौजूद थे। बैठक के दौरान सहायक नगर आयुक्त ने संस्था के सदस्यों को सर्वे के स्वरूप और कार्य को तय समय सीमा के भीतर पूरा करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि सर्वे टीम घर-घर और विभिन्न दुकानों में जाकर जानकारी एकत्र करेगी। इसके लिए टीम को लोगों के साथ समन्वय और विनम्र व्यवहार के साथ काम करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही सर्वे कार्य की प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट नगर निगम कार्यालय में जमा करने को कहा गया। सहायक नगर आयुक्त ने शहरवासियों से भी अपील की कि वे सर्वे के लिए आने वाले कर्मियों को सही जानकारी देकर सहयोग करें। इससे शहर के विकास और गरीब कल्याण से जुड़ी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने में मदद मिलेगी। बैठक में नगर मिशन प्रबंधक कौशल किशोर, नगर मिशन प्रबंधक विशाल सिंह, सामुदायिक संगठनकर्ता श्वेता कुमारी, अलका सोनी, सबिता देवी और स्मिता सहित अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

## न्यूरोसर्जरी और फेफड़ों के रोगों पर जागरूकता

**देवघर।** पूर्वी भारत में बढ़ते न्यूरोलॉजिकल और श्वसन संबंधी रोगों को देखते हुए मणिपाल हॉस्पिटल ईएम बाइपास की ओर से देवघर के द वियोरे इन में एक इंटरएक्टिव मेडिकल अवेयरनेस सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बदलते रोग पैटर्न, शुरुआती जांच के महत्व और आधुनिक उपचार पद्धतियों पर विस्तार से जानकारी दी गई। सत्र का नेतृत्व कंसल्टेंट न्यूरोसर्जरी सुनंदन बसु और सीनियर कंसल्टेंट पल्मोनोलॉजी नंदिनी बिस्वास ने किया। दोनों विशेषज्ञों ने बताया कि न्यूरोलॉजिकल और श्वसन संबंधी बीमारियां आज दुनिया भर में तेजी से बढ़ रही हैं और यह स्वास्थ्य के लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही हैं। विशेषज्ञों ने बताया कि हर वर्ष विश्वभर में करीब डेढ़ करोड़ लोग स्ट्रोक से प्रभावित होते हैं, जबकि करोड़ों लोग क्रॉनिक श्वसन रोगों से जूझ रहे हैं। इनमें सीओपीडी और अस्थमा के मामलों में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। भारत में बढ़ता प्रदूषण, बदलती जीवनशैली और बढ़ती उम्र वाली आबादी के कारण ब्रेन ट्यूमर, स्पाइनल विकार, ट्रॉमेटिक ब्रेन इंजरी और फेफड़ों से जुड़ी पुरानी बीमारियों के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। सत्र में ब्रेन ट्यूमर, स्पाइनल विकार, स्ट्रोक से जुड़ी जटिलताओं और ट्रॉमेटिक ब्रेन इंजरी जैसी न्यूरोलॉजिकल समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही सीओपीडी, अस्थमा, फेफड़ों के संक्रमण और अन्य पल्मोनरी जटिलताओं की बढ़ती घटनाओं पर भी जानकारी दी गई।

## सिवान से गायब युवक जरमुंडी में मिला ग्रामीणों ने बच्चा चोर समझ कर पिटा



**जरमुंडी ।** जरमुंडी थाना क्षेत्र में बीते बुधवार की रात एक युवक को बच्चा चोर समझ कर ग्रामीणों ने पकड़ लिया। बता दें कि इनदोनों बच्चा चोरी की अफवाहों का बाजार जगह जगह गर्म है। संदिग्ध हालत में अनजान लोगों के ग्रामीण क्षेत्र में नजर आने के बाद अक्सर लोगों को संदेह होता है। बुधवार की रात अनजान युवक जब नजर आया, तो ग्रामीणों ने उसे बच्चा चोर समझकर रस्सियों से बांध दिया। इस दौरान कुछ ग्रामीण, उक्त युवक के साथ मारपीट पर उतारू हो गए। तत्काल मामले की जानकारी जरमुंडी डीएसपी सह पुलिस निरीक्षक श्यामानंद मंडल को दी गई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम एवं पेट्रोलिंग गाड़ी को भेज कर युवक को ग्रामीणों के चंगुल से मुक्त कराया। युवक की पहचान बिहार के सिवान जिला अंतर्गत धनौती थाना क्षेत्र के आदित्य शर्मा के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि युवक पिछले 15 दिनों से अपने घर से गायब था घर वाले भी उसकी तलाश कर रहे थे।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686